CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 19°C
न्यूनतम : 07°C

मुजफ्फरनगर, शुक्रवार 6 फरवरी 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 21 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन कृष्ण पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 17 शाबान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



असमानता व असहिष्णुता को बढ़ावा दे रही है भाजपा : खड़गे पेज 2



पाकिस्तान नहीं खेलेगा भारत के साथ टी-20 मैच: शहबाज शरीफ खेल टाइम्स



नेपाल : मधेश के हाथ में होगी सत्ता की चाबी सम्पादकीय



भारत किसी से भी तेल खरीदने के लिए आजाद: रूस पेज 12

# प्रधानमंत्री के साथ कुछ भी हो सकता था: लोकसभा स्पीकर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने गुरुवार को कहा कि बुधवार को लोकसभा में पीएम मोदी के साथ अप्रत्याशित घटना हो सकती थी। इसलिए उनकी बुधवार शाम 5 बजे होने वाली स्पीच टालनी पड़ी। आशंका के चलते मैंने ही उनसे न आने का आग्रह किया था।

बुधवार को पीएम की स्पीच के दौरान कांग्रेस लोकसभा में उन पर हमला करने की योजना बना रही थी, इसी आशंका के चलते स्पीकर ने सदन स्थगित करने का फैसला लिया। दरअसल, पीएम मोदी 5 फरवरी को लोकसभा में शाम 5 बजे धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब देने वाले थे, लेकिन विपक्ष की महिला सांसदों के हंगामे के चलते स्पीकर संध्या राय ने कार्यवाही अगले दिन तक स्थगित कर दी। इससे पीएम नरेंद्र मोदी का संबोधन भी टल गया था। वहीं, धन्यवाद प्रस्ताव को हंगामे के बीच गुरुवार को पास कराया गया। 2004 के बाद पहली बार यह प्रस्ताव प्रधानमंत्री के भाषण के बिना पास हुआ है। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि बुधवार को लोकसभा अध्यक्ष के कार्यालय में जो हुआ, वह सदन के इतिहास में कभी नहीं हुआ। जब सदन के नेता पीएम मोदी को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर जवाब देना था, तो विपक्षी सांसद प्रधानमंत्री की सीट के पास पहुंचकर कोई अप्रत्याशित घटना कर सकते थे। बिरला ने विपक्षी सांसदों से कहा कि आप पोस्टर लेकर आएंगे, तो सदन नहीं चलेगा। जिस तरह से महिला सदस्य पीएम की सीट तक पहुंची, उसे देश ने देखा। ये उचित नहीं था। ये सदन की गरिमा के अनुकूल भी नहीं था। इस बीच विपक्ष के सांसद हंगामा कर रहे थे, इसको देखते हुए स्पीकर ओम बिरला ने लोकसभा की कार्रवाई शुक्रवार सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दी। बुधवार को शाम 5 बजे जब सदन की कार्यवाही शुरू हुई, तब विपक्ष की महिला सांसदों ने सत्ताधारी नेताओं की कुर्सियां घेर लीं। इनमें पीएम मोदी की कुर्सी भी थी। महिला सांसदों के हाथ में बड़े बैनर थे, जिन पर लिखा था- जो सही है, वो करो। ये सांसद मंगलवार को हंगामे के बाद 8 विपक्षी सांसदों के निलंबन का विरोध कर रही थीं। हंगामे के चलते स्पीकर ने कार्यवाही स्थगित कर दी। कुछ मंत्रियों ने विपक्षी सांसदों से जाने को कहा, इसके बाद उन्होंने घेराव बंद किया।



## ओम बिरला बोले-इसलिए मैंने लोकसभा में उनकी स्पीच टाली

### दावा: कांग्रेस ने हमले की प्लानिंग की थी

कांग्रेस ने पीएम पर हमला करने की योजना बनाई थी। प्रधानमंत्री सदन में मौजूद थे और जवाब देने के लिए भी आने वाले थे। इस दौरान स्पीकर को कांग्रेस की ओर से प्रधानमंत्री पर हमला किए जाने की योजना की जानकारी मिली थी। साथ ही कांग्रेस ने महिला सांसदों को ढाल के तौर पर आगे किया था। इसी वजह से सदन को स्थगित करने का फैसला लिया गया। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के ऑफिस में बुधवार को विपक्ष और भाजपा सांसदों के बीच भी बहस हुई थी। ऑफिस का जो वीडियो सामने आया है, इसमें विपक्ष की महिला सांसद केंद्रीय संसदीय मंत्री किरेन रिजिजू से कुछ कहती नजर आ रही हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पीएम की कुर्सी का घेराव करने वालों में विपक्षी सांसद वर्षा गायकवाड़ और ज्योतिमणि भी शामिल थीं।

# यूपी में गुमशुदा लोगों की तलाश में नाकामी पर हाईकोर्ट सख्त

■ कहा: एसीएस गृह और डीजीपी हाजिर हों, होगा जवाब-तलब

**लखनऊ।** उप्र में गुमशुदा लोगों की तलाश मामले में अफसरों के सुस्त रवैये पर हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने राज्य सरकार की ओर से पेश किए गए ब्योरे को देखकर प्रदेश के अपर मुख्य सचिव एवं पुलिस महानिदेशक से निजी हलफनामे पर जवाब मांगा है।

कोर्ट ने कहा कि अगली सुनवाई पर यह दोनों अफसर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये अदालत के समक्ष पेश होंगे। उनसे पूछा है कि गुमशुदा लोगों की तलाश के लिए क्या प्रक्रिया अपनाते हैं और दो साल में एक लाख गुम लोगों की तलाश में नाकामी की क्या वजह है। इसके लिए अगर कोई कार्यप्रणाली नहीं है, तो इसके लिए एसओपी बनाई जाए। खंडपीठ ने गुरुवार को यह आदेश राजधानी के चिनहट निवासी विक्रमा प्रसाद की याचिका पर दिया। याची ने जुलाई 2024 में गुम हुए अपने 32 साल के पुत्र की तलाश के निर्देश पुलिस को देने का आग्रह किया था।

## संक्षिप्त समाचार

### धर्मशाला में जन्मी तिब्बती महिला भारतीय नागरिक घोषित

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने जन्म के आधार पर नागरिकता की संवैधानिक गारंटी को बरकरार रखते हुए एक महत्वपूर्ण फैसले में 1966 में धर्मशाला में जन्मी तिब्बती मूल की महिला को भारतीय नागरिक घोषित किया है। न्यायालय ने अधिकारियों को उसे तुरंत भारतीय पासपोर्ट जारी करने का निर्देश भी दिया है। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता की एकल पीठ ने दो फरवरी को यांगचेन द्राकमार्ग्यापोन की एक रिट याचिका को स्वीकार करते हुए कहा कि उनका मामला नागरिकता अधिनियम, 1955 की धारा 3(1)(क) के दायरे में आता है। यह कानून 26 जनवरी 1950 से एक जुलाई 1987 के बीच भारत में जन्मे हर व्यक्ति को जन्म के आधार पर भारतीय नागरिकता प्रदान करता है।

### बिहार चुनाव को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट पहुंची जन सुराज पार्टी

**नई दिल्ली।** पूर्व राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर की पार्टी जन सुराज ने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के नतीजों में 'बड़े पैमाने पर अनियमितताओं' का आरोप लगाते हुए चुनाव को चुनौती दी है और पुन: चुनाव करवाने का आग्रह करते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत दायर की गई याचिका में बिहार सरकार पर आरोप लगाया गया है कि आचार संहिता लागू होने के बाद मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के अंतर्गत महिला मतदाताओं के बैंक खातों में 10,000 रुपये डाले गए और इस योजना में नए लाभार्थियों के नाम भी जोड़े गए थे।

### अल-फलाह विवि चेयरमैन चार दिन की पुलिस हिरासत में

**नई दिल्ली।** एक निचली अदालत ने विवादों में घिरे अल-फलाह विश्वविद्यालय के चेयरमैन जावेद अहमद सिद्दीकी को कथित धोखाधड़ी और वित्तीय कदाचार के मामले में चार दिन के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया है। सिद्दीकी को दिल्ली की एक अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे आगे की पूछताछ के लिए चार दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। यह कार्रवाई यूजीसी द्वारा दर्ज कराई गई औपचारिक शिकायतों के बाद शुरू की गई है।

# पीएम ने विपक्ष पर साधा निशाना

## मोदी ने कहा: कितने ही नारे लगा लो कब्र नहीं खोद पाओगे


**रोज दो किलो गाली खाता हूं, मोहब्बत की दुकान वाले मोदी तेरी कब्र खुदेगी के नारे लगा रहे, जो लोग थक गए, बेचारे चले गए, इनको जवाब देना पड़ेगा**

**देश की ऐसी हालत कैसे बना रखी थी दुनिया का कोई भी देश हमसे समझौता करने नहीं आना चाहता था, कोई आपके साथ नहीं आना चाहता था**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र के दौरान राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को जवाब दिया। विपक्ष की ओर से जोरदार नारेबाजी के बीच उन्होंने अपने संबोधन की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि धन्यवाद प्रस्ताव पर समर्थन के लिए इस सदन में अपनी भावनाओं को व्यक्त करना मैं अपना सौभाग्य मानता हूं। देश आज तेज प्रगति कर रहा है।

मोदी ने कहा कि ये कौन सी मोहब्बत की दुकान है, जो मोदी की कब्र खोदने की बात करते हैं। क्या ये सार्वजनिक जीवन की मर्यादा का अपमान नहीं है, विपक्ष की नारेबाजी पर उन्होंने कहा कि कितने ही नारे लगा लो, कब्र नहीं खोंद पाओगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि जो लोग थक गए, बेचारे चले गए, लेकिन इनको जवाब देना पड़ेगा कि देश की ऐसी हालत कैसे बना रखी थी कि दुनिया का कोई भी देश हमसे समझौता करने नहीं आना चाहता था। आपने कोशिश की होगी, लेकिन कोई आपके साथ नहीं आना चाहता था। दुनिया के देश अब भारत के साथ ऐसे ही समझौते नहीं कर रहे हैं। इसके पीछे एक वजह यह है कि एक विकसित देश विकासशील देश के साथ समझौता करता है तो उसे बड़ा बाजार मिलता है। मेरे लिए यह नई बात नहीं है। जब मैं गुजरात का मुख्यमंत्री था, तब वाइब्रेंट गुजरात सम्मेलन करता था। तब इस वाइब्रेंट गुजरात सम्मेलन में राज्य का एक साझेदार देश जापान हुआ करता था। यह राज्य के लिए एक गर्व की बात थी। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि हमारी काफी शक्ति उनकी की हुई गलतियों को ठीक करने में जा रही है। दुनिया के मन में उनके समय की जो छवि है, उसको धोने में मेरी ताकत लगती है। इस काम के लिए हमने भविष्य के लिए तैयार नीति पर बल दिया है। देश नीति के आधार पर चल रहा है। विश्व का विश्वास बन रहा है। हमने सुधार (रिफॉर्म), प्रदर्शन (परफॉर्म) और बदलाव (ट्रांसफॉर्म) पर जोर दिया और आज देश रिफॉर्म एक्सप्रेस पर सवार हो चुका है। हम सबके लिए प्रेरणादायी है। प्रधानमंत्री ने राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे की उम्र को लेकर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मेरी एक प्रार्थना है। आदरणीय खड़गे जी की उम्र को देखते हुए, अगर वे बैठकर भी नारे लगाना चाहें तो लगा सकते हैं। पीछे कई सारे युवा नेता हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण में देश के मध्यम वर्ग, निम्न-मध्यम वर्ग, गरीब, गांव, किसान, महिलाएं, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, बहुत ही विस्तार से भारत के प्रगति का एक स्वर संसद में गूंजा है। देश के नौजवान भारत के सामर्थ्य को कैसे आगे बढ़ा रहे हैं, इस पर भी विस्तार से चर्चा की गई है। राष्ट्रपति ने भारत के उज्ज्वल भविष्य के प्रति भी भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि देश का हर व्यक्ति यह महसूस कर रहा है कि एक अहम पड़ाव पर हम पहुंच चुके हैं। न हमें रुकना है, न हमें पीछे मुड़कर देखना है। हम आगे ही आगे देखना है और लक्ष्य को प्राप्त करके ही हमें सांस लेनी है। उस दिशा में हम आगे बढ़ रहे हैं। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने आगे कहा कि भारत के भाग्य के लिए अनेक संयोग एक साथ हमें नसीब हुए हैं। ये अपने आप में बहुत ही उत्तम संयोग है। सबसे बड़ी बात है कि विश्व के समृद्ध से समृद्ध देश भी बुजुर्ग होते जा रहे हैं।



### 2004 के बाद पहली बार लोकसभा में पीएम की स्पीच के बिना धन्यवाद प्रस्ताव पास

**नई दिल्ली।** बजट सत्र के 7वें दिन लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव हंगामे के बीच पास हो गया। 2004 के बाद पहली बार यह प्रस्ताव प्रधानमंत्री के भाषण के बिना पास हुआ है। इससे पहले 10 जून 2004 को विपक्ष ने तत्कालीन पीएम मनमोहन सिंह को धन्यवाद प्रस्ताव पर नहीं बोलने दिया था। गुरुवार को लोकसभा शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने नारेबाजी की। इस पर स्पीकर ने पहली बार 65 सेकंड के भीतर, दूसरी बार 5 मिनट में, तीसरी और चौथी बार 2-2 मिनट में कार्यवाही स्थगित कर दी। 3 बजे हंगामे के बाद लोकसभा शुक्रवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। वहीं कांग्रेस के लोकसभा से निलंबित सांसद मणिकम टैगोर ने कहा था कि जब तक लोकसभा में राहुल गांधी को अपनी बात रखने की इजाजत नहीं दी जाती, तब तक विपक्ष पीएम नरेंद्र मोदी को सदन में बोलने नहीं देगा।

# उप्र में चाइनीज मांझे से मौत को माना जाएगा हत्या

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ मुख्यमंत्री योगी का रुख सख्त
■ राज्य में चाइनीज मांझे के इस्तेमाल और बिक्री पर पूरी तरह से रोक लगाई



**लखनऊ।** सीएम योगी ने कहा कि अब से चाइनीज मांझे से मौत होने को हत्या माना जाएगा। इसका इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें जेल भेजा जाएगा। सीएम योगी ने चाइनीज मांझे की बिक्री पर पूरी तरह से रोक लगाने के लिए यूपी पुलिस को सघनता से अभियान चलाने का निर्देश दे दिया है।

लखनऊ में चाइनीज मांझे की चपेट में आने से एक युवक की मौत के बाद सीएम योगी ने बेहद सख्त फैसले लिए हैं। सीएम योगी ने अधिकारियों को इस पर तुरंत रोक लगाने का निर्देश दिया। सीएम योगी ने सख्त लहजे में कहा है कि चाइनीज मांझे की बिक्री किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने चाइनीज मांझे की सप्लाई करने वाले अवैध नेटवर्क की पहचान करने और उन्हें खत्म करने का आदेश अधिकारियों को दिया है। लखनऊ हादसे और सीएम योगी के निर्देश के बाद यूपी पुलिस भी एक्टिव हो गई है। लखनऊ समेत प्रदेश के कई जिलों में चाइनीज मांझा बेचने वालों की पहचान करने के लिए छापेमारी की गई है। लखनऊ में चार फरवरी को मोहम्मद शोएब नाम के एक युवक की चाइनीज मांझे से गर्दन कटने के चलते मौत हो गई।, वह बाइक से जा रहे थे। इस दौरान उनके गले में चाइनीज मांझा फंस गया और उनकी गर्दन कट गई। वह बाइक समेत नीचे गिर पड़े। खून से लथपथ वह तकरीबन 10 मिनट तक तड़पते रहे। मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें तत्काल ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया। इस बीच इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई।

# चेक बाउंस मामले में राजपाल यादव ने किया आत्मसमर्पण

■ दिल्ली हाईकोर्ट ने राहत देने से कर दिया था इन्कार

**नई दिल्ली।** एक्टर राजपाल यादव ने गुरुवार को तिहाड़ जेल अधिकारियों के सामने सरेंडर कर दिया है।

दिल्ली हाईकोर्ट ने चेक बाउंस केस में उनकी सजा के सिलसिले में समय सीमा बढ़ाने से इन्कार कर दिया था। साथ ही उन्हें तिहाड़ जेल में सरेंडर का आदेश दिया था। जेल के एक सूत्र ने बताया कि राजपाल यादव ने गुरुवार को शाम 4 बजे जेल अधिकारियों के सामने सरेंडर कर दिया। अब जेल अधिकारी स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर का पालन करेंगे। बता दें कि दिल्ली हाईकोर्ट ने बीते दिन बुधवार को राजपाल यादव को जेल अधिकारियों के सामने सरेंडर करने के लिए दी गई समय सीमा बढ़ाने से इन्कार कर दिया था।

### मेघालय में अवैध कोयला खदान में धमाका, 16 की मौत

**शिलांग।** मेघालय के ईस्ट जैंतिया हिल्स जिले में गुरुवार को अवैध कोयला खदान में धमाका हो गया। हादसे में कम से कम 16 मजदूरों की मौत हो गई। कई मजदूरों के अब भी खदान में फंसे होने की आशंका है। यह जानकारी राज्य की पुलिस महानिदेशक आई. नोंग्रांग ने दी। बचाव दल राहत और खोज अभियान में लगे हुए हैं। यह हादसा सुबह थांग्स्कु इलाके में हुआ। नोंग्रांग ने कहा कि अब तक 16 शव बरामद किए जा चुके हैं।

# तेल खरीद पर भारत के रवैये में बदलाव नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ स्रोतों में विविधता से ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना पहली प्राथमिकता: विदेश मंत्रालय
■ रूस और वेनेजुएला से तेल की खरीद के संबंध में स्थिति स्पष्ट की



**नई दिल्ली।** भारत ने रूस और वेनेजुएला से तेल खरीद को लेकर चल रही तमाम अटकलबाजियों के बीच गुरुवार को स्पष्ट किया कि देशवासियों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और बाजार परिस्थितियों तथा बदलते अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रमों को ध्यान में रखकर ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाना उसकी रणनीति का हिस्सा है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां साप्ताहिक ब्रीफिंग में रूस और वेनेजुएला से तेल की खरीद के संबंध में स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि भारत के पहले के रुख में कोई बदलाव नहीं आया है और वह अपने लोगों के हित में पहले की तरह की कदम उठाता रहेगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने कई अवसरों पर सार्वजनिक रूप से कहा है कि 1.4 अरब भारतीयों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए बाजार परिस्थितियों और बदलते अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाना हमारी रणनीति का मूल आधार है। भारत के सभी कदम इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर उठाए गए हैं और आगे भी लिए जाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि जहां तक वेनेजुएला का सवाल है वह ऊर्जा क्षेत्र में लंबे समय से भारत का साझेदार रहा है व्यापार के स्तर पर भी और निवेश के स्तर पर भी। उन्होंने कहा कि हम 2019-20 तक वेनेजुएला से ऊर्जा और कच्चा तेल आयात कर रहे थे, जिसके बाद हमें इसे रोकना पड़ा। इसके बाद 2023-24 में हमने फिर से वेनेजुएला से तेल खरीदना शुरू किया, लेकिन प्रतिबंध दोबारा लगाए जाने के बाद हमें इसे फिर से रोकना पड़ा। प्रवक्ता ने कहा कि भारत की सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों की वेनेजुएला की राष्ट्रीय तेल कंपनी के साथ साझेदारी रही है और भारत की वहां 2008 से मौजूदगी बनी हुई है।

### ईरान में हिरासत में लिए गए 16 में से 8 भारतीय नाविक रिहा : विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली।** ईरान में हिरासत में लिए गए 16 भारतीय नाविकों में से आठ को रिहा कर दिया गया है और उनके स्वदेश लौटने की प्रक्रिया चल रही है, जबकि शेष नाविकों के संबंध में भारतीय दूतावास के अधिकारी ईरानी अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क बनाए हुए हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि हमें ईरान में 16 नाविकों तक कांसुलर पहुंच मिली है। बंदर अब्बास में हमारे अधिकारियों ने उनसे मुलाकात की है। ईरानी अधिकारियों के अनुसार इन 16 में से आठ को रिहा कर दिया गया है और वे भारत लौट रहे हैं। शेष आठ नाविकों के मामले में हम ईरानी अधिकारियों के संपर्क में हैं और उन्हें समुचित सहायता देने के तरीकों पर काम कर रहे हैं।

# UPSC सेवा में रहते हुए बार बार परीक्षा देने का रास्ता बंद

■ रैंक सुधारने का मौका सिर्फ एक बार, नए नियम 2026 से लागू

**नई दिल्ली।** संघ लोकसेवा आयोग (यूपीएससी) ने सिविल सेवा परीक्षा 2026 का नोटिफिकेशन जारी किया है। आयोग ने इस बार 933 पदों के लिए भर्ती विज्ञापन जारी किया है।

आवेदन की आखिरी तारीख 24 फरवरी है। परीक्षा केंद्र में फेस आथेंटिकेशन के बाद ही एंट्री दी जाएगी। इस बार प्रयास और पात्रता से जुड़े नियमों में भी बड़ा बदलाव किया गया है। इसके मुताबिक अब सिलेक्शन के बाद दोबारा परीक्षा देने की आजादी पहले जैसी नहीं रहेगी। नए प्रावधानों में सेवा में रहते हुए बार-बार परीक्षा देने का रास्ता बंद कर दिया गया है। वहीं, आईएएस और आईएफएस को लेकर पुराने नियम जस के तस रखे गए हैं। चयनित अफसर को एक बार परफॉर्मेंस बेहतर करने का मौका मिलेगा। जैसे किसी का 2026 में आईपीएस में सिलेक्शन हुआ, तो वह 2027 में परफॉर्मेंस बेहतर करने की परीक्षा देने का पात्र होगा। उसके बाद अगर वह परीक्षा देना चाहता है, तो उसे सेवा से इस्तीफा देना होगा। पहले से आईपीएस में चयनित या नियुक्त उम्मीदवार सीएसई 2026 से दोबारा आईपीएस नहीं पा सकेंगे। वहीं प्रीलिम्स के बाद, लेकिन मेन्स से पहले अगर आईएएस या आईएफएस बनते हैं, तो मेन्स लिखने की अनुमति नहीं मिलेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### पदाधिकारियों का निलंबन लोकतंत्र पर हमला: एनएसयूआई

**नई दिल्ली।** नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) ने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्रसंघ के पदाधिकारियों के निलंबन को छात्र लोकतंत्र पर सीधा हमला करार दिया है। एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी ने कहा कि यह कार्रवाई जेएनयू के करीब 8,000 छात्रों के जनादेश का अपमान है, जिन्होंने अपने प्रतिनिधियों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत चुना है। चौधरी ने आरोप लगाया कि जब 'सरकारी' छात्र संगठन चुनाव जीतने में असफल रहता है, तब सरकार और प्रशासन विरोधी छात्र संगठनों की आवाज दबाने के लिए निलंबन, जुर्माने और डराने-धमकाने जैसे हथकंडे अपनाते हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय पुस्तकालय में कथित अनधिकृत बायोमेट्रिक निगरानी के खिलाफ शांतिपूर्ण विरोध करने पर पदाधिकारियों को दंडित करना एक खतरनाक तानाशाही मानसिकता को दर्शाता है।

### इंडिगो के खिलाफ करेंगे सीसीआई के महानिदेशक जांच

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने दिसम्बर 2025 में बड़ी संख्या में उड़ानों में व्यवधान के लिए इंडिगो को प्रथमदृष्टया नियमों के उल्लंघन का दोषी मानते हुए आयोग के महानिदेशक को उसके खिलाफ जांच शुरू करने का निर्देश दिया है। इंडिगो ने गुरुवार को शेयर बाजार को बताया कि सीसीआई ने चार फरवरी के आदेश में उसके खिलाफ जांच शुरू करने का निर्देश दिया है। सीसीआई के आदेश में कहा गया है कि जिन यात्रियों ने इंडिगो की उड़ानों के टिकट बुक कराए थे, उनके पास अंतिम समय में उड़ान रद्द होने की सच्चाई स्वीकार करने के अलावा कोई विकल्प नहीं था।

# अखिलेश ने ईसी और भाजपा पर साधा निशाना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक बार फिर चुनाव आयोग और भाजपा पर निशाना साधा है।

अखिलेश यादव ने चुनावी प्रक्रिया को लेकर कड़ा बयान देते हुए कहा कि आज हालात ऐसे बना दिए गए हैं, मानो भारत निर्वाचन आयोग और भाजपा के बीच कोई फर्क ही न रह गया हो। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अब तो ऐसा लगता है जैसे चुनाव आयोग का झंडा भाजपाइयों को पीठासीन अधिकारी बनाने के साथ उनके घरों पर लगा दिया जाए और बूथ भी वहीं बना दिए जाएं। गुरुवार को सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने पूछा क्या चुनाव आयोग ने भाजपा को

**भाजपाइयों के घरों पर अपना झंडा लगाने के साथ उनके घरों को बूथ बना दे चुनाव आयोग**

ठेके पर अपना काम दे दिया है या भाजपा ने चुनाव आयोग को संविदा पर रख लिया है। प्रशासनिक पर्यायवाची कोश में 'चुनाव आयोग' को 'भाजपा' के पर्यायवाची के रूप में जोड़ देना चाहिए। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि मौजूदा शासनकाल में सरेआम वोट काटने-बढ़ाने जैसी गतिविधियां हो रही हैं, लेकिन संवैधानिक संस्थाएं आंख मूंदे बैठी हैं। आज जो लोग वोट छीन रहे हैं, वे कल जनता के बाकी अधिकार भी छीनेंगे।

### आसाराम के अहमदाबाद आश्रम पर चलेगा बुलडोजर

**अहमदाबाद।** गुजरात हाई कोर्ट ने अहमदाबाद के मोटेरा इलाके में आसाराम आश्रम की 45,000 स्क्वायर मीटर से ज़्यादा पब्लिक जमीन पर राज्य सरकार के अधिकार को बरकरार रखा है। कोर्ट के इस ऐतिहासिक फैसले ने लंबे समय से चल रही कानूनी उलझन को खत्म कर दिया है और शहर के भविष्य के खेल और शहरी विकास का रास्ता साफ कर दिया है। वर्तमान में इस जमीन की मार्केट वैल्यू 500 करोड़ रुपए से ज्यादा की है। अब इस पर बुलडोजर चलाया जाएगा। यह विवादित जमीन मोटेरा जैसे बहुत ही अहम इलाके में है, जो नरेंद्र मोदी स्टेडियम और सरदार पटेल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बगल में है। अहमदाबाद कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 और भविष्य में होने वाले ओलंपिक्स की तैयारी कर रहा है।

# असमानता, असहिष्णुता को बढ़ावा दे रही है भाजपा: खड़गे

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आरोप लगाया है कि भारतीय जनता पार्टी शासित राज्यों में असहिष्णुता तेजी से बढ़ रही है और भाजपा आरएसएस असमानता को बढ़ावा दे रहे हैं। खड़गे ने कहा कि कि देश में असमानता लगातार बढ़ रही है और केवल एक फीसदी लोगों के पास देश की 40 प्रतिशत संपत्ति सिमट कर रह गई है। राज्यपाल केंद्र सरकार की एजेंट बनकर काम कर रहे हैं और जिन राज्यों में भाजपा का शासन है वहां असहिष्णुता तेजी से फैल रही है।

खड़गे ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर उत्तराखंड की एक घटना का उदाहरण देते हुए कहा कि उत्तराखंड की भाजपा सरकार ने एक युवक 'मोहम्मद दीपक' पर मुकदमा दर्ज किया। जो सद्भावना की रक्षा के लिए खड़ा हुआ था। अगर रक्षक ही भक्षक बन जाएगा, तो आम आदमी रक्षा के लिए कहां जाएगा। जो शख्स झगड़ा सुलझाने



**एक फीसदी लोगों के पास देश की 40 प्रतिशत सम्पत्ति सिमटी**

के लिए जाता है, भाजपा के लोग उसी को धमकाते और मारते हैं। इसीलिए मैं कहता हूं भाजपा के पास सहिष्णुता नहीं है। उन्होंने कहा कि गैर राजग शासन वाले राज्यों में राजभवन भाजपा आरएसएस के दफ्तर बन गए हैं। राज्यपाल केंद्र सरकार के एजेंट की तरह काम करते हैं। कर्नाटक, तमिलनाडु और केरल, हर जगह राज्यपालों ने कैबिनेट से पारित भाषणों से इंकार किया और विधेयकों को रोकने जैसे कदम उठाए। श्री खड़गे ने कहा कि भाजपा आरएसएस के मन में बराबरी की बात कभी नहीं रही है। उनकी सोच अमीरों को और अमीर बनाना और गरीबों को और गरीब बनाना है। उन्होंने वैश्विक असमानता रिपोर्ट 2026 का हवाला दिया, जिसके अनुसार भारत में टॉप एक प्रतिशत लोगों के पास देश की लगभग 40 प्रतिशत कुल संपति सिमटी चुकी है, टॉप 10 प्रतिशत दो-तिहाई यानी 65 प्रतिशत हाउसहोल्ड एसेट के मालिक हैं, आय के स्तर पर भी टॉप 10 प्रतिशत अकेले 58 प्रतिशत राष्ट्रीय आय ले जा रहा है, जबकि सबसे नीचे के स्तर 50 प्रतिशत को सिर्फ 15 प्रतिशत पर छोड़ दिया गया है। उन्होंने कहा कि आपकी विकास की सोच पसंदीदा, चुनिंदा पूंजीपतियों के लिए है। मेहनतकश लोगों की दिक्कतों से आपका कोई मतलब नहीं। यही आपका विकसित भारत है। नौजवानों की पीड़ा से इस सरकार को कोई मतलब नहीं।

## यूपी में कृषि ऋण स्वीकृति प्रक्रिया पूरी तरह से बदली: योगी

# किसानों को अब पांच मिनट में ई-केसीसी से ऋण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि डिजिटल गवर्नेंस के कारण उत्तर प्रदेश में कृषि ऋण स्वीकृति की प्रक्रिया पूरी तरह बदल गई है। पहले किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के माध्यम से ऋण पाने में 25 दिन से एक महीने तक का समय लगता था, लेकिन अब ई-केसीसी के जरिए किसान मात्र पांच मिनट में ऋण सुविधा प्राप्त कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री गुरुवार को लोकभवन में आयोजित राज्य ऋण संगोष्ठी एवं राज्य फोकस पेपर 2026-27 के विमोचन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026-27 के लिए प्रदेश का कृषि ऋण लक्ष्य 3 लाख करोड़ रुपये तय किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 13 प्रतिशत अधिक है। योगी ने कहा कि आज सरकार और



**2026-27 के लिए कृषि ऋण लक्ष्य तीन लाख करोड़ रुपये तय किया गया, सरकार और किसान कर रहे हैं एआई का प्रयोग**

किसान मिलकर खेती में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के उपयोग पर काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से केंद्रीय बजट में एआई एग्रीकल्चर प्लेटफॉर्म की घोषणा की गई है और उत्तर प्रदेश इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कई फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गनाइजेशन (एफपीओ) को सम्मानित भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिव्यांगजनों द्वारा संचालित कसया मिल्क प्रोड्यूसर एफपीओ (1005 सदस्य) और मथुरा की 750 महिलाओं वाली सरसों उत्पादक कंपनी पूरे प्रदेश के लिए रोल मॉडल हैं। महिलाओं ने प्रोसेसिग और वैल्यू एडिशन के जरिए बेहतर मुनाफा कमाया है। सरकार ऐसे प्रयासों को हर स्तर पर सहयोग देगी।

योगी ने कहा कि 'सहकार से समृद्धि' के विजन के तहत सहकारिता क्षेत्र में डिजिटलीकरण से पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ी है। उन्होंने बताया कि 2017 से पहले बंद होने की कगार पर खड़े 16 जिला सहकारी बैंकों में से 15 आज मुनाफे में हैं। एमएसएमई सेक्टर पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ओडीओपी (एक जिला-एक उत्पाद) योजना ने उत्तर प्रदेश को नई पहचान दी है। आज प्रदेश में 96 लाख एमएसएमई यूनिट्स कार्यरत हैं और लगभग 3 करोड़ परिवार इससे जुड़े हैं। निर्यात 84 हजार करोड़ से बढ़कर 1.86 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। योगी ने कहा कि वर्ष 2000 से 2017 के बीच 17 वर्षों में गन्ना किसानों को 2.14 लाख करोड़ का भुगतान हुआ, जबकि बीते 9 वर्षों में ही 3 लाख करोड़ का भुगतान किया गया है।

### 2017 के बाद गन्ना किसानों को तीन लाख करोड़ का भुगतान: सीएम

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2017 के बाद प्रदेश में गन्ना किसानों की स्थिति में ऐतिहासिक सुधार हुआ है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2000 से 2017 के बीच 17 वर्षों में गन्ना किसानों को कुल 2.14 लाख करोड़ रुपये का भुगतान किया गया, जबकि वर्ष 2017 से 2025 के बीच केवल 8.9 वर्षों में 3 लाख करोड़ रुपये सीधे किसानों के खातों में भेजे गए हैं। मुख्यमंत्री यह बातें राज्य ऋण संगोष्ठी एवं राज्य फोकस पेपर 2026-27 के विमोचन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि आधे समय से भी कम अवधि में पिछली सरकारों की तुलना में 86 हजार करोड़ रुपये अधिक भुगतान गन्ना किसानों को किया गया है। योगी ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश सरकार गन्ना किसानों को 400 रुपये प्रति क्विटल का भुगतान कर रही है। यह सरकार की किसान हितैषी नीतियों और ठोस निर्णयों का परिणाम है, जिससे अन्नदाता किसानों को सीधा लाभ मिला है।

# उत्तर मध्य भारत में कोहरा व बारिश का अनुमान

**नई दिल्ली, वार्ता**

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में तापमान गिरने के बीच गुरुवार को दिल्ली में दृश्यता में सुधार हुआ। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने पालम को 8.2 डिग्री सेल्सियस के साथ दिल्ली में सबसे ठंडा जगह बताया और चेतावनी दी कि आने वाले दिनों में कई पश्चिमी विक्षोभ के कारण उत्तर और मध्य भारत में कोहरा, बारिश और बर्फबारी हो सकती है।

दिल्ली के बेस स्टेशन सफदरजंग में न्यूनतम तापमान 10.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि आया नगर में 9.2 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। सुबह तड़के पालम में न्यूनतम दृश्यता 1,100 मीटर दर्ज की गई। मौसम विज्ञान ने कहा कि दो पश्चिमी विक्षोभों के पश्चिमी हिमालय क्षेत्र को प्रभावित करने का अनुमान है, जिससे पांच-छह फरवरी और फिर नौ-दस फरवरी को छिटपुट बारिश और हिमपात हो सकता है।

**8.2 डिग्री सेल्सियस के साथ दिल्ली को सबसे ठंडा बताया गया**

हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर-पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों और पश्चिम मध्य प्रदेश के अलग- अलग स्थानों पर सुबह और रात के समय घने से बहुत घने कोहरे की स्थिति छह फरवरी तक बने रहने का अनुमान है। उत्तर प्रदेश में सात फरवरी तक घना कोहरा छाए रहने का अनुमान है, जबकि पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, उत्तरपूर्वी राजस्थान, उप-हिमालई पश्चिम बंगाल और सिक्किम, झारखंड और मेघालय में अगले कुछ दिनों तक कोहरे की स्थिति बनी रह सकती है।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 83313.93
निफ्टी 25642.80



सोना 154570
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार देश



चांदी रु. 300000
प्रति किलो




# शेयर बाजारों में गिरावट सेंसेक्स 504 अंक लुढ़का

**मुंबई, वार्ता**

घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को चौतरफा बिकवाली रही और बीएसई का सेंसेक्स 503.76 अंक (0.60 प्रतिशत) टूटकर 83,313.93 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 133.20 अंक यानी 0.52 प्रतिशत फिसलकर 25,642.80 अंक पर आ गया। तीन दिन की तेजी के बाद बाजार में बिकवाली हावी रही है। मझौली और छोटी कंपनियों के सूचकांक भी गिरावट में रहे। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.22 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.28 प्रतिशत नीचे बंद हुआ। धातु, ऑटो, आईटी, निजी बैंकों, रियलटी, एफएमसीजी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और रसायन समूहों के सूचकांक लाल निशान में रहे। सार्वजनिक बैंकों और स्वास्थ्य समूहों के सूचकांक बढ़त में रहे। सेंसेक्स की कंपनियों में इटरनल का शेयर



ढाई प्रतिशत टूट गया। भारती एयरटेल, बीईएल, आईटीसी और इंफोसिस में एक से दो प्रतिशत की गिरावट रही। रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक, एशियन पेंट्स, टाइटन, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, हिदुस्तान यूनीलिवर, एलएंडटी, बजाज फिनसर्व, इंडिगो, मारुति सुजुकी, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर भी लाल निशान में रहे। ट्रेंट का शेयर करीब तीन प्रतिशत और टाटा स्टील का एक प्रतिशत से अधिक चढ़ा। भारतीय स्टेट बैंक का शेयर भी हरे निशान में रहा।

# सोना और चांदी की चमक फीकी पड़ी

**नई दिल्ली।** सोने की चमक लगातार दो दिनों की तेजी के बाद गुरुवार को फीकी पड़ी और चांदी भी आज सस्ती हुई है। आज 24 कैरट वाला सोना प्रति दस ग्राम 5020 और 22 कैरट की शुद्धता वाला सोना 4600 सस्ता हुआ है। अब चांदी की बात करें, तो एक किलो चांदी भी दिल्ली में आज सस्ती हुई है।

आज प्रति किग्रा यह 20,000 गिरी है। दिल्ली में आज 24 कैरट वाला सोना 1,54,570, 22 कैरट वाला सोना 1,41,700 और 18 कैरट वाला सोने की कीमत 1,15,970 रुपये प्रति 10 ग्राम है। मुंबई में 24 कैरेट वाला सोना 1,54,420, कोलकाता में 1,54,420 , चेन्नई में 1,56,220, बेंगलुरु में 1,54,420 , हैदराबाद में 1,54,420 , लखनऊ में 1,54,570, पटना में 1,54,470, जयपुर में 1,54,570 और अहमदाबाद में 1,54,470 रुपये प्रति 10 ग्राम है। दिल्ली में चांदी फिसलकर आज 3,00,000 प्रति किलो के भाव में बिक रही है। बाकी अहम महानगरों की बात करें तो मुंबई और कोलकाता में भी यह इसी भाव पर बिक रही है, लेकिन चेन्नई में इसका भाव प्रति किग्रा 2,99,900 है यानी कि चारों महानगरों में सबसे महंगी चांदी चेन्नई में ही बिक रही है। एलकेपी सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट-रिसर्च एनालिस्ट (कमोडिटी और करेंसी) जतिन त्रिवेदी के मुताबिक रिकॉर्ड हाई से आई गिरावट, मार्जिन में बढ़ोतरी और मुनाफावसूली के चलते बाजार में फिलहाल काफी वोलैटिलिटी बनी हुई है। कमोडिटी एक्सपर्ट एनएस रामास्वामी के मुताबिक सोना और चांदी में आई हालिया गिरावट जरूरत से ज्यादा तेजी के बाद एक नेचुरल शशेकआउटश रही। उनका कहना है कि डक्क्लर में मजबूती ने कुछ बिकवाली को जरूर ट्रिगर किया।

# चावल, गेहूं सस्ता, दालें चीनी महंगी, खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल के औसत भाव घट गए। चावल के साथ गेहूं में भी नरमी रही। वहीं चीनी और दालों में तेजी रही, जबकि खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत दो रुपये घटकर 3,864 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं भी चार रुपये सस्ता हुआ और 2,871 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। वहीं आटा 11 रुपये महंगा हुआ। दाल- दलहनों में तेजी रही। तुअर दाल की औसत कीमत 53 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मूंग दाल में 50 रुपये और मसूर दाल में 38 रुपये की तेजी रही। उड़द दाल 34 रुपये और चना दाल 12 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का



अप्रैल वायदा 17 रिगिट टूटकर 4,208 रिगिट प्रति टन रह गया। अमेरिकी सोया तेल का मार्च वायदा भी 0.23 प्रतिशत की गिरावट में 55.49 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में सोया तेल औसतन 35 रुपये और पाम ऑयल 21 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सरसों तेल की कीमत 20 रुपये और मूंगफली तेल की 10 रुपये गिर गई। वहीं वनस्पति 32 रुपये और सूरजमुखी तेल 21 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 30 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। चीनी भी 13 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# देश में बनेगा उभयचर विमान एल्बेट्रोस 2-0 का पिछला हिस्सा

**नई दिल्ली।** पानी और जमीन दोनों पर उतरने में सक्षम उभयचर विमान बनाने में विशेषज्ञता रखने वाली ऑस्ट्रेलियाई कंपनी एंफीबियन एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज (एएआई) ने भारत में अपने एल्बेट्रोस 2-0 विमानों के एक हिस्से के निर्माण के लिए भारतीय कंपनी एपोजी एयरोस्पेस के साथ करार किया है।

साथ ही एएआई ने इन विमानों के रक्षा और सरकारी ग्राहकों को विमानों की बिक्री के लिए एपोजी एयरोस्पेस को भारतीय उपमहाद्वीप में अपना प्राधिकृत प्रतिनिधि सहयोगी भी घोषित किया है। इसके अलावा एल्बेट्रोस विमानों के लिए रखरखाव, मरम्मत और ओवरहॉलिग (एमआरओ) सुविधा देने के लिए भी प्राधिकृत किया गया है। दोनों कंपनियों द्वारा गुरुवार को आयोजित संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में बताया कि एपोजी एयरोस्पेस एल्बेट्रोस 2-0 विमान के लिए टेल सेक्शन (पिछले हिस्से) का निर्माण करेगी। एएआई की प्रवर्तक कंपनी एंफीबियन एयरक्राफ्ट होल्डिंग्स (एएएच) के संस्थापक और कार्यकारी अध्यक्ष ख्वा होंग ने कहा कि भविष्य में देश में असेम्बली लाइन लगाने की भी उनकी योजना है। उन्होंने कहा कि देश में उभयचर विमानों के लिए काफी बड़ा बाजार है। कंपनी ने एल्बेट्रोस 2-0 के तीन संस्करण लॉन्च किए हैं - सैन्य, सरकारी और वाणिज्यिक। एएएच के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी गोपी रेड्डी ने बताया कि भारतीय नौ सेना ने चार उभयचर विमानों के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए हैं और कंपनी को विश्वास है कि उसे इसका ऑर्डर मिलेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना को तत्काल 25-30 उभयचर विमानों की जरूरत है। रेड्डी ने कहा कि पहले चरण में तीन साल में 25-30 विमानों के भारत में आने की उम्मीद है। भारत इन विमानों का इस्तेमाल करने वाला एशिया का पहला देश होगा। उन्होंने बताया कि एल्बेट्रोस का डेमो विमान अगले चार-छह महीने में भारत में आ जाएगा जबकि ग्राहक के इस्तेमाल के लिए पहला विमान डेढ़ से दो साल में आ सकता है। उन्होंने बताया कि शुरुआती 15 विमान की कीमत 3,500 करोड़ रुपये के आसपास हो सकती है।

### प्लास्टइंडिया 2026 प्रदर्शनी शुरू, कई देश ले रहे हैं हिस्सा

**नई दिल्ली।** दुनिया की प्रमुख प्लास्टिक प्रदर्शनियों में से एक, प्लास्टइंडिया 2026, गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी के भारत मंडपम में आधिकारिक तौर पर शुरू हो गया। इस प्रदर्शनी का मुख्य तौर पर देश की प्लास्टिक का सामान बनाने में हुई प्रगति को दिखाया गया है। चार से 10 फरवरी तक चलने वाले इस वैश्विक कार्यक्रम का यह सालाना संस्करण रसायन और पेट्रोकेमिकल्स विभाग, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के सहयोग से आयोजित किया गया है। इस मेले का मुख्य फोकस विनिर्माण-आधारित विकास और बड़े पैमाने पर रोजगार को बढ़ावा देने के लिए एक आत्मनिर्भर औद्योगिक आधार बनाने पर है। इसमें 2,000 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय स्टॉल लगे हैं और इनमें मशीनरी, कच्चे माल और अन्य चीजों का प्रदर्शन किया जा रहा है। इस प्लास्टइंडिया मेले में शून्य कचरा प्रौद्योगिकी को पहली बार ध्यान में रखा जा रहा है। साथ ही इसमें नई चीजों की खोज एवं स्टार्ट-अप को विशेष ध्यान दिया गया है।

# चुनाव आयोग ने पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों से पहले आयोजित किया केंद्रीय पर्यवेक्षकों का सम्मेलन

**नई दिल्ली, वार्ता**

चुनाव आयोग ने असम, केरल, पुड्डुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले गुरुवार को केंद्रीय पर्यवेक्षकों के लिए दो दिवसीय सम्मेलन शुरू किया, जिसमें 824 निर्वाचन क्षेत्रों में स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया गया।

चुनाव आयोग की ओर से गुरुवार को जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि सम्मेलन के लिए देश के विभिन्न राज्यों से कुल 1,444 अधिकारियों को बुलाया गया है, जिनमें 714 सामान्य पर्यवेक्षक, 233 पुलिस पर्यवेक्षक और 497 व्यय पर्यवेक्षक शामिल हैं। ये सत्र पांच और छह फरवरी को नई दिल्ली में भारत अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र एवं चुनाव प्रबंधन संस्थान (आईआईआईडीईएम) में आयोजित किए जा रहे हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी के साथ मिलकर पर्यवेक्षकों को संबोधित किया और चुनावी प्रक्रिया के दौरान

**824 निर्वाचन क्षेत्रों में पारदर्शी चुनाव की भूमिका पर जोर**

उनसे आयोग की अपेक्षाओं के बारे में बताया। पर्यवेक्षकों को चुनाव आयोग के मार्गदर्शक बताते हुए ज्ञानेश कुमार ने कहा कि क्षेत्र में उनकी उपस्थिति पूरी चुनाव मशीनरी में नई ऊर्जा भर देगी। उन्होंने कहा कि आपको यह सुनिश्चित करने के लिए चुना गया है कि चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से हों। लोकतांत्रिक प्रक्रिया की अखंडता बनाए रखने में आपकी भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। वहीं संधू ने पर्यवेक्षकों के लिए जमीनी स्तर पर सुलभ और सक्रिय रहने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पर्यवेक्षकों को क्षेत्र में चुनाव अधिकारियों के लिए एक दोस्त, दार्शनिक और मार्गदर्शक के रूप में काम करना चाहिए। उनके आने की जानकारी अच्छी तरह से प्रचारित की जानी चाहिए और उन्हें आसानी से उपलब्ध रहना चाहिए, ताकि मतदाताओं की शिकायतों का तुरंत समाधान किया जा सके और पक्षपात की कोई भी आशंका न रहे। आयोग के निर्देशों का सख्ती से पालन करने पर जोर देते हुए श्री जोशी ने कहा कि पर्यवेक्षकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आयोग के निर्देशों को 'अक्षरश: और भावना से' लागू किया जाए। साथ ही निष्पक्षता और लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखा जाए। उन्होंने वोटर सूचना स्लिप (वीआईएस) के समय पर वितरण के महत्व पर भी जोर दिया, ताकि मतदान के दिन मतदाताओं को कोई असुविधा न हो। आयोग ने पर्यवेक्षकों के साथ इंटरैक्टिव संदेह-निवारण सत्र भी आयोजित किए। वरिष्ठ अधिकारियों ने उन्हें चुनावी सूची तैयार करने, पांच चुनावी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश में चुनाव कराने, सूचना प्रौद्योगिकी एप्लिकेशन और प्लेटफॉर्म के उपयोग और चुनाव के दौरान मीडिया से संबंधित मामलों को संभालने के प्रमुख पहलुओं के बारे में जानकारी दी। यह दोहराते हुए कि केंद्रीय पर्यवेक्षक आयोग के 'आंखें और कान' होते हैं, आयोग ने उनसे चुनाव कानूनों, नियमों और दिशानिर्देशों से अच्छी तरह परिचित होने और उनके सख्त और निष्पक्ष अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए सीधी प्रतिक्रिया देने को कहा।

# बिरालसी सड़क हादसे में गायब घायल युवक सकुशल बरामद

## गलत अफवाहों के चलते लोगों ने दिया धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** जनपद में जरा-जरा सी बात का बतंगढ़ बनाना और बिना सोचे समझे सड़क पर धरना प्रदर्शन करना एक चलन हो गया है। ऐसा ही आज गुरूवार को चरथावल के गांव बिरालसी के निकट देखने को मिला। एक युवक दुर्घटना में घायल हुआ जिसको तुरंत ही इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया,लेकिन गलत चर्चाओ के चलते लोगों ने सड़क पर बैठकर धरना देकर युवक के गायब होने और उसकी बरामदगी की मांग शुरू कर दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की छानबीन करते हुए कुछ देर बाद ही घायल को सकुशल बरामद कर लिया। इसके बाद लोगों ने धरना खत्म किया।

चरथावल थाना क्षेत्र के ग्राम बिरालसी स्थित बालाजी गैस एजेंसी के पास कार और बाइक की भिड़ंत में बाइक सवार युवक घायल हो गया। हादसे के बाद कार चालक घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल ले गया, लेकिन गलत अफवाहों के चलते यहां अफरा तफरी मच गई। घायल युवक की पहचान रणवीर सिंह पुत्र सुखवीर, निवासी रोनी हाजीपुर, थाना चरथावल के रूप में हुई है। हादसे के बाद युवक को ले जाने की गलत अफवाह शुरू हो गई और परिजन ने अस्पताल में उसकी तलाश की, लेकिन नहीं मिला और यहां स्थिति तनावपूर्ण हो गई।



इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने भीम आर्मी के विधानसभा अध्यक्ष अक्षय आढ़ती के नेतृत्व में बिरालसी-थानाभवन मार्ग पर जाम लगा दिया, जिससे यातायात पूरी तरह बाधित रहा। सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा। प्रभारी निरीक्षक सत्यनारायण दहिया ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है और घायल की तलाश में पुलिस टीमें लगाई गईं। इसी क्रम में सीओ सदर रवि शंकर मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घायल युवक को सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस ने घायल को तत्काल सीएससी चरथावल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों के अनुसार उसे मामूली चोटें आई हैं और उसकी हालत स्थिर है। घायल के सकुशल मिलने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली और जाम हटा लिया गया, जिसके बाद स्थिति सामान्य हो गई।

## व्यक्ति की रहस्मयी मौत

**मुजफ्फरनगर।** संदिग्ध परिस्थितियों में व्यक्ति की हुई मौत के बाद पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव का पोस्टमार्टम करा दिया है। बुधवार को इस शव को कुछ लोग अज्ञात में जिला अस्पताल में छोडकर फरार हो गए थे ऐसी लोगों में चर्चा है। अस्पताल के स्टाफ की सूचना के बाद हरकत में आई अस्पताल चौकी पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे के आधार पर शव को अस्पताल छोडकर भागे लोगों को ढूंढ निकाला और उनसे इस मामले में पूछताछ की, ऐसी भी अस्पताल में चर्चा हुई। फिलहाल मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सामने आएगा, लेकिन सवाल यह है कि मृतक के शव को अस्पताल में क्यो छोडा गया? पप्पू पुत्र फूल सिंह निवासी देवीदास कॉलौनी खतौली उम्र 45 वर्ष का पुलिस ने पीएम कराया। पप्पू के भाई सुनील का कहना है कि तीस वर्ष पूर्व बीवी बच्चे पप्पू को छोडकर चले गए थे और करीब चार वर्ष से वह भगत सिंह रोड पर एक सर्राफ की दुकान पर काम करता था।

# बीडीओ चरथावल की रिपोर्ट खोलेगी फर्जीवाड़े का सच

**■ पालिका की प्रारंभिक जांच में चार निविदा संदिग्ध**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भाजपा सभासदों की शिकायत में जहां निर्माण कार्यालयों के लिए आमंत्रित निविदाओं में भ्रष्टाचार और अनियमितता के गंभीर आरोप लगाए गए, वहीं पालिका प्रशासन ने प्रारंभिक जांच में किसी बड़ी गड़बड़ी से इनकार करते हुए केवल चार निविदाओं में ही प्रपत्र संदिग्ध पाए जाने का दावा किया है, जिनकी जांच लंबित है।

दरअसल शहरी विकास के लिए प्रस्तावित 218 निर्माण कार्यों की निविदाओं में फर्जी प्रपत्र लगाए जाने के आरोपों ने पालिका प्रशासन में हलचल मचा दी है। सभासदों ने आरोप लगाते हुए निविदा निरस्तीकरण की मांग उठाई है। भाजपा सभासद योगेश मित्तल ने दिए गए शिकायती पत्र में बताया था कि 12 जनवरी को 113 तथा 27 जनवरी को 105 निर्माण कार्यों के लिए इन निविदाओं में ठेकेदारों द्वारा फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र, एफडीआर लगाए जाने का मुद्दा उठाया है उन्होंने सभी निविदाओं को निरस्त कर पुन: निविदा आमंत्रित करने और दोषी ठेकेदारों पर कार्रवाई की मांग की थी।

शिकायत सामने आने के बाद पालिका में हंगामा मच गया और अधिशासी अधिकारी ने निर्माण विभाग से रिपोर्ट तलब की। अधिशासी अधिकारी डॉ. प्रज्ञा सिंह ने बताया कि उन्होंने इस मामले में प्राप्त शिकायतों और मीडिया में आ रही खबरों का संज्ञान लेकर पूर्व में ही सहायक अभियंता नैपाल सिंह को 31 जनवरी को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा था, जिसका जवाब दे दिया गया है।

एई ने 03 फरवरी को नोटिस को लेकर दिए अपने जवाब में स्पष्ट किया है कि केवल चार निविदाओं में ही संदिग्ध अनुभव प्रमाण पत्र पाए गए हैं और शेष निविदाएं नियमानुसार हैं। ईओ ने बताया कि 13 अक्टूबर को सम्पन्न हुई बोर्ड बैठक में स्वीकृत निर्माण कार्यों को पूर्ण कराने के लिए निर्माण विभाग के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की गई थीं। निविदाएं खुलने के बाद प्रपत्रों की जांच के दौरान निर्माण विभाग के सहायक अभियंता नेपाल सिंह द्वारा चार निविदाओं में अनुभव प्रमाण पत्र संदिग्ध पाए गए।

ये प्रमाण पत्र खंड विकास अधिकारी, चरथावल के कार्यालय से संबंधित बताए जा रहे हैं। ईओ के अनुसार सहायक अभियंता द्वारा इन अनुभव प्रमाण पत्रों के सत्यापन के लिए बीडीओ चरथावल को पत्र भेजा गया है, लेकिन अभी तक वहां से कोई रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है।

इसी आधार पर सभी 218 निविदाओं को निरस्त करने की मांग की जा रही है, जबकि प्रारंभिक जांच में अधिकांश निविदाओं के प्रपत्र सही पाए गए हैं। यदि बीडीओ की रिपोर्ट में ये प्रमाण पत्र फर्जी सिद्ध होते हैं, तो संबंधित ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी और केवल उन्हीं कार्यों के लिए पुन: निविदा आमंत्रित की जाएगी।



मुजफ्फरनगर: खालापार में पतंग व्यापारी से चाईनीज मांझे के बारे में जानकारी लेती पुलिस।



मुजफ्फरनगर: चाईनीज मांझे की तलाश में छापेमारी करती पुलिस।

## भारतीय किसान यूनियन ने की सहारनपुर मंडल की नई टीम गठित

### चौधरी शक्ति सिंह को मिली बड़ी जिम्मेदारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय किसान यूनियन के सुप्रीमो चौधरी नरेश टिकैत ने संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने के लिए सहारनपुर मंडल की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए नए पदाधिकारियों की घोषणा की है सहारनपुर मंडल अध्यक्ष चौधरी अशोक कुमार द्वारा मंडल कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया। इस दौरान संगठन में लंबे समय से सक्रिय भूमिका निभा रहे चौधरी शक्ति सिंह को सहारनपुर मंडल का मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया।

चौधरी शक्ति सिंह इससे पूर्व जिला मीडिया प्रभारी के रूप में कार्य कर चुके हैं। उनकी प्रभावशाली लेखनी सटीक भाषा शैली संगठनात्मक समझ और मंच संचालन क्षमता को देखते हुए उन्हें यह अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिनमें दीपक कुमार गांव टिकरोल जिला सहारनपुर को मंडल उपाध्यक्ष, शेर सिंह प्रधान रामपुर मनिहारन को मंडल उपाध्यक्ष, राव अमजद अली गांव निवादा जिला सहारनपुर को मंडल महासचिव, नवनीत सैनी गांव हाड़ी जिला सहारनपुर को मंडल महासचिव, मौ. उस्मान गांव हाशिमपुर तहसील देवबंद को मंडल मीडिया प्रभारी और चौधरी शक्ति सिंह मुजफ्फरनगर को सहारनपुर मंडल मीडिया प्रभारी बनाया गया है। भारतीय किसान यूनियन से जुड़े पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने नई नियुक्तियों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि नई टीम किसानों की समस्याओं को मजबूती से उठाएगी।

## छपार पुलिस पर उतराखण्ड में जानलेवा हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपार।** मंगलवार को छपार पुलिस टीम अपनी प्राइवेट कार से वांछित अभियुक्त संजय पुत्रा राजपाल निवासी मोहल्ला सुभाष नगर थाना ज्वालापुर जनपद हरिद्वार को गिरफ्तार करने के लिए गई थी। पुलिस टीम जब अभियुक्त संजय को गिरफ्तार कर वापस लौट रही थी तो बीच रास्ते उसके पुत्रा ईशान ने अपनी थार व स्कार्पियो कार से साथियों सहित पुलिस कार का पीछा किया। और अपनी थार गाड़ी से पुलिस की गाड़ी में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमे पुलिस की गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। और उसमे बैठे पुलिसकमह्ल बाल बाल बच गये। घटना की सूचना ज्वालापुर पुलिस को दी गई। तो मौके पर पहुंची उत्तराखण्ड पुलिस ने हमलावरों को मौके से पकड़ लिया। जिसके बाद छपार पुलिस की ओर से संगीन धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया। छपार थाना प्रभारी मोहित सहरावत ने बताया मंगलवार को पुलिस स्विफ्ट कार में सवार होकर हरिद्वार जनपद के ज्वालापुर से वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर वापस लौट रही थी। तभी बीच रास्ते अभियुक्त के पुत्रा ने अपने साथियों सहित एक थार गाड़ी में सवार होकर पुलिस की स्विफ्ट गाड़ी में पीछे से जोरदार टक्कर मारकर अपने पिता को छुड़ाने का प्रयास किया। सूचना पर उत्तराखंड व यूपी पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए कई युवकों को गिरफ्तार कर लिया। जिसमे मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय में पेश किया गया।

# वार्षिक जलसे में कुरआन हाफ़िज़ छात्र-छात्राओं को सम्मान

## चाईनीज मांझे से होने वाली मौत आएगी हत्या की श्रेणी में, कठोर कार्यवाही के आदेश, पुलिस ने चलाया चैकिंग अभियान

### भारी संख्या में व्यक्तियों ने लिया भाग

**■ पगड़ी बांधकर व प्रतीक चिन्ह देकर किया गया सम्मानित**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी के मोहल्ला पठानान मे स्थित अरबी मदरसा जामिया शैखुल इस्लाम मे बुधवार रात मे सालाना जलसे का आयोजन प्रत्येक वर्ष की भांति किया गया। जिसमें धर्मगुरुओ ने सम्बोधन किया। व कुरान हाफ़िज़ छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। मदरसे के प्रबंधक मुफ़्ती मौ.फरीद ने बताया की जलसे का आगाज़ छात्र मौ. दानिश द्वारा कुरान की तिलावत के बाद किया गया इस दौरान कुरान हाफ़िज़ छात्र मौ. मोनिस, मौ. अनस, मौ. शारिक, मौ. तौहीद, मौ. आयान, मौ साद व छात्रा सुमैय्या परवीन को मैडल व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। छात्रों को दस्तार बंदी के अंतर्गत पगड़ी पहनाई गयी। मुफ़्ती बिन यामीन प्रबंधक मदरसा क़ासिमुल उलूम तेवडा व मौलाना अबूजंदल, मुफ़्ती मौ. कुर्बान, मौलाना हबिबुल्लाह आदि ने अपने सम्बोधन मे अल्लाह की सच्ची इबादत, उच्च आचरण,सद व्यवहार, असहाय व्यक्तियों की मदद करने पर बल दिया।

वहीं कारी गयासुद्दीन, कारी रागिब, कारी शान मोहम्मद, मास्टर फरीद स्टाफ के रूप मे मौजूद रहे। जलसे मे भोकरहेड़ी के अलावा सीकरी, बसेड़ा, वज़िराबाद, काटका, भैंसरहेड़ी, तेवडा, किशनपुर से आये आलिमे दीन सहित गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।नाते शरीफ कारी फुरकान सिकंदरपुरी ने पेश की।





मुजफ्फरनगर: कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में बाल विवाह पर प्रतियोगिता में शामिल बच्चें।

## छह फर्जी बाबा नकली आधार कार्ड के साथ दबोचे

**■ लोगों को भभूति देकर बनाते थे शिकार, चंदे की रसीद बरामद**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** हिन्दू वेशभूषा व फर्जी आधार कार्ड बनाकर गांव कस्बों में घूम रहे छह फर्जी बाबाओं को गिरफ्तार किया गया है पुलिस ने इनके कब्जे से फर्जी आधार कार्ड आशीर्वाद देने वाली लोहे की चैन, सारांगी बजाने वाली दो डमरू, कलावा, 60 नग, चंदे की रशीद, मौर पंख, छडि, बीन आदि सामान बरामद किया है। पुलिस लाइन के सभागार कक्ष में प्रेसवार्ता के दौरान एसएसपी ने जानकारी दी कि गिरोह में शामिल अहसान पुत्र शकील निवासी जौला बुढ़ाना को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है और हाल में शकील पुत्र बालू, शौकीन पुत्र फैसू, इकबाल पुत्र रमजान, सजील पुत्र बालू, अय्यूब पुत्र मेहबूब निवासीगण जौला बुढ़ाना और हनीश पुत्र मुणाजोगी गोयला को गिरफ्तार किया गया है। इन लोगों ने अपने फर्जी तरीके से नाम राजबीर, सत्या, रामू, रमेश, सादी व कालू पुत्र सुरेश निवासीगण कुतुबपुर थाना मीरांपुर रखा था। एसएसपी ने बताया कि लोगों को धोखा देकर यह गिरोह सफेद पारदर्शी थैली में भभूत देकर ठगते थे।




मुजफ्फरनगर: हिन्दू वेशभूषा में पकड़े गए फर्जी बाबाओं की जानकारी देते एसएसपी।

## बाल विवाह विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

**■ कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय की बालिकाओं ने ली शपथ**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** बाल विवाह की रोकथाम को कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय नगरीय क्षेत्र में डीएम उमेश मिश्रा एवम मुख्य विकास अधिकारी कण्डारकर कमल किशोर देशभूषण के निर्देशन में बाल विवाह विषय पर कार्यशाला एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सफल 13 प्रतिभागियों को पुरुस्कृत कर उत्साहवर्धन किया गया।

बाल विवाह एवम इसके दुष्परिणाम विषय पर आयोजित कार्यशाला में वार्डन बबिता शर्मा,अध्यापक ममता शर्मा का विशेष सहयोग रहा। बालिका शिक्षा, सुरक्षा, सम्मान, संरक्षण एवम स्वावलंबन के लिए जिला बाल सरंक्षण अधिकारी संजय कुमार एवम बाल कल्याण समिति से डा राजीव कुमार ने जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया था जिसमें अंकुर कुमार जिला समन्वयक बालिका शिक्षा द्वारा बालिकाओं को बाल विवाह के दुष्परिणाम के विषय में कराया गया अवगत। नीना त्यागी संरक्षण अधिकारी ने कहा कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत बाल विवाह अपराध है जिसमें दो वर्ष की सजा व एक लाख रूपए का जुर्माना का प्रावधान है। भारत में शादी के लिए लड़के की आयु 21 वर्ष व लडकी की आयु 18 वर्ष है।



मुजफ्फरनगर: शहर में दिनभर जाम से जूझते रहे राहगीर।

### गठवाला खाप के बाबा बलजीत सिंह बोले.....

# तहसीलदार के विरुद्ध 12 फरवरी को बोलेंगे हल्ला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढाना।** डायमंड पब्लिक स्कूल फुगाना में बृहस्पतिवार को बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गठवाला खाप के सभी 12 गांवों के जिम्मेदार लोगों की एक बड़ी मीटिंग हुई। जिसमें मुख्य अतिथि गठवाला खाप के बाबा बलजीत सिंह मलिक रहे। यहां पर तहसील बुढ़ाना में फैले भ्रष्टाचार का मुद्दा जबरदस्त तरीके से छाया रहा। जिसमें सर्व सम्मति से यह तय हुआ कि 12 फरवरी को दोपहर 12 बजे बुढ़ाना तहसील परिसर का घेराव कर तहस.ीलदार कार्यालय पर कब्जा किया जाएगा और तहसीलदार को उनके कार्यालय में बैठने नहीं दिया जाएगा। यह पंचायत बुढ़ाना ब्लाक के पूर्व प्रमुख विनोद मलिक ने अपने संयोजन में की और कहा कि बुढ़ाना तहसील परिसर में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। जिसको बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लेखपाल व कर्मचारी तहसीलदार का नाम लेकर भोले भाले किसानों से रिश्वत लेकर उनके काम कर रहे हैं और जो उन्हें रिश्वत नहीं दे रहा उन्हें चक्कर कटाने का काम किया जा रहा है। हमारे पास लेखपालों की ओडियो और वीडियोज हैं जिसमें लेखपाल किसान से रिश्वत का पैसा लेकर अपनी जेब में रख रहे हैं। उनके भतीजे जितेंद्र ने जब तहसीलदार को गत दिनों अपने गांव के पीडित व्यक्ति का जायज काम बताया तो बुढाना के तहसीलदार ने उसे गुंडा बताया। पंचायत की अध्यक्षता करते हुए बाबा बलजीत सिंह ने कहा कि में यहां पर आप सभी को 19 फरवरी का हरियाणा के सोनीपत जिले के कस्बा गोहाना में होने वाले भव्य कार्यक्रम का निमंत्रण देने के लिए आया था लेकिन अब यहां आकर पता लगा कि यहां का तहसीलदार हमारी खाप के लोगों को गुंडा बता रहा है। अब 19 फरवरी का प्रोग्राम तो हम बाद में करेंगे पहले हम 12 फरवरी को बुढ़ाना तहसील परिसर को बंद करेंगे और तहसीलदार को हटाने की मांग करेंगे। इस दौरान यहां पर वीर नारायण मलिक, भौपाल सिंह, अंकित मलिक, विनोद कुमार, जगपाल मलिक, चरण सिंह मलिक, गुड्डू लोई, विजयपाल मलिक, मोनू मलिक, अतर सिंह मलिक, पहलवान डाक्टर देवेन्द्र सिंह मलिक, डाक्टर मनोज मलिक, रामा मलिक, धर्मवीर सिंह मलिक, धर्मपाल मलिक, प्रशांत मलिक, अरविन्द सिंह मलिक, पुष्पेन्द्र मलिक, अशोक मलिक, विकास कुमार मलिक, निशांत सिंह मलिक, गोपी सिंह, सुभाष मलिक व रविंद्र मलिक आदि ग्रामीण मौजूद रहे।



# भलवा गांव में डबल मर्डर से सनसनी

## सूचना पर पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे एसएसपी ने की पूछताछ

**जानसठ।** थाना क्षेत्र के भलवा गांव में प्रेम प्रसंग के चलते प्रेमी ने अपनी प्रेमिका की गला रेत कर हत्या कर दी फिर उसके बाद खुद का गला रेत कर जान ले ली ऐसा बताया जा रहा है।

इस घटना की सूचना जैसे ही पुलिस को मिली इंस्पेक्टर भारी पुलिस फोर्स के साथ सूचना पाकर तुरंत मौके पर पहुंचे और जाँच पड़ताल की तो वही सीओ जानसठ रुपाली राव एसपी देहात आदित्य बंसल एसएसपी संजय वर्मा भी मौके पर पहुंचे और जाँच पड़ताल कर घटना स्थल का बारीकी से मुआइना किया। वही फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया है प्रथम दृष्टया मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा बताया जा रहा है मिली जानकारी के अनुसार युवक और युवती का काफी दिनों से प्रेम प्रसंग चल रहा था और दोनो का आमने सामने घर बताया जा रहा है। युवती के परिजनों ने उसका रिश्ता कही और तय कर दिया था 8 तारीख में युवती की बारात आनी थी इसी बात को लेकर युवती का प्रेमी नाराज था इसी के चलते प्रेमी रोहित पुत्र धारा उम्र 30 वर्ष प्रेमिका प्रगति पुत्री विजय पाल उम्र 27 वर्ष के घर धारदार हथियार लेकर पहुंचा और खौफनाक घटना को अंजाम दिया युवक ने कमरे का गेट बंद कर पहले उसने प्रेमिका की गर्दन रेत कर हत्या कर दी फिर खुद की गला रेत कर अपनी भी जान ले ली जैसे ही इस घटना की जानकारी ग्रामीणों को मिली तो गांव मे हड़कंप मच गया। एसएसपी संजय वर्मा ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए प्रथम ख्रष्टिया बताया कि मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है दोनों युवक युवती का काफी दिनों से प्रेम प्रसंग चल रहा था युवती के



परिजनों ने युवती का रिश्ता कहीं और कर दिया था जिस कारण युवती का रिश्ता कहीं और होने से युवक ने खौफनाक कदम उठाया और युवती की धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी फिर खुद को उसी धारदार हथियार से अपने पर वार कर जान ले ली तो वहीं बताया कि पूरे मामले की गहनता से जांच की जा रही है फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया है हर पहलू की जाँच की जा रही और पंचनामा भर डेड बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही अग्रिम कार्रवाई अमल मे लाई जाएगी मौके पर भारी पुलिस बल को तैनात किया गया है गांव मे शांति है।

# ट्रांसपोर्टरों की समस्याओं पर मंत्री कपिल देव ने नितिन गडकरी को लिखा पत्र

**मैनुअल फिटनेस जांच व्यवस्था कराने के निर्देश की मांग**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग, कपिल देव अग्रवाल ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र प्रेषित कर जनपद मुजफ्फरनगर के व्यावसायिक वाहन स्वामियों, ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों एवं ई-रिक्शा संचालकों की गंभीर समस्याओं की ओर उनका ध्यान आकृष्ट कराया है।

मंत्री कपिल देव ने अपने पत्र में कहा कि भारत सरकार के निर्देशानुसार मुजफ्फरनगर में व्यावसायिक वाहनों की मैनुअल फिटनेस जांच व्यवस्था समाप्त कर वाहनों को बिजनौर व अन्य राज्यों (हरिद्वार, उत्तराखंड) स्थित स्वचालित परीक्षण केंद्रों (एटीएस) पर भेजे जाने का निर्णय लिया गया है। इस निर्णय से स्थानीय ट्रांसपोर्ट उद्योग, बस एवं ट्रक ऑपरेटरों, लघु व्यावसायिक वाहन स्वामियों तथा ई-रिक्शा चालकों में गहरी चिंता और रोष व्याप्त है।

उन्होंने इस निर्णय से उत्पन्न हो रही प्रमुख व्यावहारिक कठिनाइयों को रेखांकित करते हुए अवगत कराया कि अन्य जनपदों/राज्यों में फिटनेस हेतु जाने से डीजल, टोल टैक्स व अन्य मदों में अत्यधिक आर्थिक बोझ पड़ेगा।

लंबी दूरी तय करने व परीक्षण केंद्रों पर प्रतीक्षा के कारण व्यवसायिक कार्यदिवसों का भारी नुकसान होगा।

जनपद में पंजीकृत लगभग 15,000 से अधिक ई-रिक्शा इतनी लंबी दूरी तय करने में सक्षम नहीं हैं, जिससे आजीविका पर संकट उत्पन्न होगा तथा सड़क सुरक्षा जोखिम भी बढ़ेगा।

परीक्षण में कमी पाए जाने पर वाहनों को पुन: ले जाना-लाना अत्यंत जटिल, समयसाध्य व खर्चीला सिद्ध होगा।

मंत्री कपिल देव ने केंद्रीय मंत्री से आग्रह किया कि जनहित, रोजगार संरक्षण तथा स्थानीय व्यापारिक संतुलन को दृष्टिगत रखते हुए मुजफ्फरनगर में स्वचालित परीक्षण केंद्र (एटीएस) स्थापित होने तक पूर्ववत सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय (एआरटीओ) में मैनुअल फिटनेस जांच व्यवस्था को जारी रखने के निर्देश प्रदान किए जाएँ।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि केंद्र सरकार इस महत्वपूर्ण जनसमस्या पर संवेदनशीलतापूर्वक विचार कर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेगी।

# गैंगस्टर में वांछित आरोपी को भेजा जेल

**बुढ़ाना।** स्थानीय पुलिस द्वारा गैंगस्टर के अभियोग में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। मुजफ्फरनगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के आदेश अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र में अपराधों की रोकथाम हेतु वांछित और वारण्टी अपराधियों के विरुॉ चलाये जा रहे धरपकड अभियान में एसपी देहात आदित्य बंसल के निर्देशन और बुढाना सीओ गजेंद्र पाल सिंह के पर्यवेक्षण में पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त अक्षय उर्फ मेन्टल पुत्र मनोज निवासी ग्राम काकडा थाना शाहपुर को मुखबिर की सटीक सूचना पर खतौली तिराहे से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। उक्त अभियुक्त पर पहले से ही दो अलग अलग अपराधिक मामले दर्ज हैं। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वालों में उमरपुर पुलिस चौकी इंचार्ज मोहित तेवतिया, कांस्टेबल पवन शर्मा और कांस्टेबल सत्येंद्र कुमार हैं।

# सिकंदरपुर मे जलभराव की समस्या से ग्रामीण हलकान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर मे सीकरी मार्ग पर जल भराव की समस्या से ग्रामीण परेशान हैं। उपजिलाधिकारी ने मौके पर जाकर जांच की है।

मोरना ब्लॉक् क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर मे सीकरी मार्ग पर पहुंचे उपजिलाधिकारी जानसठ राज. कुमार भारती ने जल भराव की समस्या के संबंध मे ग्रामीणों से बात की व मौके पर जांच की।इस दौरान ग्राम सचिव प्रांजल कुमार, लेखपाल विक्की धीमान भी मौजूद रहे।

वहीं सीकरी निवासी ग्रामीण मौ. शमशाद,मौ.आमिर,साईम, शाहवेज़ ने बताया की सिकंदरपुर मे सीकरी मार्ग पर जल भराव के कारण वहां से गुजरना दुभर हो गया है।



आये दिन बाईक सवार गंदे पानी मे गिरकर घायल हो जाते हैं।मार्ग किनारे सरकारी अस्पताल, कॉलिज, सोसाईटी कार्यालय, धार्मिक स्थल स्थित हैं।क्षेत्र के आधा दर्जन गांव के व्यक्ति प्रतिदिन हजारों वाहनों से गुज़रते हैं। ग्रामीणों ने समस्या के शीघ्र समाधान की मांग प्रशासन से की हैं।

# कोल्ड ड्रिंक की 2 पेटियां व एक हजार रुपये बरामद

**बुढ़ाना।** बुढाना कोतवाली क्षेत्र में बीती दो फरवरी की रात के समय घर मे घुसकर अज्ञात चोर ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था। कुछ दिन पहले गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी के पास भी एक दुकान में भी चोरी की घटना हुई थी। बुढ़ाना पुलिस ने दोनों घटनाओं का मौका मुआयना कर अज्ञात चोर के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया था। पुलिस चोर की तलाश में लग गयी थी। आज सीओ बुढ़ाना गजेंद्र पाल सिंह के निर्देश पर गढ़ी सखाव. तपुर पुलिस चौकी के प्रभारी ललित कुमार कसाना ने उप निरीक्षक शिव सिंह नागर, हैड कांस्टेबल मनोज कुमार और कांस्टेबल केतन सिंह की मदद से मुखबिर की सूचना पर एक संदिग्ध युवक को गढी से जौला को जाने वाले रास्ते पर चकरोड के पास से रोककर उसकी तलाशी ली तो उसकी जेब से पुलिस ने एक हजार रुपये की नगदी और उसकी निशानदेही पर ईंख के खेत से चोरी की गयी कोल्ड ड्रिंक की दो पेटिया बरामद की।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरा छोटा पुत्र **सुनील** एवं पुत्रवधू **निशा** पत्नी **सुनील** तथा पौत्र **उत्तम** पुत्र सुनील मेरे कहने सुनने में नहीं हैं बिना किसी बात के मुझे तंग व परेशान करते हैं। इनकी हरकतों से तंग आकर मैंने इन तीनों से संबंध विच्छेद करते हुए अपनी चल एवं अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के गलत कार्य एवं लेनदेन के लिए मैं एवं मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

**मोल्हड पुत्र दलमीर**
ग्राम - बसेड़ा, थाना - नागल
जिला - सहारनपुर।

# श्री गणेश प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव में उमड़ा आस्था का सैलाब

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली के घंटाघर स्थित गीता भवन गली में श्री कृष्ण संकीर्तन मंडल के तत्वावधान में चल रहे भगवान श्री गणेश प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के दौरान बुधवार को श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। 1 फरवरी से 5 फरवरी तक आयोजित महोत्सव के अंतर्गत भगवान श्री गणेश जी की मूर्ति का भव्य नगर भ्रमण निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। नगर भ्रमण के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर भगवान गणेश का स्वागत किया। पूरा नगर जय श्री गणेश के जयकारों से गूंज उठा और वातावरण भक्तिमय हो गया। नगर भ्रमण के पश्चात विधिवत यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें आचार्यों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां प्रदान कराईं।

यज्ञ उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों



श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। इस अवसर पर स्वर्गीय रवि गोयल के यजमान परिवार को समिति की ओर से बाबा श्री खाटू श्याम जी की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समिति के प्रधान मनोज अग्रवाल, मंत्री मुकेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पंकज भटनागर, मुख्य सलाहकार कुलदीप शर्मा सहित डॉ. एन.के. त्यागी, संदीप गोयल, मुन्ना गोयल, ललित अग्रवाल, प्रभात गुप्ता, बिट्टू शर्मा, विकास अग्रवाल, मा. संजीव शर्मा, सुनील अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, भावेश गुप्ता, अरविंद वर्मा, संजय गोस्वामी, मनोज उपाध्याय, संजीव अग्रवाल, सुनील बजाज, सुनील कुमार समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का माहौल बना रहा।

# खतौली में बिक रहा जानलेवा चाइनीज मांझा

## प्रतिबंध के बावजूद बाजार में सक्रिय नेटवर्क, हादसों का सिलसिला जारी

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** प्रदेश सरकार के स्पष्ट प्रतिबंध और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त निर्देशों के बावजूद खतौली में चाइनीज मांझे की बिक्री रुकने का नाम नहीं ले रही है। प्रशासनिक सख्ती के दावों के बीच यह जानलेवा मांझा चोरी-छिपे बाजार में पहुंच रहा है, जिससे आमजन की जान लगातार खतरे में बनी हुई है।

शुक्रवार को चाइनीज मांझे से जुड़े दो अलग-अलग हादसों ने स्थिति की गंभीरता उजागर कर दी। सैनी नगर निवासी बिट्टू बाइक से जा रहा था, तभी कटी पतंग का मांझा अचानक सामने आ गया। समय रहते बाइक रोक लेने से वह बड़ा हादसा होने से बच गया। वहीं बुढाना तिराहे पर मेरठ की ओर जा रहे कपिल नामक युवक का हाथ चाइनीज मांझे की चपेट में आ गया, जिससे वह घायल हो गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रति. बंध के बावजूद खतौली में कुछ निश्चित स्थानों पर यह मांझा गुपचुप तरीके से बेचा जा रहा है। आम ग्राहकों को नहीं, बल्कि पहचान वालों को ही इसकी आपूर्ति की जाती है। नायलॉन मिश्रित इस मांझे में शीशे का पाउडर मिला होने के कारण यह अत्यंत मजबूत और धारदार होता है, जो गंभीर चोट का कारण बन सकता है। हर वर्ष खतौली में पतंग और मांझे का कारोबार लाखों रुपये तक पहुंचता है। पिछले कुछ वर्षों में चाइनीज मांझे की मांग तेजी से बढ़ी है, क्योंकि यह देसी मांझे की तुलना में अधिक कारगर और सस्ता माना जाता है। प्रतिबंध के बाद इसके दाम बढ़े जरूर हैं, लेकिन फिर भी यह देसी मांझे से कम कीमत में उपलब्ध हो जाता है।

इस मांझे की खतरनाक प्रकृति तब और स्पष्ट हुई जब कुछ लोगों ने इसे जलाकर देखा। आग लगते ही इससे पिघला हुआ प्लास्टिकनुमा पदार्थ टपकने लगा, जिससे यह साफ हो गया कि यह पर्यावरण और मानव जीवन दोनों के लिए घातक है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि चाइनीज मांझे की बिक्री पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई की जाए और मुख्यमंत्री के आदेशों के अनुरूप दोषियों पर सख्त कानूनी शिकंजा कसा जाए, ताकि भविष्य में किसी की जान जोखिम में न पड़े।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि विकास क्षेत्र देवबन्द (सहारनपुर) के प्राथमिक विद्यालय बाबूपुर में स्थित एक जर्जर कमरे की नीलामी दिनाँक 09.02.2026 को विभाग के निर्देशानुसार संबंधित विद्यालय में ही की जानी है।
नीलामी प्रक्रिया की विस्तृत जानक. ारी कार्यालय खण्ड शिक्षाधिकारी देवबन्द एवं संबंधित विद्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**'प्रधानाध्यापक'**
**'प्राथमिक विद्यालय बाबूपुर'**
**'देवबन्द सहारनपुर'**

**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज समिति, ग्राम व पोस्ट अनन्तमऊ तहसील-रामपुर मनिहारान, जिला-सहारनपुर के पंजीकरण कराने हेतु ऑनलाइन आवेदन प्राप्त है। उक्त समिति की प्रबन्ध समिति में निम्न पदाधिकारी/सदस्य हैं:- 1. श्री ओमपाल सिंह संरक्षक 2. श्री प्रवीण कुमार अध्यक्ष 3. श्री अनिल कुमार 4. श्री अमरीश कुमार सचिव 5. श्री राकेश कुमार उपसचिव 6. श्री धीर सिंह कोषाध्यक्ष 7. श्री प्रवीण कुमार उपकोषाध्यक्ष 8. श्री जोनी अम्बेडकर प्रचारमन्त्री 9. श्री प्रीतम सिंह मीडिया प्रभारी 10. श्री परविन्द्र कुमार सदस्य 11. श्री भोपाल सदस्य 12. श्री राजा सदस्य 13. श्री सूरज सदस्य 14. श्री प्रमोद कुमार सदस्य 15. श्री जय प्रकाश सदस्य 16. श्री भंवर सिंह सदस्य सहित सदस्य के रूप में दर्शाए गये हैं। यदि किसी व्यक्ति को प्रश्नगत मन्दिर के पंजीकरण के विरूद्ध किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशित होने के दिनांक से 30 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति प्रमाणों सहित अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पत्र पर विचार किया जाना सम्भव न होगा और गुण-दोष के आधार पर मन्दिर के पंजीकरण के सम्बन्ध में कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी। विदित हो कि उक्त नोटिस सोसायटी रजिस्ट्रेशन अधिनियम की धारा 3(1) के परन्तुक के अन्तर्गत जारी की जा रही है।

आज्ञा से
(शिवेन्द्र कुमार पाण्डेय) सहायक रजिस्ट्रार,
फर्म्स, सोसाइटीज तथा चिट्स, सहारनपुर।

**सूचना**

मेरे पुत्र के जन्म पंजीकरण सं0-4559 दिनांक 16.05.2014 में मेरे बच्चे का नाम अकदस (AKDAS) है। मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में मेरा नाम आरिफ (ARIF) दर्ज है जोकि गलत है जबकि मेरा सही नाम मौ. आरिफ(MOHD ARIF) है जोकि सही व सत्य नाम है । मेरा पुत्र भविष्य में इसी नाम से जाना जायेगा।

**मौ.आरिफ पुत्र मौ.इस्लाम**
**निवासी हाऊस न.93, कस्साबान 2, खालापार, तहसील सदर**
**जिला-मुजफ्फरनगर (उ.प्र.)**

**सूचना**

मेरे आधार कार्ड मे मेरा नाम अफसा है। मुझे गुलफशा के नाम से भी जाना जाता है उक्त दोनों नाम मेरे ही हैं। मेरे दोनों नाम को सही जाना जाये।

**अफसा अर्थात गुलफशा**
**पुत्री श्री नईम अहमद**
**मोहल्ला नईबस्ती**
**कस्बा -भोकरहेड़ी**
**तहसील- जानसठ**
**जिला-मुजफ्फरनगर**

# यूनानी डे पर खेल प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** स्पोर्ट्स एंड कल्चरल कमेटी के तत्वावधान में देवबंद यूनानी मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में यूनानी चिकित्सक हकीम अजमल खान की स्मृति में आयोजित यूनानी डे का आयोजन किया गया। कॉलेज ऑडिटोरियम में छात्रों, शिक्षकों तथा स्टाफ ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

देवबंद यूनानी मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में स्पोर्ट्स एंड कल्चरल कमेटी के द्वारा आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मोहम्मद असलम और डॉ. यूशा कमर द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। प्रतियोगिता में ग्रुप-बी की आयशा इरशाद, अजका जमीर, गुल शादमा, सैयद सुहैब और सिदरा शकील ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। डा. अफजाल अहमद ने बताया कि कार्यक्रम 5 फरवरी से 12 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। जिसमे विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान डॉ. हिलाल हमीद, डॉ. ताहिर हसन, डॉ. आएशा फातिमा, डॉ. रुमाना, डॉ. साबिर, डॉ. आदिल, डॉ. नौमान ताहा, डॉ. अब्दुल मुईद, डॉ. शगुफ्ता, डॉ. साबिर हसन, डॉ. मोहम्मद नासिर, डॉ. सुहैल, डॉ. नाजमीन, डॉ. काशिफ, डॉ. आरिफ और डॉ. मोहम्मद खालिद आदि शामिल रहे।

**नोटिस प्रकाशन सूचना**

**न्यायालय अपर आयुक्त (प्रशासन) सहारनपुर मण्डल सहारनपुर।**
अपील वाद संख्या 687/2024
धारा 207 उ0प्र0रा0 संहिता 2006 ग्राम कुरालसी परगना तहसील बुढाना जिला मुजफ्फरनगर।

**बालिस्टर** बनाम **जगदीश** आदि

**नोटिस बनाम**

1-बालिस्टर पुत्र कालू, 2-मदन पुत्र कालू, 3-रामपाल पुत्र कालू 4-कंवरपाल पुत्र कालू, 5-ऋषिपाल पुत्र कालू, 6-विनोद पुत्र कालू निवासीगण ग्राम कुरालसी परगना तहसील बुढाना जिला मुजफ्फरनगर ....अपीलार्थी

प्रस्तुत अपील बालिस्टर आदि, पुत्र कालू निवासीगण ग्राम कुरालसी परगना तहसील बुढाना जिला मुजफफरनगर की ओर से 1-जगदीश पुत्र तारा, 2-राजेन्द्र पुत्र तारा, 3-विक्रम पुत्र तारा, 4-हरिचन्द्र पुत्र तारा, 5-धीरज पुत्र धर्मपाल, 6-श्रीमती उर्मिला पत्नी धर्मवाल समस्त निवासीगण ग्राम कुराली परगना तहसील बुढाना जिला मुजफफरनगर, 7-विक्की अव्यस्क आयु 15 साल पुत्र स्व0 रामअवतार बविलायत श्रीमती माया पत्नी तेजपाल हकीकी बुआ निवासीगण ग्राम कुरालसी परगना तहसील बुढाना जिला मुजफ्फरनगर वर्तमान निवासी ग्राम चन्दपुरा परगना तहसील रामपुर मनिहारान जिला सहारनपुर को पक्षकार बनाते हुए उप जिलाधिकारी बुढाना द्वारा आर.एस.टी. 5198/2022 कम्प्यूटरीकृत वाद संख्या टी202209550305198 मदन आदि बनाम राजेन्द्र आदि अन्तर्गत धारा 166 उ0प्र0 राजस्व संहिता 2006, में पारित आदेश दिनांक 30.04.2024 के विरुद्ध अपील योजित हुई है, जिसमें आपको भी पक्षकार बनाया गया है तथा इस अपील में गजट प्रकाशन की प्रति दाखिल करने हेतु दिनांक 13.02.2026 नियत है।

अत: इस नोटिस सूचना के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 13.02.2026 को प्रात: 10:00 बजे अपने अधिवक्ता सहित अपील की पैरवी हेतु न्यायालय में उपस्थित हों। यदि सूचना के बाद आप उपस्थित नहीं होते हैं तो यह समझा जायेगा कि आपको इस सम्बन्ध में कुछ नहीं कहना है तथा न्यायालय द्वारा आदेश पारित किये जायेंगे।
दिनांक 03.02.2026

आज्ञा से
अपर आयुक्त (प्रशासन)
सहारनपुर मण्डल सहारनपुर

## घर में घुसकर फायर किया

**छपार।** तीन युवकों ने मामूली कहासुनी होने पर घर में घुसकर गाली गलौज मारपीट व तमंचे से फायर किया। पीड़ित ने तीनों हमलावरों के विरुद्ध थाने रिपोर्ट दर्ज कराई है। गांव सिम्भालकी निवासी सुन्दर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 28 जनवरी की शाम को वह अपने ताऊ के पुत्र सुरेश के पास बैठा हुआ था उसी वक्त गांव के ही सुमित, संजय व लोकेश गाली गलौज करने लगे विरोध करने वे अपने मकान की छत पर चढ़ गये ओर पथराव ईंट बरसाने लगे उसने घर में घुसकर जान बचाई लेकिन आरोपी घर में घुस आये ओर मारपीट करने ग्रामीणों के आने पर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# अदालत ने धारा बढ़ाने के लिए विवेचक को लगाई फटकार

**पुलिस जांच में सीटीवी फुटेज में क्या साक्ष्य मिला, मेडिकल रिपोर्ट में क्या चोटें पाई गई, किन-किन साक्ष्यों के बयान में क्या-क्या तथ्य पाए गए। किनके बयानों पर विश्वास व किनके बयानों पर अविश्वास किया गया। यह विवेचना में अंकित नही है। रुटीन में तमामी विवेचना बताते हुए बिना किसी साक्ष्य व तथ्यों की समीक्षा के धाराओं का लोप किया गया और धाराओं की वृद्धि की गई। यह हाईकोर्ट, सुप्रीम कोर्ट व डीजीपी के आदेशों व निर्देशों की अवमानना व उल्लंघन है।**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विनीत वासवानी की अदालत ने मारपीट के मामले में मुकदमे की विवेचना में बिना तथ्य बताए धारा बढ़ाने व घटाने को हाईकोर्ट के आदेशों की अवहेलना मानते हुए विवेचक को फटकार लगाई है। अदालत ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर को विवेचक व क्षेत्राधिकारी से इस मामले में स्पष्टीकरण लेकर अदालत में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

क्षेत्र के फुलास अकबरपुर गांव निवासी महताब अहमद ने कोतवाली में तहरीर दी थी। इसमें उसने गांव निवासी इखलाख, अब्दुर्रहमान, तनवीर, असद, फारुख, सुहैल, रिहान और उवैस पर मारपीट और हत्या के प्रयास समेत अन्य आरोप लगाए थे। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध बीएनसी की विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की थी। जांच के दौरान विवेचक ने बीएनसी की धारा 109 (1) की वृद्धि की थी। विवेचना में अभियुक्तगण तनवीर, सुहैल व रिहान की नामजदगी गलत पाई गई तथा अभियुक्त उवैस की मृत्यु हो जाने के कारण उसका नाम मुकदमे से हटा दिया गया। साथ ही धारा 109(1) व 191(2) हटाकर कर धारा 110 की वृद्धि कर न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया। वादी महताब अहमद की ओर से प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर मांग की गई कि मामले में विभिन्न धाराओं के साथ बीएनसी की धारा 109(1) में भी आरोप तय किए जाएं। महताब ने अदालत को बताया कि विवेचक ने बिना किसी साक्ष्य अथवा कारण के धारा 109(1) का विलोप किया और धारा 110 की वृद्धि की है। एडीजे विनीत वासवानी ने मामले की सुनवाई करते हुए इसे विवेचक की बड़ी गलती व हाईकोर्ट के आदेशों की अवहेलना माना।

अदालत ने एसएसपी सहारनपुर को विवेचक तत्कालीन कोतवाली प्रभारी नरेंद्र कुमार शर्मा व क्षेत्राधिकारी से मामले में स्पष्टीकरण लेकर अदालत में प्रस्तुत करने के आदेश दिए है। कार्यालय लिपिक अंकित कुमार को निर्देश दिए गए कि वह आदेश की अनुपालना संबंधी साक्ष्य पत्रावली पर उपलब्ध कराएं नहीं तो उनके विरुद्ध प्रतिकूल उपधारणा करते हुए अनुशासनात्क कार्रवाई अग्रसारित की जाएगी। इसके साथ ही अदालत ने आदेश की प्रतिलिपि डीजीपी उत्तर प्रदेश और सहारनपुर एसएसपी को भेजने और मॉनिटिरिंग सेल की मीटिंग में रखे जाने के लिए एक प्रतिलिपि जिला जज सहारनपुर को भेजे जाने के निर्देश दिए हैं।

## कासमेटोलाजी ओपीडी का उद्घाटन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** जामिया तिब्बिया मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में कासमेटोलाजी ओपीडी का उद्घाटन संस्था सचिव डा. अनवर सईद ने किया। उन्होंने बताया कि ओपीडी में हाईड्रा फेशियल, एलईडी फेस मास्क, कैमिकल पील, हर्बल फेसमास्क, गुआशा मसाज आदि शारीरिक सौंदर्य होगा। इस मौके पर प्राचार्य डा. अनीस अहमद, डा. रिहाना अल्वी, डा. एहतेशाम उल हक सिद्दीकी, डा. आजम, डा. मुजम्मिल व डा. फसीह सिद्दीकी आदि शामिल रहे।

## इस्लामिया डिग्री कॉलेज में सेमिनार 7 फरवरी को

**देवबन्द।** राष्ट्रीय अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थान आयोग भारत सरकार के सौजन्य एवं इस्लामिया डिग्री कॉलेज के सहयोग से सैमिनार का आयाजन किया जाएग। इस्लामिया डिग्री कालेज के सहयोग से 7 फरवरी 2026 को राष्ट्रीय अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थान आयोग द्वारा सेमीनार का आयोजन किया जाएगा। संस्था के चेयरमैन एडवोकेट डा. अजीमुल हक ने जानकारी देते हुए बताया कि सेमिनार में एकता, सांस्कृतिक विविधता और राष्ट्र निर्माण में अल्पसंख्यक संस्थानों की भूमिका विकसित भारत 2047 पर विचार विमर्श किया जाएगा। सेमिनार में संस्थाओं को राष्ट्र निर्माण में योगदान के लिए प्रोत्साहित करने के साथ ही शिक्षा एवं राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पल सिद्ध होगा।

# खतौली विधानसभा में चुनावी हलचल तेज

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** जैसे-जैसे विधानसभा चुनाव नजदीक आते जा रहे हैं, खतौली विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक गतिविधियां तेज़ होती जा रही हैं। संभावित उम्मीदवारों ने अभी से ही चुनावी रणभूमि में उतरते हुए जनता के बीच अपनी मौजूदगी दर्ज करानी शुरू कर दी है। विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े दावेदार जीत की रणनीति के साथ क्षेत्र में लगातार जनसंपर्क कर समर्थन जुटाने में लगे हुए हैं।

खतौली विधानसभा सीट को ओबीसी बाहुल्य माना जाता है, जहां सैनी समाज की निर्णायक भूमिका रही है। इस सीट से सैनी समाज के वरिष्ठ नेता विक्रम सैनी दो बार विधायक रह चुके हैं। वहीं पिछले विधानसभा चुनाव में यह सीट राष्ट्रीय लोकदल के खाते में गई थी, जहां से मदन भैया ने जीत दर्ज की थी। आगामी चुनाव को देखते हुए



इस बार राजनीतिक मैदान में नए और पुराने दोनों तरह के चेहरे सक्रिय हो गए हैं। कई दावेदार अपने-अपने समाज के साथ-साथ सर्व समाज को साधने में जुटे हैं। समाजवादी पार्टी से श्यामलाल बच्ची सैनी लगातार क्षेत्र में जनसंपर्क कर अपनी दावेदारी मजबूत करने का प्रयास कर रहे हैं। वे पूर्व में भी सपा के टिकट पर खतौली से चुनाव लड़ चुके हैं और उस दौरान उन्होंने कड़ा मुकाबला किया था। इस बार वे पहले से अधिक सक्रियता के साथ टिकट और जीत दोनों के लक्ष्य पर काम कर रहे हैं। इसी क्रम में सैनी समाज से एडवोकेट राकेश सैनी ने भी चुनावी मैदान में उतरने के संकेत दे दिए हैं। गुरुवार को उन्होंने ग्राम पलड़ी और याहियापुर पहुंचकर सैनी समाज सहित अन्य वर्गों के लोगों से मुलाकात की और समर्थन की अपील की। क्षेत्र में बढ़ती राजनीतिक सक्रियता को देखकर यह साफ है कि इस बार खतौली विधानसभा का चुनाव दिलचस्प होने के साथ-साथ कड़े मुकाबले वाला रहने वाला है।

## राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में छात्र शादमान व अनुज का चयन होने पर स्कूल प्रबंधतंत्र ने किया स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** लाला पूरणचंद साहनी मैमोरियल इंटर कालेज नूरपुर के कक्षा-11 के छात्र शादमान और नौवीं के छात्र अनुज का चयन राज्यस्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए हुआ है। गुरुवार को त्रिवेणी शुगर मिल के उपाध्यक्ष पुष्कर मिश्र ने दोनों छात्रों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य प्रबंधक गिरीश कोहली व प्रधानाचार्य डा. सुनीता शाही ने बताया कि सहारनपुर में हुई कुश्ती प्रतियोगिता में दोनों ने शानदार प्रदर्शन के बूते राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अपनी जगह पक्की की है।



# राजस्व विभाग टीम ने खाली पड़ी भूमि का किया स्थलीय निरीक्षण

**मोरना।** मोरना मे जानसठ मार्ग पर खाली पड़ी भूमि पर कूड़ा डाला जा रहा है गंदगी से ग्रामीण बेहद परेशान हैं। गुरुवार को राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर जाकर खाली पड़ी भूमि की जांच की है।

मोरना मे जानसठ मार्ग पर प्राथमिक विद्यालय के पास पड़ी भूमि पर भारी मात्रा मे कूड़े ढेर से फैल रही दुरगंध की शिकायत ग्रामीण कर रहे हैं। राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर जाकर निरिक्षण किया राजस्व निरीक्षक सुनील कुमार शर्मा ने बताया की उपजिलाधिकारी राजकुमार भारती व जॉइंट मजिस्ट्रेट अपराजिता आर्यन के आदेश के अनुपालन मे तहसीलदार श्रद्धॉ गुप्ता निर्देशन मे मौके का स्थलीय निरिक्षण किया गया है। अभिलेख मे खसरा नं.316 मे क्षेत्रफल 0.062 हेक्टेयर मे अरबी मदरसा दर्ज है व खसरा नं.317 मे क्षेत्रफल 0.102 हेक्टेयर भूमि प्राथमिक विद्यालय की दर्ज है। इस संबंध मे आख्या अधिकारियो को प्रस्तुत की जायगी। इस दौरान लेखपाल सुरेशचंद भी मौजूद रहे।वही भूमि मे वक्फ बोर्ड का भाग बताते हुए मोरना निवासी मुंशी यूसुफ ने अधिकारियो के समक्ष कागजात प्रस्तुत किये। इस बाबत राजस्व निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया की कागजात का अभिलेखों से मिलान किया जायेगा।



# जबरन चकरोड़ निकालने का मामला एसडीएम के दरबार में

**बुढ़ाना।** लेखपाल के द्वारा दूसरे पक्ष से सांठगांठ करके पड़ोसी के खेत से जबरन चकरोड निकालने का मामला एसडीएम न्यायिक के दरबार में पहुंच गया है।

आज पूर्व ब्लाक प्रमुख विनोद मलिक पीड़ित पक्ष के साथ एसडीएम से मिले और उनको लेखपाल की कारगुजारी बतलाई तो उन्होंने पीड़ित पक्ष को आश्वासन देते हुए संबंधित अधिकारियों को जांच कर तीन दिन में रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं। अब्दुल रहमान पुत्र फजलुर्रहमान उर्फ जिन्दा निवासी ग्राम शिकारपुर ने बुढ़ाना न्यायिक एसडीएम श्रीकांत विश्वकर्मा को बताया कि उसके पिता फजलुर्रहमान उर्फ जिन्दा का खसरा नंबर 1312 रकबा 0.3270 और खसरा नंबर 1313 रकबा 0.3600 हैक्टेयर मौजा शिकारपुर में स्थित है। उसके पिता उक्त खसरा नम्बरान के संक्रमणीय भूमिधर हैं। उसके पिता के उक्त खसरा नम्बरान के उत्तर दिशा में हल्का लेखपाल जबरदस्ती चकरोड बनाने पर तुले हुये हैं तथा उसकी गेहूं की फसल को भी नुकसान पहुंचाना चाहते हैं जबकि उसके कहने पर कि तुम शजरे के मुताबिक पैमाईश करके चकरोड निकालो मगर हल्का लेखपाल विक्रम आदि के प्रभाव में आकर उसे परेशान करने की गरज से नफा नुकसान पहुंचाने की फिराक में है। हल्का लेखपाल को यह भी पता है कि उक्त भूमि का रकबा करीब ढाई बीघा कम है फिर भी उक्त चकरोड को उसके पिता की उक्त भूमि के खसरे में नाजायज तरीके से निकालने पर उतारू है। ऐसी सूरत में नाजायज तरीके से चकरोड निकालने पर उतारू है। ऐसी सूरत में उसके पिता की भूमि के खसरे में नाजायज चकरोड निकालने से लेखपाल को रोका जाए।



बुढाना: जबरन चकरोड निकालने की पीड़ा सुनाता किसान।

## लाखों रुपये की कीमत के जेवर पर्स से हुए चोरी

**बुढ़ाना/भौरांकला।** ब्यूटी पार्लर से फेसियल कराते समय एक महिला का पर्स चोरी हो गया। जिसमें लाखों रुपये की कीमत के जेवरात बताए गये हैं। भौरांकला पुलिस ने अज्ञात में मामला दर्ज करते हुए पूरे मामले की जांच शुरु कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार रेखा पत्नि विनोद कुमार निवासी गांव करौदा महाजन ने बीते दिन भौराकलां पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि बीती 3 फरवरी को वह सपना ब्यूटी पार्लर सिसौली में पार्लर कराने के लिए गयी थी लेकिन वहां से किसी अज्ञात के द्वारा उसके पर्स में रखे हुए छोटे पर्स को चोरी कर लिया गया। जिसमें एक सोने का गले का सेट, दो सोने की चेन और एक चेन में सोने का ऊँ का लाकेट था। लगभग एक लाख रुपये से भी अधिक के जेव. रात थे। महिला ने भौरांकला पुलिस से अज्ञात चोर के विरुद्ध कार्यवाही की गुहार लगाई है। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## जंगली चोरों का आतंक जारी, विद्युत लाईन को किया चोरी

**मोरना।** क्षेत्र मे जंगली चोरो का आतंक क़ायम है। टयूबवैल चोरी की घटनाओं के साथ अब चोरो ने गांव करहेडा के जंगल में सेंकड़ो मीटर लम्बी विद्युत लाईन को चुरा कर आपूर्ती को ठप्प कर दिया। पुलिस ने अज्ञात चोरो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। भोपा स्थित विद्युत उपकेंद्र पर तैनात अवर अभियंता अखिलेश कुमार ने थाने पर मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि शुकतीर्थ नामक जंगल फीडर पर करहेड़ा किसान कंवरपाल के खेत पर स्थित ट्रांसफार्मर जनक्शन से किसान पंकज तोमर के निजी नलकूप पर जा रही एलटी लाइन के तीन खंबो के मध्य की 630 मीटर तार बीते दो फरवरी की रात में अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया है। जिस कारण से किसानों की विद्युत आपूर्ति ठप्प हो गई है। प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# पूर्व प्रमुख की एसडीएम संग वार्ता रही विफल

**बुढ़ाना।** तहसील बुढ़ाना परिसर में आगामी 12 फरवरी की महापंचायत ना हो इसके लिए एसडीएम न्यायिक और ब्लाक के पूर्व प्रमुख राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ नेता विनोद मलिक के बीच लगभग 20 मिनट तक चली वार्ता विफल ही साबित हुई।

इस वार्ता में बुढ़ाना एसडीएम श्रीकांत विश्वकर्मा ने तहसीलदार महेंद्र सिंह यादव को अपने कार्यालय मे बुलाया और उनको बैठाकर उनकी पूर्व प्रमुख विनोद मलिक से बातचीत कराई तो तहसीलदार ने कोई ऐसी बात नहीं की जिसमें मामला सुलटे। तब बाहर आकर पूर्व प्रमुख विनोद मलिक ने पत्रकारों को बताया कि हमारी एसडीएम से जो वार्ता थी वो विफल हो गयी क्योंकि तहसीलदार अभी भी एटीटयूड में हैं।

हम यही सोच रहे थे कि एसडीएम इस मामले आज निपटारा कर देंगे और जो भी हमारे लोगों के जायज कार्य हैं वे तहसीलदार अपने स्तर से 12 फरवरी से पहले पहले ही निपटा देंगे लेकिन तहसीलदार अभी भी अकड़ में बात कर रहे हैं। इसलिए अब हम 12 फरवरी को तहसील बुढ़ाना परिसर में होने वाली महापंचायत को बड़े स्तर पर बाबा बलजीत सिंह के नेतृत्व में करेंगे। शुक्रवार से ही गांव दर गांव जनसंपर्क शुरु कर दिया जाएगा। हम न्यायिक एसडीएम का व्यवहार देखकर महापंचायत नहीं करना चाहते थे लेकिन तहसीलदार के आज के रवैये को देखकर ये फाइनल हो गया है कि अब हम 12 फरवरी को तहसीलदार को तहसील में बैठने नहीं देंगे।



# प्राणनाथ कॉलेज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का रंगारंग समापन

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** श्री प्राणनाथ इंटर कॉलेज रतनपुरी में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का गुरुवार को उत्साह और उल्लास के साथ समापन हुआ। यह प्रतियोगिता विद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय जगदीश चंद्र आहूजा की जयंती के अवसर पर उनकी पुण्य स्मृति में आयोजित की गई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने अपने कौशल, अनुशासन और खेल भावना का शानदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों की जमकर तालियां बटोरीं। समापन समारोह में प्रधानाचार्य मंजू सिसोदिया ने कहा कि खेलकूद न केवल बच्चों को शारीरिक रूप से स्वस्थ बनाता है, बल्कि मानसिक विकास और आत्मविश्वास बढ़ाने में भी अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि विद्यालय संस्थापक स्व. जगदीश चंद्र आहूजा का सपना था कि विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी आगे बढ़ें। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए हर वर्ष खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है, ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। प्रधानाचार्य ने बताया कि नियमित खेल गतिविधियों से मोटापा, मधुमेह और हृदय रोग जैसी समस्याओं से बचाव होता है। खेल तनाव और अवसाद को कम करने के साथ-साथ बच्चों में अनुशासन, सहयोग, संवाद और टीम भावना जैसे गुणों का विकास करते हैं।



प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की साधारण सभा के महामंत्री कुलदीप भगत, प्रधानाचार्य मंजू सिसोदिया, शिक्षक-अभिभावक संघ के पूर्व अध्यक्ष अनंगपाल, शिक्षकगण, अभिभावक एवं अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## पशुओं को टीकाकरण कराने के लिए किया जागरूक

**मुजफ्फरनगर।** दाऊ नीरज कुमार पशु चिकित्सा अधिकारी एवीएन नोडल अधिकारी ब्लॉक सदर के द्वार ब्लॉक सदर के विभिन्न गांव गांव के घर-घर द्वार जा जेकर पशुओ में खुरपका मुंह पका बिमारी का टीकाकरण निशुलक किया जा रहा है यह टीकाकरण अभियान 22 जनवरी 2026 से शुरू होकर 45 दिनों में पूर्ण करना है अत: सभी लोग इस राष्ट्रीय कार्यक्रम में सहयोग करें। सभी पशुओं में खुरपका मुंह पका बिमारी का टीकाकरण सभी जानवरों में किया जा सके।



# विश्व कैंसर दिवस पर गोष्ठी का आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** विश्व कैंसर दिवस के उपलक्ष में मुजफ्फरनगर केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन (पंजी.) द्वारा एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन हरीश गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट व्यापारियों ने दवा व्यापार से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को सीएमओ के समक्ष विस्तार से रखा। व्यापारियों ने लाइसेंस, निरीक्षण, दवा आपूर्ति, पोर्टल से संबंधित तकनीकी दिक्कतों सहित अन्य व्यवहारिक समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित कराया। मुख्य अतिथि डॉ. सुनील तेवतिया ने व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि सभी जायज समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र समाधान कराया जाएगा तथा स्वास्थ्य विभाग और दवा व्यापारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाएगा। इस अवसर पर केमिस्ट अध्यक्ष सुभाष चौहान ने कहा कि केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट समाज स्वास्थ्य व्यवस्था की एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और स्वास्थ्य सेवाओं को आमजन तक पहुंचाने में दवा व्यापारियों की अहम भूमिका है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सीएमओ द्वारा दिए गए आश्वासन से व्यापारियों की समस्याओं का समाधान होगा और कार्यप्रणाली और अधिक सुचारु बनेगी। कार्यक्रम में एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। विचार गोष्ठी का उद्देश्य कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूकता फैलाने के साथ-साथ दवा व्यापार से जुड़े मुद्दों पर सकारात्मक संवाद स्थापित करना रहा। इस अवसर पर संस्थापक चेयरमैन प्रमोद मित्तल, चेयरमैन सतपाल सिंह, संरक्षक डा आर के गुप्ता, कोषाध्यक्ष सतीश तायल, मनोज गर्ग, पंकज तनेजा, सचिन त्यागी, संजीव वर्मा, रविंद्र छाबड़ा, जुगलकिशोर खत्री, सुबोध गोयल, संदीप शर्मा, प्रवीण बालियान, मुकेश शर्मा, अहलावत, प्रवीण गर्ग एवं अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।



## वृद्ध को पीटने वाले दंपति के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

**बुढ़ाना।** वृद्ध जगपाल कोरी पुत्र काशी ग्राम अटाली ने बुढ़ाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि बीते 30 जनवरी को वो अपने गांव अटाली में अपनी दुकान पर बैठा हुआ था तो गांव के ही संदीप पुत्र तेजपाल कोरी और उसकी पत्नी सीमा ने उसकी दुकान पर आकर उससे गाली गलौच और मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी। तब शोर शराबा सुनकर मौके पर काफी ग्रामीण मौके पर आ गये और दोनों पति पत्नि के चंगुल से उसे बचाया। मारपीट की यह घटना बाहर लगे कैमरे में भी रिकार्ड हो गई। पीडित वृद्ध जगपाल ने पुलिस से आरोपी दंपत्ति के खिलाफ कार्यवाही की गुहार लगाई है। बुढ़ाना पुलिस ने आरोपी दंपत्ति के विरुद्ध मारपीट और गाली गलौज की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## आत्मनिर्भर भारत विषय पर कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** इण्डिया ए0आई0 समिट-2026'' के एक भाग के रूप में, एआईसीटीई इनोवेशन सैल द्वारा उच्च शिक्षण संस्थान को ''एआई फोर आत्मनिर्भर भारत'' विषय पर विभिन्न तकनीकी गतिविधियां कराने के लिये निर्देशित किया गया है। श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज में जगरूकता सत्र का अयोजन किया गया जिसका शीर्षक 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता के नैतिक, सुरक्षित, सतत एवं जिम्मेदार उपयोग पर जागरूकता' सत्र का आयोजन किया गया।

वर्तमान डिजिटल युग में तेजी से विकसित हो रही कृत्रिम बुद्धिमत्ता तकनीक के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए संस्थान में एक विशेष जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया, जिसके पश्चात संस्थान के निदेशक प्रो0 एसएन चौहान ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि आज एआई केवल एक तकनीक नहीं, बल्कि मानव जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। मुख्य वक्ता डा आरसी कश्यप, पूर्व प्रोफेसर सॉल्टलेक विश्वविद्यालय, कोलकाता ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि एआई के माध्यम से जहाँ एक ओर कार्यक्षमता, सटीकता और नवाचार को बढ़ावा मिला है। विशेषज्ञों ने एआई एथिक्स पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किसी भी एआई प्रणाली का निर्माण करते समय निष्पक्षता, पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और मानवीय मूल्यों का पालन अनिवार्य है। वहीं एआई सुरक्षा के अंतर्गत उन्होंने यह स्पष्ट किया कि एआई आधारित सॉफ्टवेयर और सिस्टम को इस प्रकार डिजाइन किया जाना चाहिए कि वे मानव के लिए सुरक्षित हों और किसी भी प्रकार की हानि या दुरुपयोग की संभावना न्यूनतम हो। सत्र में सस्टेनेबिलिटी के संदर्भ में यह भी बताया गया कि एआई का उपयोग सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में सहायक हो सकता है, जैसे ऊर्जा संरक्षण, स्मार्ट सिटी, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार तथा संसाधनों का कुशल प्रबंधन। कार्यक्रम के अन्तर्गत 'एआई का उत्तरादायित्वपूर्ण उपयोग' विषय पर चर्चा करते हुए वक्ताओं ने कहा कि ए0आई0 का प्रयोग केवल सुविधा और लाभ के लिए नहीं, बल्कि मानव कल्याण, सामाजिक विकास और नैतिक सीमाओं के भीतर होना चाहिए। छात्रों को यह संदेश दिया गया कि वे ए0आई0 का उपयोग नकल, गलत सूचना या अनैतिक कार्यों के लिए न करें, बल्कि इसे नवाचार, अनुसंधान और सामाजिक समस्याओं के समाधान के लिए अपनाएँ। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें आयोजकों ने सभी अतिथियों, वक्ताओं और प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी इस प्रकार के शैक्षणिक एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया।



कार्यक्रम के सफल आयोजन में इलैक्ट्रॉनिक्स एण्ड कम्युनिकेशन इंजी0 विभाग की विभागाध्यक्ष इं0 कनुप्रिया, कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी0 के विभागाध्यक्ष इं0 आशीष चौहान, इलैक्ट्रिकल इंजी0 के विभागाध्यक्ष डॉ0 अंकुर कुमार, मैकेनिकल इंजी0 के विभागाध्यक्ष इं0 पवन कुमार तथा सिविल इंजी0 के विभागाध्यक्ष इं0 फिरोज अली एवं अन्य सभी शिक्षकगण का विशेष सहयोग रहा।

# उमंग यादव के धमाकेदार शतक से पंचवटी क्रिकेट अकादमी बनी जेसीएल जूनियर लीग चैंपियन

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**भैंसी।** गांव भैंसी स्थित अहलावत क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित जेसीएल जूनियर क्रिकेट लीग का फाइनल मुकाबला रविवार को क्रिकेट प्रेमियों के लिए यादगार बन गया।

टारगेट क्रिकेट अकादमी मेरठ और पंचवटी क्रिकेट अकादमी मेरठ के बीच खेले गए इस रोमांचक मुकाबले में पंचवटी क्रिकेट अकादमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब पर कब्जा जमाया।

फाइनल में टॉस जीतकर टारगेट क्रिकेट अकादमी के कप्तान शुभम ने पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। निर्धारित 35 ओवर में टारगेट टीम 7 विकेट के नुकसान पर 172 रन ही बना सकी। टीम की ओर से कप्तान शुभम ने 38 रन, अनुज पवार ने 44 गेंदों में 29 रन और तुलसी गुप्ता ने 25 रन की पारी खेली। पंचवटी की घातक गेंदबाजी के आगे टारगेट की बल्लेबाजी टिक नहीं सकी।

नव्या, आयुष राणा और आर्यन ने दो-दो विकेट झटककर विपक्षी टीम को बड़े स्कोर से रोक दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंचवटी क्रिकेट अकादमी की टीम ने शुरू से ही आक्रामक रुख अपनाया। टीम ने महज 25 ओवर में 5 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। इस जीत के हीरो रहे उमंग यादव, जिन्होंने विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए 69 गेंदों पर 121 रन की शानदार शतकीय पारी खेली। उनकी इस तूफानी पारी में 12 चौके और 9 छक्के शामिल रहे। वहीं इशांत ने 13 रन और तुलसी पाल ने 11 रन का योगदान दिया। टारगेट क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी में प्रतीक तोमर ने दो विकेट तथा स्वयं भारद्वाज ने एक विकेट लिया, लेकिन वे टीम को हार से नहीं बचा सके। मैच के बाद आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में डीएवी पब्लिक स्कूल मंसूरपुर के प्रधानाचार्य ए.के. मोहन मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने विजेता और उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।इस अवसर पर टूर्नामेंट आयोजक सौवीर अहलावत, मोनू अहलावत, अतिथि अमित अहलावत, दयानंद अहलावत, अंपायर अंकित कोरी, अमन भारद्वाज सहित दोनों टीमों के कोच अंजलि और कोच उमेश उपस्थित रहे। सभी ने सफल आयोजन के लिए आयोजकों की सराहना की।

# बाबा ने प्रमुख निधि से हुए कार्य का किया उद्घाटन



**बुढ़ाना।** गठवाला खाप के बाबा चौधरी बलजीत सिंह मलिक ने जहां गांव फुगाना में विकास कार्य देखकर खुशी जाहिर की वहीं उन्होंने बुढ़ाना ब्लाक की प्रमुख पाल्लो देवी के द्वारा समय अवधि में गांव फुगाना में संपूर्ण कराए गये 3 बड़े विकास कार्यो का अपने कर कमलों द्वारा फीता काटकर हजारों ग्रामीणों की मौजूदगी में उद्घाटन किया। ग्रामीणों की मांग पर यहां पूर्व प्रमुख विनोद मलिक ने अपनी माताजी ब्लाक प्रमुख पाल्लो देवी की निधि से एक बड़ा वाटर कूलर लगवाया। इसके अलावा गांव के मुकेश कुमार के घेर के सामने से शिव मंदिर की और सीसी रोड और नाली का निर्माण कराया। इस कार्य के पूरा होने पर ग्रामीणों ने खुशी जाहिर कर पूर्व प्रमुख विनोद मलिक और उनकी माताजी प्रमुख पाल्लो देवी का आभार जताया।

## रणजीत सिंह सैनी ने राजनीति शास्त्र विषय में यूजीसी नेट की परीक्षा में सफलता प्राप्त की

**मुजफ्फरनगर।** विश्व विद्यालय अनुदान आयोग द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर यूजीसी नेट की परीक्षा का आयोजन कराया जाता है जिसमें दिसंबर 2025 की परीक्षा का परिणाम आज घोषित किया गया। जिसमें शाहपुर क्षेत्र के पैतृक गांव ढिढावली सेनियान निवासी रणजीत सिंह जो पिछले 4 वर्ष से अलमासपुर क्षेत्र के सुख विहार कॉलोनी मुजफ्फरनगर में रह रहे हैं। जो इस समय आकांक्षा कॉलेज मीरापुर, मुजफ्फरनगर में सहायक प्रोफेसर के पद पर कार्यरत है जो लगातार शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रहे हैं। उन्होंने पिछले वर्ष शिक्षा शास्त्र विषय में भी यूजीसी नेट की परीक्षा उत्तीर्ण की थी और इस वर्ष राजनीति शास्त्र में यूजीसी नेट की परीक्षा में सफलता प्राप्त करके बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इनको पहले भी शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने के लिए पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। यूजीसी नेट की परीक्षा का आज रिजल्ट जारी किया गया जिसमें इन्होंने 65 प्रतिशत अंकों के साथ राजनीति शास्त्र विषय में सफलता प्राप्त करके अपने क्षेत्र व जिले का नाम रोशन किया है। यह परीक्षा उत्तीर्ण करने पर उनको आकांक्षा कॉलेज की प्राचार्या डा. अनुराधा मलिक सहित समस्त शिक्षकों ने शुभकामनाएं दी हैं।



# नौनिहालों की हत्या को लेकर लोसुपा ने जंतर मंतर पर दिया धरना

**बुढ़ाना।** दिल्ली जन्तर मन्तर पर सर्वजन लोकशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमपाल कश्यप के कुशल नेतृत्व में कश्यप समाज के नौनिहाल बालक और बालिकाओं की हृदय विदारक निर्मम हत्याओं, बलात्कारों एवं भेदभाव के विरूद्ध एक सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया गया। जिसमें कई प्रदेशों से आए पीड़ित परिवारों ने अपनी अपनी दुखद घटनाओं को मिडिया के सामने रखा।

भारतीय कश्यप सेना संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रताप सिंह खालसा, भारतीय वीर दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कसाना और प्रदेश अध्यक्ष विजय रिस्तल सहित टीम के पदाधिकारियों ने कश्यप समाज को न्याय दिलाने के लिए सरकार से अपील करते हुए कहा है कि गुर्जर समाज कश्यप समाज के साथ है। लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी के सुप्रीमो पूर्व सांसद राजकुमार सैनी के प्रतिनिधि के रूप में लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री अतर सिंह सैनी ने कश्यप समाज को विश्वास दिलाते हुए कहा है कि यदि शासन और प्रशासन ने एक महीने के अंदर अंदर कश्यप समाज के बालक और बालिकाओं को न्याय नहीं दिलवाया तो लखनऊ और नई दिल्ली की सड़कों से लेकर संसद तक जन आंदोलन होगा। हम इस मामले में कश्यप समाज के साथ खुले रूप से हैं। इस दौरान जंतर मंतर पर सैंकड़ों लोगों का जमावड़ा देखने और मिला।



# आठ फरवरी को सभी बूथ पर हाजिर रहेंगे बीएलओ

**मुजफ्फरनगर।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के अन्तर्गत विशेष अभियान दिवस 8 फरवरी, 2026 (रविवार) को समस्त बूथ लेविल अधिकारी अपने-अपने मतदेय स्थलों पर उपस्थित रहकर अर्ह मतदाताओं से फार्म प्राप्त करेगें। समस्त नागरिकों से अपील है कि इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठायें।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय कुमार सिंह ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सम्प्रति चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के अन्तर्गत जिलाधिकारी / जिला निर्वाचन अधिकारी, द्वारा 8 फरवरी, 2026 (रविवार) को विशेष अभियान की तिथि निर्धारित की गयी है। उक्त दिनांक को 18 वर्ष या इससे अधिक आयु वाले ऐसे पात्र व्यक्ति जिनके नाम अभी भी मतदाता सूची में सम्मिलित नहीं है, वे अपना नाम सम्मिलित कराने के लिए फार्म-6 में आवेदन कर सकते हैं।

डुप्लीकेट, शिफ्टेड तथा मृतक मतदाताओं के नामों को कटवाने के लिए प्रारूप-7 में आवेदन कर सकते हैं, नाम या अन्य किसी विवरण में संशोधन कराने के तथा एक ही विधान सभी निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत एक मतदेय स्थल से दूसरे मतदेय स्थल पर नाम स्थानान्तरित कराने के लिए फार्म-8 में आवेदन कर सकते हैं।

विशेष अभियान दिवस दिनांक 8 फरवरी, 2026 (रविवार) को समस्त बूथ लेविल अधिकारी अपने-अपने मतदेय स्थलों पर उपस्थित रहकर अर्ह मतदाताओं से फार्म प्राप्त करेगें। समस्त नागरिको से अपील है कि इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# सड़क किनारे मिली लावारिस नवजात बच्ची, ग्रामीण ने लिया परवरिश का जिम्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कोतवाली क्षेत्र के मलकपुर गांव में बुधवार सुबह उस समय भावुक माहौल बन गया, जब सड़क किनारे एक नवजात बच्ची लावारिस हालत में मिली। राहगीरों को बच्ची के रोने की आवाज सुनाई दी, जिसके बाद उन्होंने आसपास के ग्रामीणों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने बच्ची को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। नवजात को देखकर ग्रामीणों में एक ओर आक्रोश था, तो दूसरी ओर गहरी संवेदना भी दिखाई दी। इसी बीच गांव के ही एक व्यक्ति ने आगे बढ़कर मानवता की मिसाल पेश करते हुए बच्ची को अपने घर ले जाने और उसके पालन-पोषण की जिम्मेदारी लेने की घोषणा की। ग्रामीण ने कहा कि बच्ची को किसी भी तरह की कमी महसूस नहीं होने दी जाएगी। इस पहल की गांव भर में सराहना हो रही है। घटना की जानक.



ारी मिलते ही थाना कैराना पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी समय पाल अत्री ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। बच्ची को सड़क किनारे छोड़ने वाले अज्ञात व्यक्ति की तलाश शुरू कर दी गई है और आसपास के इलाकों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि नवजात की चिकित्सीय जांच भी कराई जा रही है और विधिक प्रक्रिया के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल यह घटना समाज के सामने कई सवाल खड़े करने के साथ-साथ मानवता की एक उम्मीद भी जगाती नजर आ रही है।

# मिशन शक्ति 5.0 के तहत छात्राओं को सिखाए सुरक्षा के गुर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के उद्देश्य से थाना कैराना पुलिस ने मिशन शक्ति 5।0 के तहत एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया। अभियान के दौरान छात्राओं और बालिकाओं को न सिर्फ उनके अधिकारों की जानकारी दी गई, बल्कि यह भी समझाया गया कि संकट की घड़ी में मदद कैसे और कहां से ली जाए। थाना प्रभारी समय पाल अत्री के नेतृत्व में मिशन शक्ति प्रभारी निरीक्षक पिंकी गोस्वामी और एंटी रोमियो टीम प्रभारी शिल्पी चौधरी ने जे।एच। इंटरनेशनल स्कूल में संवादात्मक कार्यक्रम आयोजित किया। यहां छात्राओं को उपनिरीक्षक शिल्पी चौधरी ने महिला पावर लाइन 1090, आपात सेवा 112, महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 के उपयोग के बारे




में सरल भाषा में जानकारी दी गई। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि छात्राओं को डिजिटल सुरक्षा और साइबर अपराधों, खासकर डिजिटल अरेस्टिंग जैसे नए खतरों के प्रति सतर्क किया गया।

प्रभारी निरीक्षक पिंकी गोस्वामी ने समझाया कि सोशल मीडिया और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर किसी भी संदिग्ध कॉल, मैसेज या लिंक से कैसे बचें और समय रहते शिकायत दर्ज कराएं।

महिला बीट अधिकारी स्वाति ने क्षेत्र की महिलाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला एवं बाल कल्याणकारी योजनाओं की जानक. ारी देते हुए बताया कि सभी थानों में महिला हेल्प डेस्क की सुविधा उपलब्ध है, जहां बिना झिझक अपनी समस्या साझा की जा सकती है। उन्होंने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और नारी सुरक्षा योजना जैसी योजनाओं के लाभों पर भी प्रकाश डाला। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि सशक्त और जागरूक महिलाएं ही सुरक्षित समाज की नींव हैं। अभियान का उद्देश्य डरमुक्त माहौल बनाना और महिलाओं को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है।

## फर्जी प्रमाण पत्रों के आधार पर एसआईआर में नाम शामिल करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** क्षेत्र के गांव महाव. तपुर निवासी एक व्यक्ति ने डीएम को शिकायती पत्र देकर फर्जी प्रमाण पत्र तैयार कर मतदाता सूची में नाम सम्मलित करने का आरोप लगाया है। गुरूवार को यशपाल पुत्र जयपाल ने डीएम को दिए शिकायती पत्र में ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र के गांव महावतपुर में एक टीम द्वारा जिसमें मोहित, वीरेन्द्र, रजनीश, तथा जन सेवा केन्द्र संचाक विपिन पुंडीर द्वारा फर्जी प्रमाण पत्र तैयार किए जा रहे हैं। जिसमें कुछ लोगों के नाम मतदाता सूची में सम्मलित किए गए है। उन्होने उक्त मामले की जांच कराकर वैधानिक कार्यवाही करने की मांग की है।

# 354 हिन्दू मतदाताओं के सूची से नाम गायब करने का आरोप

**खामियाजा भुगत रहे हैं मतदाता एस आई आर का झेल रहे हैं नोटिस की शिकायत लेकिन नहीं हुई कोई सुनवाई**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत 354 मतदाताओं पर एस आई आर नोटिस आ गए हैं। क्योंकि 1499 मतदाताओं की सूची से 1145 मतदाताओं को ही ऑनलाइन सूची में प्रदर्शित किया गया है। जिसके कारण 354 मतदाता अपने मतों के अधिकार से वंचित रह सकते हैं। अधिकारियों को लिखित एवं मौखिक शिकायत करने के बावजूद भी अभी तक समस्या का समाधान नहीं है। जबकि सभी हिंदू मतदाता है। लोगों में चर्चा है कि साजिश के तहत भी सूची से लोगों के नाम हटाए गए हैं। थाना भवन विधानसभा 396 और भाग संख्या 152 पर 2003 की एसआईआर सूची में 1499 मतदाताओं की सूची है। जिनमें से ऑनलाइन मैपिंग केवल 1144 मतदाताओं को ही किया गया है। 2003 की एस आई आर सूची को ऑनलाइन प्रदर्शित करते हुए केवल 1144 मतदाताओं को मैपिंग करने के कारण बाकी बचे 354 मतदाताओं पर एस आई आर सूची में अपने फार्म में सही जानकारी देने के बावजूद भी एस आई आर नोटिस आ गए हैं।

जानकारी मिली कि प्रशासन द्वारा सूची को ऑनलाइन प्रदर्शित नहीं किया गया। इस कारण यह समस्या पैदा हो रही है। जबकि 354 मतदाता बिना किसी कारण ही अपने मतदान के अधिकार से वंचित रह सकते हैं। इस बात की शिकायत मौखिक एवं लिखित जिला अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को की जा चुकी है।

यहां तक की बीएलओ के द्वारा भी लिखित शिकायत की गई है, लेकिन अभी तक भी समस्या का समाधान नहीं हुआ। नोटिस का जवाब तो मतदाताओं ने अपने कागज लगाकर नगर पंचायत थाना भवन में दे दिया है,लेकिन ऑनलाइन मैपिंग ना होने के कारण अभी तक भी समस्या का समाधान नहीं है। जबकि कोई भी अधिकारी समस्या का समाधान करना तो दूर सुनने को भी तैयार नहीं है।

### सूची से गायब सभी मतदाता हिंदू, लोगों में चर्चा

1499 मतदाताओ में से 1144 मतदाताओं की ही ऑनलाइन मैपिंग की गई है। बाकी बचे 354 मतदाता सभी हिंदू मतदाता हैं। लोगों में चर्चा है कि किसी ने सरकार को नुकसान पहुंचाने के इरादे से जानबूझकर षडडंत्र के तहत यह किया है। जिस कारण हिंदू मतदाता अपने मतदान के अधिकारों से वंचित रह जाए। पूर्व सभाषद उमेश सैनी ने बताया कि सभी जगह शिकायत की जा चुकी है लेकिन समाधान नहीं हुआ। वहीं वर्तमान सभासद विनोद सैनी का भी कहना है यह प्रशासन की गलती है और खामियाजा स्थानीय लोग भुगत रहे हैं।

## वांछित गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर कोतवाली पुलिस ने वाहन चोरी और मादक पदार्थ तस्करी के मामले में वांछित चल रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गत 9ध10 नवंबर 2025 की रात्रि में अभियुक्त आशू पुत्र अनिल निवासी ग्राम सालाखेड़ी थाना तितावी, जनपद मुजफ्फरनगर को तीन चोरी की बाइकों तथा एक बाइक के पार्ट्स सहित गिरफ्तार किया गया था। वहीं 29 अक्टूबर को अभियुक्त कपिल पुत्र अशोक निवासी ग्राम लिलौन थाना कोतवाली शामली को 204 ग्राम अवैध स्मैक के साथ पकड़ा गया था। इन दोनों मामलों में ग्राम लिलौन निवासी सूरज पुत्र अरविंद वांछित चल रहा था।वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए शहर कोतवाली पुलिस लगातार प्रयास कर रही थी। इसी क्रम में गुरुवार को चेकिंग अभियान के दौरान अभियुक्त सूरज पुत्र अरविंद निवासी ग्राम लिलौन को गिरफ्तार कर लिया।

# मेरठ-करनाल हाईवे पर सिंगरा मोड़ के पास हुआ हादसा

**बाइक सवार घायल, स्कॉर्पियो चालक ने निभाई इंसानियत की मिसाल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिडौली।** मेरठ-करनाल हाईवे पर सिंगरा मोड़ के समीप मंगलवार को एक सड़क दुर्घटना हो गई। करनाल की ओर से आ रही स्कॉर्पियो गाड़ी और बाइक की आमने-सामने भिड़ंत में बाइक सवार घायल हो गया। गनीमत रही कि हादसा गंभीर नहीं हुआ और किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सालापुर निवासी रियासत पुत्र शमशाद ढ्ढउम्र करीब 45 वर्षव्र झिंझाना से अपने गांव की ओर बाइक से जा रहे थे। जैसे ही वह सिंगरा मोड़ के पास पहुंचे, तभी वह गलत दिशा से ओवरटेक करते हुए सड़क पार करने लगे। इसी दौरान करनाल की ओर से नैनीताल जा रही एक नई स्कॉर्पियो गाड़ी से उनकी बाइक की




जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में बाइक का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि स्कॉर्पियो गाड़ी को भी भारी नुकसान पहुंचा है, जिसकी कीमत लाखों रूपए बताई जा रही है। टक्कर के बाद बाइक सवार रियासत सड़क पर गिरकर घायल हो गए। घटना के बाद स्कॉर्पियो चालक ने मानवीय संवेदना दिखाते हुए घायल को तत्काल अपनी ही गाड़ी से शामली स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। इतना ही नहीं, चालक द्वारा घायल के इलाज का पूरा खर्च स्वयं वहन किया गया, जिसकी क्षेत्र में लोग सराहना कर रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यह दुर्घटना सिंगरा चौकी के नजदीक स्थित मोड़ पर हुई, जहां अक्सर गलत दिशा में वाहन चलाने और तेज रफ्तार के कारण हादसे होते रहते हैं। सूचना मिलने पर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को घटना की जानकारी दी। फिलहाल घायल रियासत की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी है। इस घटना के बाद क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से हाईवे पर यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराने और दुर्घटना संभावित स्थलों पर उचित संकेतक लगाने की मांग की है।



# विद्यार्थियों को यातायात के प्रति किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** पुलिस प्रशासन द्वारा यातायात नियमों के प्रति आमजन, खासकर युवाओं में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को झिंझाना थाना की सीसी टीम ने जय सीताराम किसान इंटर कॉलेज में एक जागरूकता शि. विर का आयोजन किया।यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक के निर्देशों एवं थाना प्रभारी वीरेंद्र कसाना के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। सीसी टीम प्रभारी उपनिरीक्षक सतीश सिंह ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए सड़क सुरक्षा के मूलभूत नियमों की जानकारी दी। उन्होंने दुपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट एवं चार पहिया वाहन चालकों व यात्रियों के लिए सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, गति सीमा का पालन तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन के उपयोग न करने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान कांस्टेबल अंकुर तोमर एवं गौरव तोमर ने भी विद्यार्थियों के साथ संवाद स्थापित किया और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रण कुमार ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शैक्षिक कार्यक्रम युवा पीढ़ी को जिम्मेदार नागरिक बनने में मदद करते हैं। पुलिस टीम ने स्पष्ट किया कि जागरूकता प्रयासों के साथ-साथ नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों के तहत कड़ी कार्रवाई भी जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि इस अभियान का मुख्य लक्ष्य भय उत्पन्न करना नहीं, बल्कि स्वैच्छिक अनुपालन को बढ़ावा देकर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना है।

## 10 फरवरी को मनाया जाएगा कृमि दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सीएमओ डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि जनपद शामली में आगामी 10 फरवरी को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस अभियान के तहत 1 से 19 वर्ष तक के सभी बच्चों एवं किशोर-किशोरियों को कृमिनाशक दवा एल्बेंडाजोल निशुल्क खिलाई जाएगी। सीएमओ ने बताया कि यह दवा सभी सरकारी व निजी स्कूलों, मदरसों तथा आंगनवाड़ी केंद्रों पर उपलब्ध कराई जाएगी। 1 से 2 वर्ष तक के बच्चों को 200 मिलीग्राम, आधी गोली तथा 2 से 19 वर्ष तक के बच्चों को 400 मिलीग्राम की एक गोली चबाकर या पीसकर खिलाई जाएगी। जो बच्चे किसी कारणवश 10 फरवरी को दवा नहीं ले पाएंगे, उन्हें 13 फरवरी को आयोजित मॉप-अप दिवस पर दवा दी जाएगी।उन्होंने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि अपने बच्चों को मिनाशक दवा अवश्य दिलाएं, ताकि कृमि जनित रोगों जैसे रक्ताल्पता ढ्ढएनीमियाक्क और कुपोषण से बचाव हो सके तथा बच्चों का मानसिक और शारीरिक विकास सामान्य रूप से हो। स्वास्थ्य विभाग द्वारा अभियान को सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## क्राइम

### युवती लापता, किसी के साथ जाने की आशंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कोतवाली कैराना क्षेत्र के गांव ऊंचागांव से एक 21 वर्षीय युवती के लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने युवती के किसी अज्ञात व्यक्ति के साथ जाने की आशंका जताते हुए कोतवाली में तहरीर दी है। गांव ऊंचागांव निवासी नीरज ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी 21 वर्षीय ममेरी बहन निवासी गांव चडाव, थाना गंगोह, जनपद सहारनपुर, कुछ समय से उसके घर रह रही थी। बुधवार दोपहर करीब 11 बजे शालिनी घर से कहीं चली गई। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लग सका। परिजनों का कहना है कि युवती किसी अज्ञात व्यक्ति के साथ चली गई है। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि युवती की तलाश के लिए संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है और जल्द ही उसे बरामद कर लिया जाएगा।

### शादी में गया युवक संदिग्ध परिस्थिति में गायब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** नगर से 3 दिन पूर्व शादी कार्यक्रम में गया एक युवक संदिग्ध परिस्थिति में गायब हो गया। घटना को लेकर परिजनों ने स्थानीय थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं परिजन युवक की तलाश में जुटे हैं।

नगर के मोहल्ला खेल निवासी युवक संदीप कुमार उर्फ बुदली पुत्र राजपाल पिछले तीन दिन से लापता है। युवक के भाई कुलदीप पांचाल ने बताया कि उनका भाई संदीप कुमार दिमाग से थोड़ा मंदबुद्धि है। भाई संदीप परिवार के साथ जनपद सहारनपुर के गांव गोसगढ़ सिकंदरपुर मे सोमवार को अपने मामा के लडके की शादी मे शामिल होने के लिए गया था। जो शाम के समय संदिग्ध परिस्थिति मे वहां से गायब हो गया। युवक की गांव व आसपास के क्षेत्र मे काफी तलाश की गई मगर कोई सुराग नहीं लग पाया। परिजनों स्थानीय थाने में युवक की गुमशुदगी की सूचना दी है।

### चोरी के मामले में डेढ़ साल का कारावास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** चोरी के मामलों में अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के तहत शामली पुलिस की प्रभावी पैरवी रंग लाई है। माननीय न्यायालय ने चोरी के एक मामले में दोषी पाए गए अभियुक्त को जेल में बिताई गई अवधि की सजा और आर्थिक दंड से दंडित किया है।

पुलिस के अनुसार, वर्ष 2021 में सूफियान पुत्र कल्लू निवासी मोहल्ला खैल, थाना कांधला जनपद शामली के खिलाफ थाना कैराना पर मुकदमा संख्या 624/2021 धारा 379/411 भादवि के तहत मामला दर्ज किया गया था। विवेचना के बाद पुलिस ने न्यायालय में सशक्त और प्रभावी पैरवी की। मामले की सुनवाई पूरी होने के बाद बुधवार को माननीय न्यायालय ने अभियुक्त को जेल में बिताई गई अवधि एक वर्ष छह दिन के कारावास की सजा सुनाई। साथ ही अभियुक्त पर पांच हजार रूपए का अर्थदंड भी लगाया गया है। न्यायालय ने आदेश दिया है कि अर्थदंड अदा न करने की स्थिति में अभियुक्त को 15 दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। पुलिस प्रशासन का कहना है कि अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई और न्यायालय में प्रभावी पैरवी आगे भी जारी रहेगी, ताकि अपराध पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जा सके।

# न्यायालय शामली में अंशकालिक स्वीपर के एक पद पर होगी नियुक्ति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** जनपद न्यायालय शामली स्थित कैराना में अंशकालि. कध्संविदा आधार पर स्वीपर के एक पद पर नियुक्ति की जाएगी। इस संबंध में प्रशासनिक समिति के अध्यक्ष एवं अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश सुरेन्द्र कुमार राय ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के निर्देशों एवं शासनादेशों के अनुपालन में यह नियुक्ति की जानी है। चयनित अभ्यर्थी को 8840 रूपए प्रतिमाह नियत पारिश्रमिक प्रदान किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप पर अपना आवेदन पत्र 5 फरवरी से 21 फरवरी 2026 की सायं चार बजे तक नजारत अनुभाग, जनपद न्यायालय शामली में व्यक्तिगत रूप से अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से जमा कर सकते हैं।

21 फरवरी के बाद प्राप्त आवे. दन पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे। आवेदन के लिए अभ्यर्थी का कक्षा पांच उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। 1 फरवरी 2026 को आयु 18 से 40 वर्ष के बीच होनी चाहिए। आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को नियमानुसार आयु सीमा में छूट दी जाएगी। पात्र अभ्यर्थियों को मौखिक साक्षात्कार के लिए सूचित किया जाएगा। साक्षात्कार में शामिल होने पर किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। पूर्व में किसी विभाग या कार्यालय में स्वीपर के रूप में कार्य कर चुके अभ्यर्थियों को अनुभव प्रमाण पत्र के आधार पर वरीयता दी जाएगी।आवेदन पत्र के साथ शैक्षिक, आवासीय, जाति, अनुभव प्रमाण पत्र और यह शपथपत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा कि अभ्यर्थी के विरुद्ध कोई आपराधिक मामला लंबित नहीं है और न ही उसे किसी न्यायालय द्वारा दंडित किया गया है। अपूर्ण आवेदन पत्रों को निरस्त कर दिया जाएगा। यह नियुक्ति अल्पकालीन होगी। आवेदन का निर्धारित प्रारूप प्रशासनिक कार्यालय, जनपद न्यायाधीश शामली से प्राप्त किया जा सकता है।




## सुनहरा कलः स्वच्छ वसंत कार्यक्रम का आयोजन

**शामली।** नगर पालिका परिषद शामली एवं आईटीसी मिशन सुनहरा कल टीम के संयुक्त तत्वावधान में गुरूवार को स्वच्छ वसंत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम उत्तर प्रदेश सरकार की गाइडलाइन के अनुसार शहर के शिवग. ंज मंडी में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत नगर पालिका परिषद की स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर एवं मोहल्ला स्वच्छता समिति अध्यक्ष बीना अग्रवाल के नेतृत्व में रेखा जैन के आवास पर टेरिस गार्डन का सौंदईकरण किया गया। इस दौरान वेस्ट सामग्री जैसे थर्माकोल, पुराने जूते, टूटी-फूटी प्लास्टिक की बाल्टियां व बोतलों का उपयोग कर उनमें फूलों के पौधे लगाए गए।मोहल्ला स्वच्छता समिति के सदस्यों ने घरों में गीले कचरे से तैयार जैविक खाद का उपयोग पौधों में करते हुए लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। उन्होंने संदेश दिया कि कचरे का उत्पादन कम करें, गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग रखें तथा घर पर ही होम कम्पोस्टिंग अपनाकर जैविक खाद तैयार करें। इससे कचरा प्रबंधन बेहतर होने के साथ-साथ पेड़-पौधों की हरियाली भी बढ़ेगी। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद के सफाई खाद्य निरीक्षक अनिल कुमार, बीना अग्रवाल, पूनम संगल, रेखा जैन, सुनील कुमार, प्रवीण कुमार, रिचा उपस्थित रहे।

# द न्यू हाइट्स एकेडमी में दो दिवसीय जीके क्विज प्रतियोगिता का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** द न्यू हाइट्स एकेडमी में आयोजित दो दिवसीय सामान्य ज्ञान (जीके) क्विज प्रतियोगिता का उत्साहपूर्ण और अनुशासित माहौल में समापन हो गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में ज्ञान वृद्धि के साथ-साथ तार्किक सोच, त्वरित निर्णय क्षमता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास करना रहा। प्रतियोगिता को चार श्रेणियों में विभाजित किया गया था। पहले दिन श्रेणी-1 एवं श्रेणी-2 के मुकाबले कराए गए, जबकि दूसरे दिन श्रेणी-3 और श्रेणी-4 के बीच रोचक मुक. ाबले हुए। श्रेणी-3 में कड़े संघर्ष के बाद ऑक्सफोर्ड हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि हार्वर्ड हाउस



उपविजेता रहा। वहीं श्रेणी-4 में हार्वर्ड हाउस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया और ऑक्सफोर्ड हाउस को उपविजेता घोषित किया गया। समापन अवसर पर आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीमों को शील्ड, मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर अपराध इंस्पेक्टर योगेंद्र सिंह और मिशन शक्ति केंद्र कैराना प्रभारी निरीक्षक पिंकी गोस्वामी विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने विद्यार्थियों के ज्ञान, आत्मविश्वास और अनुशासन की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं छात्रों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार, शिक्षकगण, अभिभावकों और विद्यार्थियों ने आयोजन को सफल और प्रेरणादाई बताया।

# आयुष्मान के माध्यम से फर्जीवाड़ा कर रुपये निकालने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** आयुष्मान कार्ड के माध्यम से फर्जीवाड़ा कर रूपए निकालने का आरोप लगाते हुए एक व्यक्ति ने जिलाधिकारी से मामले की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है। पीडित ने आरोप लगाया कि उक्त हॉस्पिटल की एक महिला ने दो हजार रूपये का लालच देकर हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। जनपद बागपत के ग्राम राजपुर खामपुर, थाना बड़ौत निवासी गुलशार पुत्र जमशेद ने गुरूवार को जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसने 29 जनवरी 2026 को अपनी पत्नी फरहीन की शारीरिक जांच ग्लोबल शांति केयर हॉस्पिटल, कैराना रोड शामली में अपने खर्च पर कराई थी, जिसमें कोई गंभीर बीमारी नहीं पाई गई थी। आरोप है कि पत्नी के मायके ताजपुर सिम्भालका निवासी आशा नामक महिला ने पीडित को बिना बताए उसकी पत्नी को बहला-फुसलाकर और 2000 रूपए का लालच देकरद अगले दिन 30 जनवरी को शहर के एमएसके रोड स्थित देव हॉस्पिटल में भर्ती करा दिया। बताया कि उक्त महिला प्रतिदिन सुबह पत्नी को अस्पताल ले जाती और शाम को घर छोड़ देती थी। 3 फरवरी को अस्पताल से छुट्टी करा दी गई और पत्नी को 2000 रूपए भी दिए गए, जिसकी रिकॉर्डिंग उसके पास मौजूद है। आरोप लगाया कि आशा और अस्पताल की मिलीभगत से उसकी पत्नी के आयुष्मान कार्ड का दुरूपयोग कर फर्जी तरीके से रूपए निकाले गए हैं।

# दीन व दुनियावी तालिम हासिल करें: मौलाना यूनुस

## मौलवियत, आलिमियत व इस्लामी कोर्स की डिग्री करने वाली 17 बालिकाएं मदरसे में सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** मदरसा अलबनात अल मसीहिया में हदीस ए शरीफ बुखारी शरीफ के समापन के अवसर पर वार्षिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस खास मौके पर मदरसे की 17 मेधावी बालिकाओं को मौलवीयत आलिमियत एवं अन्य इस्लामी कोर्सों की डिग्रियां एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया

मुस्लिम कॉलोनी में स्थित कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए प्रमुख अतिथि जामिया काशिफुल उलूम के उस्ताद मौलाना यूनुस ने कहा कि इस्लामी इल्म की रोशनी फैलाने वाली ये बेटियां मदरसे का मान बढ़ा रही हैं उन्होंने कलाम-ए-पाक से जुड़े कोर्स पूर्ण करने वाली छात्राओं की मेहनत की सराहना की और उन्हें समाज में सकारात्मक योगदान देने की प्रेरणा दी। उन्होंने दीनी व दुनियावी तालिम हासिल करने पर जोर दिया। मदरसे के मौलाना मोहम्मद नाजिम काजमी ने सभी छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी



हमारी मेधावी छात्राओं ने अपनी लगन से मदरसे का नाम रौशन किया है। यह उपलब्धि पूरे इलाके के लिए गर्व का विषय है। कार्यक्रम के समापन पर मोहतमिम एवं नाजिम मौलाना मोहम्मद आसिफ नदवी ने छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विशेष रूप से अतिथि मौलाना आलिम का आभार जताया, जिन्होंने छात्राओं को इस्लामी शिक्षा के साथ आधुनिक चुनौतियों का सामना करने की सलाह दी और उनके बेहतर कल के लिए दुआएं कीं। कार्यक्रम का संचालन मौलाना मोहम्मद आसिफ ने किया। मौके पर उपस्थित सभी गणमान्य मौलानाओं, शिक्षकों, छात्र-छात्राओं और अतिथियों ने क्षेत्र एवं देश के उज्जवल भविष्य के लिए खास दुआएं मांगीं। सम्मानित होने वाली छात्राओं में सानिया खान शिफा सईद, आयशा, नाजिया जैबा जायरा, फोजिया, मेमुना मेहविश अफसरा सहित अन्य शामिल रहीं।

# जयकारों से गूंजा वैष्णोधाम व हनुमान मंदिर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरसावा ।** अम्बाला रोड श्री शक्तिपीठ वैष्णो धाम हनुमान मंदिर में वार्षिकोत्सव महोत्सव एवं यज्ञ के दूसरे दिन 64 योगिनी पूजा एवं नवग्रह पूजा और क्षेत्रफल की पूजा की गई महासत् चंडी यज्ञ के जयकारों से चारों ओर वातावरण भक्तिमय बन गया है।

वैष्णो धाम मंदिर के संस्थापक संजय जी महाराज ने बताया कि 4 फरवरी से 8 फरवरी तक महा सत् चंडी यज्ञ एवं पूजन का आयोजन चल रहा है। इस वार्षिक महोत्सव में 16 पंडित 24 घंटे अखंड सत चंडी यज्ञ का उच्चारण कर 5 दिन चलने वाले जो भक्तगण इस आयोजन में आकर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं वह धन-धान्य से परिपूर्ण होकर हमेशा माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं सभी हवन पूजन यज्ञ योगाचार्य आचार्य पंडित अमित भारद्वाज के



सानिध्य में आचार्य सोनू शास्त्री आचार्य भानु आचार्य विकास दीक्षित आचार्य विशाल आचार्य प्रदीप आचार्य सत्यम त्रिपाठी आचार्य दिव्यांश आचार्य अनुराग द्विवेदी आचार्य अभिषेक आचार्य शिवम आचार्य बृजेश मिश्रा आचार्य आशीष आचार्य विशाल के द्वारा किया जा रहा है कार्यक्रम मे राजकुमार तोमर, रमेश कुमार, दिनेश कुमार, पवन कुमार, महेश कुमार, गजेंद्र वर्मा, रजनीश विनोद सचिन सागर वालिया आर्यन वालिया अर्चित सिंगल प्रवीण रुड़की विपुल चौधरी सागर चौधरी चौधरी महेंद्र सिंह, जयपाल विनोद अर्चित सिंगल, महेंद्र बोनसा, बृजमोहन शर्मा, सिंह, शक्ति चौधरी, विपिन चौधरी मौजूद रहे!

# नकुड़ में पटरी से उतरी दिखी यातायात व्यवस्था



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** नगर में यातायात व्यवस्था पूरी तरह पटरी से उस समय उतर गई जब चारों तरफ लगे जाम ने आमजन का जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया। सुबह से शाम तक कस्बे की सड़कों पर वाहनों की अंतहीन कतारें लगी रहीं। लोग घंटों जाम में फंसे रहे। हालात ऐसे रहे कि पैदल चलना भी मुश्किल हो गया।

गुरुवार को सुबह होते ही बस स्टैंड, विश्वकर्मा चौक, तहसील मुख्यालय, मुख्य बाजार, शहीद अशफाक उल्ला खान चौक, तिरंगा तिराहा, शाहजहांपुर मार्ग, होली वाला, अंबेडकर चोंक, नयागांव रोड सहित नगर के सभी प्रमुख चौराहों पर जाम की स्थिति बन गई। मिनटों का सफर तय करने में लोगों को घंटों का समय लग गया। बाजार में अव्यवस्था फैल गई। दुकानदारों के साथ साथ ग्राहकों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। दोपहर के समय हालात ऐसे हो गए कि स्कूली बच्चे भी जाम में फंस गए। छोटे छोटे बच्चे सड़कों पर वाहनों के बीच खड़े नजर आए जिससे अभिभावकों की चिंताएं बढ़ गई। जाम के कारण एंबुलेंस सहित आवश्यक सेवाओं के वाहनों को भी रास्ता बनाने में कठिनाई हुई। कई स्थानों पर वाहन चालकों में आपसी नोकझोंक की स्थिति बन गई जिससे यातायात अधिक प्रभावित हुआ। यातायात व्यवस्था को संभालने के लिए पुलिस दिनभर सड़कों पर तैनात रही और व्यवस्था दुरुस्त करने में जुटी रही। हालांकि सड़क किनारे अतिक्रमण व वाहनों की बढ़ती संख्या के आगे पुलिस के प्रयास नाकाफी साबित हुए। दिनभर चले इस जाम ने नगर की यातायात व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# गैस गीजर फटने से महिला की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** बाथरूम में नहाते समय गैस गीजर फटने से एक 50 वर्षीय महिला की मौत हो गई। घटना से सनसनी फैल गई।

मौहल्ला कायस्थान निवासी अभय जैन सुबह अपनी दुकान पर पहुंचे करीब गयारह बजे उन्होंने अपने घर फोन किया तो उधर से कोई रेस्पॉन्स नहीं मिला तो अभय किसी अनिष्ट की आशंका के कारण आनन फानन में अपने घर पर पहुंचे तो अपनी पत्नी को आवाज दी कोई प्रतिक्रिया नहीं होने पर शक की वजह से बाथरूम का दरवाजा तोड़ा गया तो भीतर का नजारा देख उनके होश उड़ गए उनकी पत्नी पूनम 50 वर्ष अचेत अवस्था में पड़ी थी। आनन फानन में चिकित्सक को बुलाया गया उन्होंने पूनम को मृत घोषित कर दिया घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

# खेलकूद के साथ रंगारंग प्रस्तुतियों से मनमोहा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** पीएम श्री विद्यालय शासन के निर्देशानुसार आयोजित दो दिवसीय वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान खेलकूद प्रतियोगिताओं के साथ साथ रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन केएलजीएम इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य गौरव मिश्रा ने किया। उन्होंने कहा कि खेलकूद गतिविधियां बच्चों के शारीरिक विकास के साथ साथ मानसिक और बौद्धिक क्षमता को भी मजबूत करती हैं। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने गोला फेंक, कबड्डी, लंबी कूद तथा 200 मीटर दौड़ जैसी प्रतियोगिताओं



में भाग लिया, जिसमें लक्की, वैष्णवी, तोहिद, मीनाक्षी, अब्दुल्ला आदि ने शानदार प्रदर्शन कर पदक एवं ट्रॉफी अपने नाम की। इसके अतिरिक्त शिक्षिका एकता सैनी एवं अरविंद कुमार के निर्देशन में विद्यालय के बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों की भरपूर तालियां बटोरी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनूप सिंह ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप इस प्रकार के आयोजनों का उद्देश्य बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है, जिससे उनमें आत्मविश्वास और प्रतिभा का निखार हो सके। कार्यक्रम में डायट प्रवक्ता संजय कुमार, सुशील कुमार, विनोद कुमार, एसएमसी अध्यक्षा बबीता देवी, जयप्रकाश, सभासद विपिन पाल सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने भी बच्चों के प्रदर्शन की सराहना की।

आयोजन को सफल बनाने में शाजिया बेगम, प्रतीक्षा रमन, अनुज कुमार, अनिल कुमार, रश्मि, उमा, अनुराधा, आशु धीमान, खालिदा परवीन, मंगेश कुमारी आदि रहे।

# चोरी का खुलासा, एक पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** कोतवाली नकुड़ पुलिस ने चोरी की दो अलग अलग घटनाओं का खुलासा करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार ने पत्रकारों को बताया कि नगर में अज्ञात चोर द्वारा एक दुकान की छत फाड़कर गल्ले से पन्द्रह हजार रुपये नकद तथा लगभग 35 हजार रुपये का अन्य सामान चोरी कर लिया गया था। इसी दौरान पड़ोसी सद्दाम की दुकान की छत को भी नुकसान पहुंचाया गया। पीड़ित की तहरीर के आधार पर मु0अ0स0 47/26 धारा 331(2)/305(ए) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। दूसरी ओर ग्राम हसनपुर निवासी सोराज सिंह पुत्र रतन सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनके खेत से साढ़े सात एचपी की बिजली मोटर एवं केबिल चोरी कर ली गई। इस मामले में पुलिस ने मु0अ0स0 38/26 धारा 303(2) बीएनएस में अभियोग पंजीकृत किया था।

दोनों मामलों के खुलासे के लिए प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार सोनकर के नेतृत्व में पुलिस टीम लगातार चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान नयागांव रोड स्थित बंद पड़े पेट्रोल पंप के पास से मुरसलीन उर्फ छोटा पुत्र इकबाल उर्फ बाला निवासी ग्राम कुंडा कलां, थाना गंगोह को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 3 बोतल सरसों का तेल, 3 पैकेट बिस्कुट, 2 पैकेट नमकीन, 170 रुपये सिक्के व 3000 रुपये नकद बरामद हुए। बरामदगी के आधार पर अभियोगों में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई है। अभियुक्त को न्यायालय में पेश किया जा रहा।

# बच्चे सर्वांगीण विकास व चरित्र का निर्माण करें: शमीम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** प्राथमिक विद्यालय नंबर 2 में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का जोरदार आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शमीम, एसएमसी अध्यक्ष रुखसार के रूप में विद्यालय पहुंचे और बच्चों के उत्साह को देखकर प्रसन्न हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद अतिथियों का पुष्प-मालाओं और स्वागत गीत के साथ जोरदार स्वागत किया गया। विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अतिथियों के सम्मान में वेलकम डांस प्रस्तुत किया। इसके अलावा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में बाल विवाह, सोशल मीडिया की कुरीतियों जैसी सामाजिक बुराइयों को दूर करने का संदेश दिया गया। छोटे बच्चों ने अपनी मधुर आवाज में कविताएं सुनाकर



सबका मन मोह लिया।

मुख्य अतिथि शमीम ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि ष्आप भारत का भविष्य हैं। शिक्षा को निरंतर आगे बढ़ाएं, मेहनत करें और उज्जवल भविष्य का निर्माण करें।ष उन्होंने बच्चों के सर्वांगीण विकास और अच्छे चरित्र निर्माण पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान खेलकूद प्रतियोगिताओं में भी बच्चों ने भाग लिया। 100 मीटर और 50 मीटर दौड़ में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। साथ ही सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देने वाले बच्चों को भी पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम का संचालन कुशलतापूर्वक श्रीमती अंजली आर्य ने किया। अंत में सभी बच्चों और अतिथियों को चाकलेट वितरित की गई। प्रधानाध्यापक श्री करण सिंह ने सभी अतिथियों, अभिभावकों और स्टाफ का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम का समापन किया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ में मोहम्मद नसीम, मीनाक्षी, सोनिया, कमलेश, रेखा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहित अभिभावक और बच्चे रिजा, फलक, सुमैया, अर्शी, जिया, आयशा, अहद, जैनब, अल्तमश, असद हुसैन, आखिफा आदि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम बच्चों की प्रतिभा, शिक्षकों की मेहनत और समुदाय की भागीदारी का उत्कृष्ट उदाहरण साबित हुआ।

# तीन लाख रुपये कीमत की स्मैक समेत पकड़ा

**चिलकाना।** थाना पुलिस टीम ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले एक शातिर अन्तर्राज्यीय आरोपी नशा तस्कर को करीब तीन लाख रूपये कीमत की 15 ग्राम स्मैक सहित गिरफ्तार किया है।

जानकारी के मुताबिक मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के तहत थाना प्रभारी विनोद कुमार की अगुवाई में पुलिस तथा मिशन शक्ति टीम ने बुधवार को रात्रि के समय गस्त तथा चौकिंग के दौरान मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले शातिर आरोपी अन्तर्राज्यीय नशा तस्कर खालिद पुत्र इस्तियाक निवासी वार्ड नम्बर 17 शिव नगर कालौनी नियर बाबा बालकनाथ मन्दिर कैम्प यमुनानगर हरियाणा प्रदेश को फिरोजाबाद मार्ग से अब्दुल्लाहपुर

**■ थाना चिलकाना पुलिस का तस्करों के विरुद्ध अभियान**

अहाडी जाने वाले रास्ते पर गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया है कि आरोपी खालिद के खिलाफ पूर्व से भी 07 आपराधिक मामले हरियाणा व यूपी के अलग अलग थानों पर दर्ज है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसओ विनोद कुमार, एसआई नरेन्द्र सोलंकी, महिला एसआई माधुरी शर्मा, कांस्टेबल कृष्णवीर सिंह तथा गोपाल सोलंकी शामिल रहे।

# ग्राम पंचायतों के कार्यों में आए गति: योगेन्द्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** ब्लॉक मुजफ्फराबाद सभागार में खंड विकास अधिकारी योगेंद्र चौधरी की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत व ग्राम विकास अधिकारियों, तकनिकी सहायकों व रोजगार सेवकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में ग्राम पंचायतों में विभिन्न कार्यों को गति देने के संबंध में कई महत्वपूर्ण दिए निर्देश। बीडीओ योगेंद्र चौधरी ने ग्राम सचिवों को सड़कों पर घूम रहे गोवंश को गौशालाओं में भेजने एवं गौशालाओं में भूसा, चारा एवं गौवंश की देख-रेख सम्बंधित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पर्याप्त करने के निर्देश



दिए। जन्म- मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए लोगों को भटकना न पड़े, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र की गहनता से जाँच करने एवं परिवार रजिस्टर की नकल में फर्जीवाड़े ना हो पाये। आवास योजना के तहत आवास के कार्य में गति लाने, राशन कार्ड, पेंशन व फैमिली आईडी कार्य में गति लाने, लंबित मनरेगा कार्यों को पूर्ण करने एवं सभी ग्राम सचिवों को अपने-अपने पंचायत क्षेत्रों में पूरी तरह अपडेट रहने और स्वच्छता संबंधी सभी कार्यों को सही तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए गये। बैठक में समस्त ग्राम पंचायत एवं ग्राम विकास अधिकारी, तकनिकी सहायक, रोजगार सेवक के अलावा प्रवीन कुमार शर्मा, ललित कुमार, प्रवीन कुमार, ललित कुमार, अभिषेक डोभाल आदि मौजूद रहे।

# स्कूल में चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** कोतवाली के उच्च प्राथमिक विद्यालय बुढ़नपुर (मर्ज) की दीवार में सेंध लगाकर चोर स्मार्ट क्लास में लगा इन्वर्टर, बैटरी सेट, कैमरा डीवीआर और कार्यालय परिसर में लगे दो कैमरे चुरा ले गए। घटना का पता बुधवार सुबह स्कूल खुलने पर चला।

अध्यापिका इंचार्ज प्रधानाचार्य रेखा देवी ने कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा है कि रविवार की छुट्टी के बाद बुधवार को स्कूल खुलने पर चोरी का पता चला। इस दौरान चोरों ने कमरे के पीछे की दीवार में सेंध लगाकर स्मार्ट क्लास के सभी उपकरण उखाड़ लिए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने पडताल की।

# नकदी व आभूषण बरामद, तीन दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** चोरी की घटना का अनावरण करते हुए 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 16,000 रुपये की नगदी व एक जोडी पाजेब बरामद की है।

ग्राम बेगी रुस्तम निवासी वादिया शबनम पत्नी अब्दुल वाजिद ने अभियुक्त रहमान पुत्र नामालूम पर सहारनपुर से गंगोह आते समय टाटा मैजिक की छत पर रखे वादिया के बैग से सोने चाँदी के जेवरात व 4,500 रुपये चुराने का मुकदमा कायम कराया था। उच्चाधिकारियों के निर्देशन में कोतवाली पुलिस द्वारा चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार के कुशल नेतृत्व में अभियुक्तगण 1. इस्लाम उर्फ टरकोनी पुत्र रफीक 2. अकरम उर्फ लोटा पुत्र रफीक निवासीगण ग्राम अलीपुरा थाना सरसावा जनपद सहारनपुर 3.अरशद पुत्र मंसूर निवासी ग्राम जगेहता नजीब थाना सरसावा जनपद सहारनपुर को विद्यार्थी तिराहे से बाईपास रोड पर से चोरी के सामान व रूपये के साथ गिरफ्तार किया गया और उनके कबजे से बरामदगी के आधार पर मुकदमा कायम कर अभियुक्तगण के विरुद्ध विधिक कार्यवाही शुरु करदी गई है। आरोपियों के खिलाफ कई थानों में अपराधिक मुकदमें दर्ज है।

**❑सहारनपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष बंसल ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के अंतर्गत मतदाता सूची को अद्यतन किए जाने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार मतदाता सूची को त्रुटिरहित एवं समावेशी बनाने के लिए यह प्रक्रिया संचालित की जा रही है।

**कार्यालय महाप्रबन्धक ( जल ), नगर निगम सहारनपुर।**

पत्रांक 1190/ ज.क./न.नि.सहा./2025-26 — दिनांक 05 फरवरी, 2026

**-: ई- निविदा सूचना :-**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि, जलकल अनुभाग, नगर निगम सहारनपुर द्वारा 22 नग शिरोपरि जलाशय (OHT) की बाहरी दीवारों एवं 124 नग पम्प हाउसों की दीवारों पर वॉल पेन्टिंग के माध्यम से विज्ञापन हेतु नगर निगम विज्ञापन उपविधि 2016 (विज्ञापन बाइलॉज) के अनुपालन में प्रीमियम की न्यूनतम दर का निर्धारण हेतु एवं नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत नालों की सफाई हेतु किराये पर एक नग सुपर सकर मशीन लेकर कार्य कराये जाने हेतु अनुभवी एवं अन्य योग्यता धारी फर्मो से दिनांक 17-02-2026 को अपरान्ह: 3:00 बजे तक वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर डबल बिड सिस्टम से (टेक्निकल /फाईनेन्सियल) ऑनलाईन के माध्यम से ऑफर आमन्त्रित किया जाता है, निविदा एवं समस्त अभिलेख वेबसाइट etender.up.nic.in पर दिनांक 06-02-2026 से दिनांक 17-02-2026 को अपरान्ह: 03:00 बजे तक उपलब्ध रहेगे, जहाँ से इसे डाउनलोड किया जा सकता है तथा ठेकेदार/फर्मे दिनांक 17-02-2026 को अपरान्ह: 3:00 बजे तक वेबसाइट etender.up.nic.in पर ऑनलाईन अपना ऑफर डाल सकते है, टेण्डर मूल्य एवं धरोहर राशि ऑनलाईन के माध्यम से वेबसाइट etender.up.nic.in पर ही देय होगी। निविदा के साथ RFP/निविदा प्रपत्र में उल्लेखित शर्तों में मांगे गये आवश्यक अभिलेख निविदादाताओं फर्मों को ऑनलाइन टेक्निकल बिड में स्वप्रमाणित प्रपत्र अपलोड करना अनिवार्य होगा। स्वप्रमाणित प्रपत्र अपलोड न करने की दशा में निविदा निरस्त कर दी जायेगी, जिस हेतु कोई कलेम मान्य नही होगा। ऑनलाईन टेक्निकल बिड www.etender.up.nic.in पर दिनांक 17-02-2026 को सायं 4:00 बजे समिति द्वारा खोली जायेगी, विस्तृत शर्ते, विवरण, एवं निविदा प्रपत्र वेबसाईट https://etender.up.nic.in एवं www.saharanpur.nic.in पर उपलब्ध है-

| | |
|---|---|
| E-Bid Reference | पत्रांक 1190 दिनांक 05.02.2026 |
| Publish Date and time for RFP | दिनांक 06.02.2026 से |
| Last Date time for submission of E-Bids | दिनांक 17.02.2026 को अपरान्ह 3:00 बजे तक |
| Date and time of Technical opening bids | दिनांक 17.02.2026 को साय: 4:00 बजे |
| Palace of opening of E-bids | JalKal Vibhag, Nagar nigam Saharanpur |
| E-Bids security of E-Bids | As per RFP/ Tender Notice |
| E-tender Document Processing fee | As per RFP/ Tender Notice |

**अधिशासी अभियन्ता ( जल )**
**सहारनपुर नगर निगम**

# संस्कारशाला में समझाया जीवन मूल्य




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** पठेड़ के सत्संग आश्रम परिसर में दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के तत्वाधान में संस्कारशाला कार्यक्रम का सफल एवं प्रेरणादायक आयोजन किया गया।

बृहस्पतिवार को आयोजित उपरोक्त कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के माध्यम से समाज में नैतिक मूल्यों, आध्यात्मिक चेतना एवं सकारात्मक संस्कारों को सुदृढ़ करना रहा। कार्यक्रम आशुतोष महाराज की शिक्षाओं से प्रेरित रहा। कार्यक्रम का संचालन साध्वी बहनों द्वारा किया गया, उन्होंने बच्चों को सरल, रोचक एवं व्यवहारिक तरीकों से आध्यात्मिक जीवन-मूल्यों का महत्व समझाया। कार्यक्रम में बच्चों की सहभागिता अत्यंत सराहनीय रही। इस दौरान बच्चों के लिए नाट्य प्रस्तुतियाँ, खेल कूद तथा विविध रचनात्मक गति. विधियाँ आयोजित की गई। जिनके माध्यम से उन्होंने अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत भजन एवं श्लोक पाठ ने कार्यक्रम को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया और उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि बाल्यावस्था में दिए गए संस्कार ही जीवन को सही दिशा प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जय भगवान, राजकुमार, महावीर, टिंकू, डॉक्टर चटका, प्रदीप, सूरजभान सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति और श्रद्धालु मौजूद रहे। सभी ने दिव्य ज्योति जागृती संस्थान द्वारा किए जा रहे इस प्रयास की सराहना की तथा समाज के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

**कार्यालय जिला पंचायत, सहारनपुर**

पत्रांक 3476/जि.प. / 2025-26, — दिनांक 05-02-2026

**सामान्य निविदा सूचना**

जिला पंचायत, के पंजीकृत समस्त ठेकेदारो एंव उ.प्र. शासकीय गजट नोटिफिकेशन संख्या 1425/23-2-2020-80जी- 2000, दिनांक 14.07. 2020 के अनुपालन मे राज्य सरकार के सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग के पंजीकृत समस्त ठेकेदारो को सूचित किया जाता है कि जिला पंचायत, सहारनपुर मे उपलब्ध जिलानिधि की धनराशि के सापेक्ष वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत कुल 70 निर्माण कार्य व पंचम राज्य वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि के सापेक्ष वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत कुल 01 निर्माण कार्य व 15वाँ वित्त आयोग (टाईड फण्ड) से प्राप्त धनराशि के सापेक्ष वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत कुल 01 निर्माण कार्य की निविदायें दिनांक 26.02.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे तक प्रथम बार आमन्त्रित की जाती है, जो तद्दिनांक को अपरान्ह 03:00 बजे से उपस्थित ठेकेदारो के समक्ष गठित निविदा समिति द्वारा कार्यालय जिला पंचायत, सहारनपुर मे खोली जाएगी व निविदा फार्म दिनॉक 25.02.2026 को कार्यालय जिला पंचायत, सहारनपुर से प्रात: 10:00 बजे से अपरान्ह 02:00 बजे तक क्रय किये जा सकेगे। प्रत्येक निविदा के साथ 02 प्रतिशत धरोहर धनराशि राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ.डी.आर. जो अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, सहारनपुर के पद नाम पर बन्धक होगी संलग्न करनी होगी। निर्माण कार्य से सम्बन्धित शर्ते किसी भी कार्य दिवस मे कार्यालय के नोटिस बोर्ड व जनपद की वैबसाइट www.saharanpur.nic.in पर देखी जा सकती है। किसी भी दशा में अनुबन्ध से पूर्व कार्य को श्रमदान माना जायेगा। किसी या सभी निविदाओ को बिना कारण बताए स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम प्राधिकारी / मा. अध्यक्ष महोदय, जिला पंचायत, सहारनपुर में निहित होगा।

**( मुकेश कुमार )** अभियन्ता, जिला पंचायत, सहारनपुर
**( चन्द्रवीर सिंह )** अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, सहारनपुर
**( मांगेराम चौधरी )** अध्यक्ष, जिला पंचायत, सहारनपुर

# डीएम ने किया कृषि विज्ञान केंद्र का औचक निरीक्षण





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान ने गुरुवार को कृषि विज्ञान केंद्र जलालपुर का औचक निरीक्षण कर केंद्र पर संचालित विभिन्न गतिविधियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान केंद्र के प्रभारी डॉ. संदीप चौधरी ने जिला. धिकारी को केंद्र की विभिन्न इकाइयों का भ्रमण कराते हुए वहां संचालित योजनाओं और किसानों के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी।

इस दौरान डीएम ने क्रॉप कैफेटेरिया, पोषण वाटिका, सघन अमरूद बागवानी, प्राकृतिक खेती इकाई तथा गन्ना स्वास्थ्य क्लिनिक का निरीक्षण किया। केंद्र प्रभारी ने बताया कि कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा जनपद के किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, प्राकृतिक खेती और जैविक खाद के उपयोग के प्रति जागरूक किया जा रहा है।निरीक्षण के दौरान सहनिदेशक उद्यान डॉ। ओंकार सिंह ने क्रॉप कैफेटेरिया एवं अमरूद की सघन बागवानी के बारे में जानकारी दी। वहीं पादप सुरक्षा वैज्ञानिक डॉ। अजय कुमार ने गन्ना स्वास्थ्य क्लिनिक के माध्यम से किसानों को दी जा रही सलाह और जागरूकता कार्यक्रमों के बारे में बताया। गृह वैज्ञानिक डॉ। कविता भट्ट ने पोषण वाटिका के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किसानों को अपने घरों में पोषण वाटिका स्थापित करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। डीएम ने केंद्र द्वारा किसानों के हित में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए भविष्य में भी किसानों के कल्याण के लिए और प्रभावी ढंग से कार्य करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान केंद्र के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# रेंजर्स के लिए एक्सटेम्पोर प्रतियोगिता का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रेंजर्स के पांच दिवसीय प्रशिक्षण शि. विर के तृतीय दिवस पर शिविर का शुभारंभ वी फॉर्मेशन में माहाविद्यालय के प्राचार्य प्रो। ब्रजभूषण द्वारा ध्वजारोहण के साथ किया गया।प्रार्थना एवं झंडा गीत के उपरांत रेंजर्स ने बीपी सिक्स व्यायाम एवं योगा किया।शिविर की प्रथम पहर में रेंजर्स के लिए एक्सटेम्पोर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में छात्राओं ने जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, देश भक्ति, देश की उन्नति में महिलाओं की भूमिका आदि विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर मुस्कान सैनी द्वितीय स्थान पर अन्नू एवं तृतीय स्थान पर रही।

शिविर के दूसरे पहर सहभोज के अंतर्गत समस्त महाविद्यालय परिवार ने रेंजर्स के साथ सहभोज किया। महाविद्यालय की प्राचार्य महोदय ने रेंजर्स द्वारा आयोजित सहभोज की सराहना की। इसके साथ रेंजर्स प्रशिक्षक गीता रानी एवं सहायक गायत्री ने रेंजर्स को खोज के चिन्ह, सीटी के संकेत, अनुमान लगाना, गांठ बांधना टेंट लगाना आदि संबंधित जानकारी दी। यह सभी कार्यक्रम रेंजर्स प्रभारी डॉक्टर अंकिता त्यागी के निर्देशन में किए गए।



## चिकित्सकों का हुआ सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गुरूवार को शामली सीएचसी पहुंचे विश्व सनातन धर्म सूर्य सेना के पदाधिकारियों ने चिकित्सकों को सम्मानित किया। संगठन के पदाधिकारियों ने डॉ विजेंद्र सिंह का फूल मालाऐं पहनाकर स्वागत किया। उन्होने चिकित्सकों द्वारा मरीजों की मन लगाकर सेवा करने की सराहना की। साथ ही प्रदेश सरकार की योजनाओं का व्याख्यान किया। इस अवसर पर दीपक सैनी, धीरज, राहुल नामदेव, वंश नामदेव आदि मौजूद रहे।

# आमवाली में शिव परिवार की मूर्तियों का भव्य अनावरण





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिडौली।** क्षेत्र के ग्राम आमवाली स्थित प्राचीन शिव मंदिर में रविवार को भगवान शिव के पूरे परिवार की मूर्तियों का विधि-विधान के साथ भव्य अनावरण किया गया। इस अवसर पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया, जिससे पूरा गांव भक्ति और आस्था के रंग में रंगा नजर आया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः काल पूजा-अर्चना, रुद्राभिषेक एवं हवन-यज्ञ के साथ किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पंडित अभिलाष एवं पंडित हिमांशु ने विधिवत रूप से समस्त धार्मिक अनुष्ठानों का संचालन कराया। इसके पश्चात मंदिर प्रांगण में भगवान शिव, माता पार्वती, गणेश, हनुमान, भगवान कार्तिकेय एवं राधा-कृष्ण की प्रतिमाओं का श्रद्धा और उल्लास के साथ अनावरण किया गया। इस पावन अवसर पर अनेक संत-महात्माओं की गरिमामई उपस्थिति रही। कार्यक्रम में प्रदीप गिरी, योगी महाराज पूरन नाथ, महाराज महंत योगी पवन नाथ तथा महाराज रत्न गिरी विशेष रूप से मौजूद रहे। संतों के सान्निध्य से वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण हो गया। मूर्ति अनावरण के उपरांत मंदिर समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने प्रसाद ग्रहण किया। अतिथियों ने आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में आपसी भाईचारे, सद्भाव और धार्मिक एकता को मजबूत करते हैं।

दिनभर चले इस आयोजन के दौरान भजन-कीर्तन का क्रम निरंतर चलता रहा, जिससे मंदिर परिसर एवं आसपास का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम के सफल संचालन में गांव के युवाओं के साथ-साथ वरिष्ठ नागरिकों ने भी सक्रिय भूमिका निभाई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम प्रधान अर्जुन सिंह, विकास अधिकारी अर्पण मलिक, रामबीर प्रधान, अमित कुमार तोमर, डॉ। राजीव, चेयरमैन पुष्पेंद्र, देवेंद्र प्रधान, विकास थाली, रूपेश, मुक. ेश, बिल्लू प्रधान, सुरेश, गिरी महाराज सिंगरा, सतीश लाला, चरण सिंह मास्टर, मोहर सिंह कश्यप, पप्पू प्रधान, सुदेशपाल, सहनसर पाल राठी, दीपु सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर मंदिर समिति एवं आयोजकों द्वारा सभी श्रद्धालुओं, संतों एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया गया।

# कमेटी के नाम पर महिलाओं से करोड़ों रुपये की ठगी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** थानाभवन क्षेत्र के कस्बा जलालाबाद की महिलाओं ने गुरूवार को एसपी को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनके साथ कमेटी के नाम पर करोड़ों रूपए की ठगी की गई। जिसमें एसपी के आदेश पर मुक. दमा दर्ज होने के बावजूद पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नही की गई। पीडित महिलाओं ने एसपी से न्याय की गुहार लगाई है।

थानाभवन व जलालाबाद निवासी महिलाओं हजजो, फातिमा, गुलाफशा, नुसरत, हीना, रानी, आसमा, लडडो, आशा, गुललो, अंजुम ने गुरूवार को एसपी एनपी सिंह को दिए शिकायती पत्र में बताया कि कस्बा जलालाबाद निवासी कुछ लोगों ने कथित रूप से गैंग बनाकर गरीब लोगों से कमेटी के नाम पर करोड़ों रूपए एकत्र कर लिए। आरोप है कि रकम लेने के बाद न तो पैसा वापस किया गया और न ही कमेटी का भुगतान किया गया, जिससे सैकड़ों परिवार आर्थिक संकट में आ गए हैं। पीड़ितों का कहना है कि इस संबंध में करीब एक वर्ष पूर्व भी शिकायत की गई थी, जिस पर थाना थानाभवन में मुकदमा दर्ज किया गया था, लेकिन अब तक न तो आरोपियों की गिरफ्तारी हुई और न ही पीड़ितों को उनका पैसा वापस मिल सका। शिकायतकर्ताओं ने यह भी आरोप लगाया कि मुकदमे के आरोपी उन्हें धमकी दे रहे हैं और फर्जी मुकदमों में फंसाने की बात कह रहे हैं। पीड़ितों ने एसपी से मामले में निष्पक्ष जांच कराने, आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने तथा ठगी गई रकम वापस दिलाने की मांग की है।

## थाना झिंझाना में 108 शस्त्र अधिनियम मामलों का माल नष्ट

**झिंझाना।** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देश पर प्रदेशभर में चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन अभियान के अंतर्गत माननीय न्यायालय के आदेश के अनुपालन में थाना झिंझाना के मालखाने में वर्षों से जमा शस्त्र अधिनियम से संबंधित 108 अभियोगों के माल का विधिवत विनिष्टीकरण किया गया। यह कार्रवाई जिलाधिकारी शामली अरविन्द चौहान व पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह के निर्देशन में गठित समिति के आदेश पर संपन्न हुई। प्रक्रिया क्षेत्राधिकारी कैराना हेमन्त कुमार, अभियोजन अधिकारी उतेश कुमार जौहरी तथा प्रभारी निरीक्षक थाना झिंझाना वीरेंद्र कुमार कसाना की उपस्थिति में कराई गई।




## हाईटेंशन लाइन से 1770 मीटर तार चोरी, ट्रांसफार्मर भी किया क्षतिग्रस्त

**कांधला।** थाना क्षेत्र में विद्युत चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। गांव गढ़ी रक्खा से ट्रांसफार्मर से सामान चोरी करने और कनियान मार्ग पर स्थित हाईटेंशन लाइन से 1770 मीटर तार चोरी के मामलों में विद्युत विभाग के अवर अभियंताओं ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। कस्बा एलम के बिजली घर पर तैनात अवर अभियंता सुरेंद्र कुमार ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि कुछ दिन पूर्व अज्ञात चोरों ने कनियान मार्ग पर स्थित हाईटेंशन लाइन से करीब 1770 मीटर तार चोरी कर लिया। तार चोरी होने से विद्युत आपूर्ति प्रभावित हुई और विभाग को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। वहीं दूसरी ओर गांव गंगेरू के बिजली घर पर तैनात अवर अभियंता किशोर कुमार ने भी थाने पर तहरीर दी है। उन्होंने बताया कि थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी रक्खा में किसान मूला पुत्र मुखराम के खेत में लगे ट्रांसफार्मर को अज्ञात चोरों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। आरोप है कि चोर ट्रांसफार्मर से तेल सहित अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गए। दोनों अवर अभियंताओं द्वारा दी गई तहरीरों के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और चोरों की तलाश के लिए पुलिस टीमों को लगाया गया है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जायगा।

# नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कांधला।** क्षेत्र के गांव भारसी में ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक नि:शुल्क नेत्र जांच शि. विर का आयोजन किया गया। शिविर में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर अपनी आंखों की जांच कराई और विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाओं का लाभ उठाया। जिला पंचायत सदस्य अरविंद पंवार के आह्वान पर आयोजित शिविर का उद्घाटन राष्ट्रीय लोक दल के जिलाध्यक्ष वाजिद अली ने फीता काटकर किया। शिविर में एडी के जैन नेत्र अस्पताल, खेकड़ा (बागपत) से आई विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने मरीजों की आंखों की गहन जांच की। टीम में शामिल डॉ. सुधीर कुमार एवं डॉ. चांदवीर ने कैंप ऑर्गेनाइजर सानिया और मीनाक्षी विटी के सहयोग से मरीजों का परीक्षण किया। जांच के उपरांत मरीजों को नि:शुल्क दवाइयां वितरित की गईं, जबकि जरूरतमंद मरीजों को चश्मे भी प्रदान किए गए। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य अरविंद पंवार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की कमी को देखते हुए ऐसे शिविर बेहद जरूरी हैं, जिससे लोगों को समय पर जांच और उपचार मिल सके। वहीं उद्घाटन अवसर पर मौजूद आरएलडी जिलाध्यक्ष वाजिद अली ने आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि समाजसेवा के ऐसे कार्यों से जरूरतमंद लोगों को सीधा लाभ मिलता है। शिविर में जिला पंचायत सदस्य अरविंद पवार, चौधरी राजवीर सिंह, सोमपाल पवार, जय कुमार, कपिल पवार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। आयोजकों ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण इलाकों में आंखों से संबंधित बीमारियों की समय रहते पहचान कर उनका उपचार सुनिश्चित करना है, ताकि लोग बेहतर .ष्टि और स्वस्थ जीवन जी सकें।

# एसपी से की ट्रेफिक पुलिसकर्मियों की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के दर्जना लाईनमैन ने एसडीओ के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर ट्रेफिक पुलिस पर अनावश्यक रूप से बाइकों के चालान काटने का आरा. ेप लगाया है। उन्होने बताया कि लाइनमैन शहर के बीच लगातार पेट्रोलिंग करते है, जिस कारण अक्सर वह हेलमेट का प्रयोग नही कर पाते है। उन्होने शहर के बीच चालानी कार्यवाही न करने की मांग की है।

गुरूवार को विद्युत विभाग के एसडीओ विनीत कुमार, जेई जोकन चौहान के नेतृत्व में विद्युत विभाग के दर्जनों लाईनमैन एसपी कार्यालय पर पहुंचे।

जहां लाईनमैनों ने प्रदर्शन भी किया। इस दौरान उन्होने एसपी एनपी सिंह से मुलाकात करते हुए बताया कि वह बिजली फाल्ट ठीक करने के लिए दिनभर शहर के बीच पेट्रोलिंग करते है, लेकिन एक स्थान से दूसने स्थान पर जाते समय शहर के बीच खडे ट्रेफिक पुलिसकर्मी उनकी बाइ. कों के चालान कर देते है। उन्होने आरोप लगाया कि ट्रेफिक पुलिस अधिकारियों को शिकायत करने और अपना परिचय देने के बावजूद कार्यवाही की जा रही है। जिससे उनको आर्थिक हानि हो रही है। उन्होने एसपी से मांग की कि शहर के बीच बाइक सवारों के चालान न काटे जाए और यदि वाहनों पर कोई भी वाहन चालक गलती करते है तो कार्यवाही की जाए। इस अवसर पर

राजकिरण, मुबारिक चौहान, राहुल कुमार, लोकिन्द्र कुमार, रवि, राहुल, राकेश, वाजिद, काला, राजीव, जोगिंदर, विशाल, इंदरपाल, इंद्र सिंह, महेंद्र आदि मौजूद रहे।

# मामूली विवाद ने लिया हिंसक रूप, देवर-भाभी घायल





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे की इदरीश बेग विहार कॉलोनी में मामूली बात को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी के बाद जमकर मारपीट हो गई। इस दौरान एक पक्ष के देवर और भाभी घायल हो गए। घटना के बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

इदरीश बेग विहार कॉलोनी निवासी नरगिस पुत्री शरीफ ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि वह अपने परिवार के साथ घर पर बैठी थी। इसी दौरान उसकी भाभी अंजुम से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर अंजुम ने अपने परिजनों को मौके पर बुला लिया।

इसके बाद पहुंचे लोगों ने नरगिस के भाई छोटे और भाभी साहिना के साथ मारपीट कर दी, जिससे दोनों घायल हो गए। वहीं दूसरी ओर नई बस्ती मुस्तफाबाद निवासी एक महिला साजिदा पत्नी शमशाद ने भी थाने पर तहरीर देकर आरोप लगाया है कि छोटे और सद्दाम ने उसके साथ मारपीट की है। पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि जांच के उपरांत दोषियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## वाहन चेकिंग के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष व पुलिस में कहासुनी



**झिंझाना।** नगर में बृहस्पतिवार देर शाम उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब वाहन चेकिंग के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष और पुलिस के बीच कहासुनी हो गई। बताया गया कि पुलिस द्वारा बाइक रो. कने का संकेत देने पर दोनों पक्षों के बीच कुछ देर तक बहस होती रही। मौके पर मौजूद लोगों की पहल से स्थिति को संभाल लिया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेश पाल कश्यप अपने पुत्र के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। जैसे ही वे पंजाब नेशनल बैंक के समीप पहुंचे, वहां झिंझाना पुलिस द्वारा नियमित वाहन चेकिंग की जा रही थी। पुलिसकर्मियों ने बाइक रोकने का इशारा किया, जिस पर नगर पंचायत अध्यक्ष नाराज हो गए और पुलिस से उनकी बहस हो गई। कुछ देर तक चले इस घटनाक्रम के दौरान मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों को समझाकर मामला शांत कराया। बाद में नगर पंचायत अध्यक्ष को वहां से जाने दिया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेश पाल कश्यप का कहना है कि पुलिसकर्मियों से किसी प्रकार की बहस नहीं हुई। उन्होंने बताया कि दो दिन पूर्व नगर पंचायत के एक कर्मचारी का चालान काटे जाने को लेकर बातचीत हुई थी, लेकिन कोई विवाद नहीं हुआ। वहीं क्राइम इंस्पेक्टर राजकुमार ने बताया कि वाहन चेकिंग के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष को रोका गया था। उस समय ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी उन्हें पहचान नहीं पाया था, कोई और बात नहीं हुई।

## बाल विवाह की रोकथाम को किया गया जागरूक

**शामली।** भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा संचालित बाल विवाह मुक्त भारत विशेष राष्ट्रीय अभियान के अंतर्गत जनपद शामली में निरंतर जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

इसी क्रम में जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान के निर्देशों के अनुपालन में दिनांक 01 फरवरी 2026 से 08 मार्च 2026 तक ग्राम पंचायत नगर निकाय वार्ड तथा समुदाय स्तर से जुड़े सेवा प्रदाताओं को जागरूक करने हेतु विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला प्रोबेशन अधिकारी मौहम्मद मुशफेकीन द्वारा किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत नगर निकाय वार्ड तथा समुदाय स्तर ग्राम पंचायत, सदस्य ग्राम सभा, वार्ड सदस्य, पार्षद समुदाय आधारित जोखिमग्रस्त परिवार आदि उपस्थित रहे।

# काली नदी किनारे मिला अज्ञात का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव भनेड़ा में स्थित काली नदी के किनारे लगभग 40 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सुबह के समय नदी किनारे शव पड़े होने की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई और तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। पुलिस के अनुसार मृतक की उम्र करीब 40 वर्ष के आसपास बताई जा रही है और शव कुछ समय से पड़ा हुआ प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने घटनास्थल पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। प्रथम .ष्टया मामले को संदिग्ध मानते हुए पुलिस सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच कर रही है। मृतक की पहचान सुनिश्चित कराने के लिए पुलिस ने शव के फोटो जनपद के सभी थानों के साथ-साथ आसपास के जनपदों के थानों में भी भेज दिए हैं। इसके अलावा गुमशुदगी की रिपोर्टों का भी मिलान कराया जा रहा है, ताकि मृतक की पहचान हो सके। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि पुलिस मृतक की शिनाख्त कराने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। पहचान होने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### मुंबई को बड़ा झटका सरफराज खान अस्पताल में भर्ती

**मुंबई, वार्ता।** र्नाटक के खिलाफ रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल से पहले मुंबई को बड़ा झटका लगा, क्योंकि मिडिल-ऑर्डर बैट्समैन सरफराज खान बुखार के कारण अस्पताल में भर्ती हो गए और वह अहम नॉकआउट मैच नहीं खेल पाएंगे। सरफराज को बुधवार को तेज बुखार की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। टीम सूत्रों ने कहा कि उनकी हालत स्थिर है लेकिन ठीक होने में कुछ दिन लगने की उम्मीद है, जिससे क्वार्टर फाइनल के लिए उनके उपलब्ध होने की संभावना बहुत कम है। 28 साल के सरफराज इस रणजी सीजन में मुंबई के सबसे लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में से एक रहे हैं, उन्होंने मिडिल ऑर्डर में खूब रन बनाए और बैटिंग लाइनअप को स्थिरता दी। उनकी गैरमौजूदगी से कर्नाटक की मजबूत टीम के खिलाफ मुंबई की बैटिंग कमजोर होने की उम्मीद है।

### ओमान ने जिम्बाब्वे को 4 विकेट से रौंदा

**कोलंबो, वार्ता।** सुफियान महमूद (तीन विकेट) के बाद जतिदर सिंह (55), हम्माद मिर्जा (35) और जितेन रामानंदी (नाबाद 34) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत ओमान ने गुरुवार को टी-20 विश्वकप अभ्यास मैच में चार गेंदें शेष रहते जिम्बाब्वे को चार विकेट से हरा दिया। यहां ओमान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी जिम्बाब्वे ने ब्रायन बेनेट (56) और ताशिगा मुसेकिवा (नाबाद 54) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 187 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। ब्रेंडन टेलर और डिओन मेयर्स ने 26-26 रनों का योगदान दिया। ब्रैड एवंस 11 रन बनाकर आउट हुए। ओमान की ओर से सुफियान महमूद ने तीन विकेट लिए।

# भारत के साथ मैच नहीं खेलेगा पाक

## पाक पीएम शहबाज शरीफ ने कहा : फैसला सोच समझकर व बांग्लादेश के प्रति एकजुटता दिखते हुए लिया



**कराची, वार्ता।** प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने घोषणा की है कि पाकिस्तान आईसीसी पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत के खिलाफ नहीं लेगा, और कहा कि यह फैसला बांग्लादेश के साथ बहुत सोच-समझकर और एकता में लिया गया है।

एक फेडरल कैबिनेट मीटिंग को एड्रेस करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि स्पोर्ट्स को पॉलिटिकल असर से दूर रहना चाहिए, साथ ही 20-टीम के टूर्नामेंट पर पाकिस्तान का स्टैंड भी बताया। जियो न्यूज के अनुसार शहबाज शरीफ ने कहा कि स्पोर्ट्स के फील्ड में पॉलिटिक्स की कोई जगह नहीं होनी चाहिए, और कहा कि इंडिया के खिलाफ टी-20 मैच का बॉयकॉट करने के मामले में पाकिस्तान को बांग्लादेश के साथ खड़ा होना चाहिए। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) द्वारा बांग्लादेश को टूर्नामेंट से हटाने के बाद पाकिस्तान ने प्रोटेस्ट के तौर पर 15 फरवरी को अपने कट्टर दुश्मन इंडिया के खिलाफ होने वाले मैच का बॉयकॉट करने का फैसला किया है। आईसीसी ने यह फैसला बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) की उस रिक्वेस्ट को ठुकराने के बाद लिया, जिसमें उन्होंने टूर्नामेंट के 7 फरवरी से शुरू होने के इतने करीब लॉजिस्टिक दिक्कतों का हवाला देते हुए अपने मैच भारत के बाहर किसी जगह पर शिफ्ट करने की रिक्वेस्ट की थी।

इसके बाद बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड ने ले ली, और आईसीसी ने कहा कि इतनी देर से शेड्यूल में बदलाव करना मुमकिन नहीं है। सरकारी सूत्रों ने कहा कि पाकिस्तान के फैसले पर कई वजहों का असर था, जिसमें उन्होंने आईसीसी का बांग्लादेश के प्रति पक्षपाती रवैया भी बताया। जियो न्यूज के मुताबिक, सूत्रों ने यह भी कहा कि पाकिस्तान टीम को विरोध के तौर पर भारत के खिलाफ मैदान में न उतरने का निर्देश दिया गया था। जवाब में, आईसीसी ने कहा कि उसे उम्मीद है कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) आपसी सहमति वाले समाधान की दिशा में काम करेगा। राष्ट्रीय सरकारों के अधिकार को मानते हुए, आईसीसी ने पीसीबी से अपने रुख पर फिर से सोचने की अपील की, और चेतावनी दी कि इस बायकॉट से खेल और इसके ग्लोबल फैनबेस को नुकसान होगा। काउंसिल ने कहा कि यह फैसला ग्लोबल खेल या दुनिया भर के फैंस, जिसमें पाकिस्तान के लाखों लोग भी शामिल हैं, की भलाई के लिए नहीं है, और सभी स्टेकहोल्डर्स के हितों की रक्षा के लिए लगातार बातचीत को बढ़ावा दिया। इस बीच, पाकिस्तान की नेशनल टीम अभी आईसीसी मेन्स टी-20 वर्ल्ड कप से पहले श्रीलंका के कोलंबो में है, जिसे 7 फरवरी से 8 मार्च तक श्रीलंका और भारत मिलकर होस्ट करेंगे।

# भारत को पाक के खिलाफ खेलने में कोई परेशानी नहीं: सूर्यकुमार यादव

**● कहा: हम आईसीसी के निर्धारित कार्यक्रम के हिसाब से यात्रा करेंगे, कोई भी अनिश्चितता पाक के फैसले पर निर्भर करती है**

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने गुरुवार को कहा कि भारत को पाकिस्तान के खिलाफ खेलने में कोई दिक्कत नहीं है और वह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के निर्धारित कार्यक्रम के हिसाब से यात्रा करेंगे। उन्होंने कहा कि मैच को लेकर कोई भी अनिश्चितता पाकिस्तान के फैसले पर निर्भर करती है।

मुंबई में कैप्टन डे प्रेस मीट के दौरान सूर्यकुमार ने कहा कि हमारी सोच बहुत स्पष्ट है। हमने खेलने से मना नहीं किया, उन्होंने मना किया। आईसीसी ने मैच की तारीखें घोषित कर दी हैं, हमारी फ्लाइट बुक हो गई हैं, और हम जा रहे हैं। बाकी हम वहां पहुंचने के बाद देखेंगे। भारतीय कप्तान ने इस बात पर बल दिया कि टीम को 15 फरवरी को होने वाले मैच के बारे में आधिकारिक तौर पर बता दिया गया है और उसी के हिंसाब से तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि उनके फैसले पर मेरा नियंत्रण नहीं है। हमें 15 तारीख को मैच खेलने के लिए कहा गया है। सूर्यकुमार ने यह भी कहा कि भारत ने तटस्थ जगहों पर पाकिस्तान का कई बार सामना किया है। उन्होंने कहा कि हमने एशिया कप के दौरान एक तटस्थ जगह पर उनसे तीन बार खेला। अगर हमें कोलंबो में खेलने का एक और मौका मिलता है तो हम फिर से खेलेंगे। उन्होंने कहा कि यह मेरा फैसला नहीं है। यह आसान काम नहीं है, वे जरूर इस पर काम कर रहे होंगे। क्योंकि यह सरकार की ओर से आया है, इसलिए यह एक मुश्किल स्थिति है जिससे निपटना है।

# आयुष म्हात्रे ने वैभव सूर्यवंशी के 'पावर' को सराहा



**हरारे, वार्ता।** भारत के अंडर-19 कप्तान आयुष म्हात्रे ने युवा ओपनर वैभव सूर्यवंशी की तारीफ की, जिनकी विस्फोटक पारी की बदौलत भारत ने बुधवार को हरारे में अफगानिस्तान के खिलाफ ऐतिहासिक सात विकेट से जीत हासिल कर आईसीसी अंडर-19 पुरुष क्रिकेट वर्ल्ड कप के फाइनल में जगह बनाई। अंडर-19 वर्ल्ड कप में अब तक के सबसे बड़े टोटल का पीछा करते हुए, भारत ने टॉप ऑर्डर से शानदार शुरुआत की, जिसमें 14 साल के वैभव ने सिर्फ 33 गेंदों में तेज 68 रन बनाकर लय तय की। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने चार छक्के और पांच चौके लगाए, टूर्नामेंट में अपना तीसरा अर्द्धशतक बनाया और पावरप्ले के अंदर ही अफगान गेंदबाजी आक्रमण को ध्वस्त कर दिया। जबकि ओपनिग पार्टनर एरन जॉर्ज ने 115 रनों की शांत पारी खेलकर प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता, म्हात्रे ने पारी की शुरुआत में दबाव कम करने में वैभव के प्रभाव पर जोर दिया। म्हात्रे ने कहा कि यह हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण था क्योंकि 10 ओवर के बाद हमारे पास 90 रन थे और यह हमारे लिए शानदार था।उसने बस दबाव कम किया, और हम बस पारी को आगे बढ़ाना चाहते थे। इसलिए हमारे लिए भी पारी को आगे बढ़ाना बहुत आसान हो गया। भारत ने पहले 10 ओवर में 90 रन बना लिए, जिसके बाद म्हात्रे (62) और जॉर्ज ने मिलकर एक स्थिर शतकीय साझेदारी की और लक्ष्य का पीछा करने को स्थिर किया। फिर विहान मल्होत्रा ने नाबाद 38 रन बनाकर एक आसान फिनिश सुनिश्चित किया, क्योंकि भारत ने आठ से अधिक ओवर शेष रहते ही जीत हासिल कर ली। शानदार शुरुआत के बाद बल्लेबाजी के तरीके के बारे में बताते हुए, म्हात्रे ने कहा कि योजना चीजों को सरल रखने की थी।

# भारत अंडर-19 की नजरें रिकॉर्ड छठे खिताब पर

**● अंडर-19 में भारत का मुकाबला आज इंग्लैंड से होगा**



**हरारे, वार्ता।** शुक्रवार को हरारे स्पोर्ट्स क्लब में आईसीसी अंडर-19 विश्व कप 2026 का फाइनल एक रोमांचक मुकाबले का वादा करता है, जिसमें भारत अंडर-19 का मुकाबला इंग्लैंड अंडर-19 से होगा, जिसने पहले ही दुनिया भर के क्रिकेट प्रशंसकों की कल्पना पर कब्जा कर लिया है। ऑनलाइन वायरल हो रही कहानी साफ है: भारत का रिकॉर्ड तोड़ सेमीफाइनल प्रदर्शन बनाम इंग्लैंड का अजेय अभियान, जिसमें हरारे की धीमी, स्पिन के अनुकूल पिच यह तय करेगी कि प्रतिष्ठित ट्रॉफी कौन उठाएगा। भारत की नजरें रिकॉर्ड छठे खिताब पर होंगी। भारत अंडर-19 सेमीफाइनल में अफगानिस्तान के खिलाफ सिर्फ 41.1 ओवर में रिकॉर्ड 311 रन का पीछा करने के बाद आत्मविश्वास की लहर पर फाइनल में पहुंचा है। सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी शानदार फॉर्म में हैं, उन्होंने छह मैचों में 148 के स्ट्राइक रेट से 264 रन बनाए हैं, और भारत को मजबूत शुरुआत देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। मध्य क्रम के बल्लेबाज विहान मल्होत्रा और आयुष म्हात्रे, विकेटकीपर अभिज्ञान कुंडू के साथ, स्थिरता और आक्रामक बल्लेबाजी प्रदान करते हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि भारत की बल्लेबाजी में उच्च दबाव वाली स्थितियों को संभालने की गहराई है। हरारे की टर्निंग ट्रैक पर भारत का स्पिन आक्रमण उनका तुरुप का इक्का है। हेनिल पटेल 4-19 की इकॉनमी से 11 विकेट लेकर गेंदबाजी लाइनअप का नेतृत्व करते हैं, जिन्हें आरएस अंबरीश और खिलन पटेल का समर्थन प्राप्त है। स्पिन ऑलराउंडरों के शामिल होने से यह सुनिश्चित होता है कि भारत के पास कई आक्रामक विकल्प हैं, जो इंग्लैंड के बल्लेबाजों की किसी भी गलती का फायदा उठाने में सक्षम हैं। विश्लेषकों का मानना है कि धीमी, सूखी परिस्थितियां फाइनल में स्पिन को निर्णायक कारक बना सकती हैं। इस बीच, इंग्लैंड अंडर-19 टूर्नामेंट में सबसे लगातार प्रदर्शन करने वाली टीम रही है, जो फाइनल में अजेय रहते हुए पहुंची है। ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 पर उनकी सेमीफाइनल जीत, जिसका नेतृत्व थॉमस रेव के 110 और बेन मेयस की शानदार रन-स्कोरिग ने किया, उनके लचीलेपन को रेखांकित करता है। तेज गेंदबाज मैनी लुम्सडेन, राल्फी अल्बर्ट और सेबेस्टियन मॉर्गन ने पैठ बनाई है, जिससे इंग्लैंड को एक अच्छी तरह से संतुलित आक्रमण मिला है जो भारत के शीर्ष क्रम को चुनौती देने में सक्षम है। टॉस जीतने पर पहले बल्लेबाजी करने की भविष्यवाणी की गई है, दोनों कप्तान जानते होंगे कि पहली पारी में लगभग 260-280 का स्कोर प्रतिस्पर्धी होने की संभावना है। भारत का हालिया रिकॉर्ड पीछा करने का प्रदर्शन दबाव को संभालने की उनकी क्षमता को दर्शाता है, जबकि इंग्लैंड की अजेय लय मैचों में उच्च प्रदर्शन बनाए रखने की उनकी क्षमता को दर्शाती है।

# ओलंपिक मशाल वाहक के रूप में सम्मानित हुए ब्रिंदा



**● अभिनव ब्रिंदा ने मिलानो कोर्टिना 2026 शीतकालीन ओलंपिक के लिए मशाल वाहक चुने जाने पर गर्व व्यक्त किया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिद्रा ने मिलानो कोर्टिना 2026 शीतकालीन ओलंपिक के लिए मशाल वाहक चुने जाने पर गर्व व्यक्त किया, और इस पल को एकता और मानवीय भावना का उत्सव बताया। बिद्रा ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि मिलानो कोर्टिना 2026 में ओलंपिक लौ ले जाने का सम्मान मिला।

यह एकता, दृढ़ता और साझा मानवीय आकांक्षा का प्रतीक है। बिद्रा को पिछले साल अक्टूबर में मशाल वाहक के रूप में चुना गया था। 25वें शीतकालीन ओलंपिक आधिकारिक तौर पर शुक्रवार को शुरू होंगे। पहले पदक शनिवार को दिए जाने हैं, जबकि खेल 22 फरवरी को वेरोना ओलंपिक एरिना में समापन समारोह के साथ समाप्त होंगे। मिलानो कोर्टिना 2026 चौथी बार होगा जब इटली शीतकालीन ओलंपिक की मेजबानी करेगा।

इस आयोजन में 16 खेलों में 116 पदक कार्यक्रम होंगे, जो बीजिंग 2022 संस्करण की तुलना में सात कार्यक्रम और एक खेल का विस्तार है। मुख्य समारोह मिलान के प्रतिष्ठित सैन सिरो स्टेडियम में होगा, जो फुटबॉल क्लब एसी मिलान और इंटर मिलान का घर है, जिसमें प्रेडाजो, लिविग्नो और कोर्टिना डी' एम्पेजो में अतिरिक्त समारोह आयोजित किए जाएंगे। यह प्रारूप एथलीट प्रतिनिधिमंडलों को अपने संबंधित प्रतियोगिता स्थलों के करीब परेड करने की अनुमति देगा। उद्घाटन समारोह में प्रमुख इतालवी और अंतर्राष्ट्रीय कलाकारों के प्रदर्शन शामिल होंगे, जिसमें अमेरिकी पॉप स्टार मारिया कैरी भी शामिल हैं, जो खेलों के लॉन्च में एक प्रमुख मनोरंजन आयाम जोड़ेंगे। शीतकालीन ओलंपिक दो मुख्य शहरों में फैले होंगे।

## भारत के सम्राट राणा और सुरुचि सिंह ने मिश्रित टीम स्पर्धा में जीता रजत पदक

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के सम्राट राणा और सुरुचि सिंह ने गुरुवार को एशियन निशानेबाजी चैंपियनशिप 2026 में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में उज्बेकिस्तान से मामूली अंतर से पीछे रहते हुए रजत पदक जीता। आज यहां भारतीय जोड़ी ने डा. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में फाइनल में 479-6 अंक हासिल किए, जबकि उज्बेकिस्तान की निगीना सैदकुलोवा और मुखम्मद कमालव ने 481-3 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। पहले दो सीरीज के आखिर में सम्राट और सुरुचि आगे थे, लेकिन उज्बेक खिलाड़ियों की लेट रैली ने उन्हें पीछे कर दिया। चीनी ताइपे के चेंग एन-चिग और हसिंह हसिआंग-चेन ने 412-2 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। इससे पहले दिन में, सम्राट राणा और सुरुचि सिंह ने 583 अंक के साथ क्वालिफिकेशन राउंड में शीर्ष पर रहकर खिताबी मुकाबले में अपनी जगह पक्की की। दूसरी भारतीय टीम, जिसमें ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर और श्रवण कुमार शामिल थे, 571 अंक के साथ नौवें स्थान पर रही। आज मिली इस जीत के साथ स्पर्धा में भारत के पदकों की संख्या पांच हो गई है। भारत ने दो स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य पदक जीता है।

# सुजीत ने जागरेब ओपन में जीता सोना

**● क्रोएशिया में कुश्ती टूर्नामेंट सुजीत कलकल ने 65 किग्रा भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए ईरान के पेमैन अली को हराया**



**क्रोएशिया, वार्ता।** भारतीय पहलवानों ने जागरेब ओपन 2026 कुश्ती टूर्नामेंट के पहले दिन शानदार प्रदर्शन किया। सुजीत कल्कल ने 65 किग्रा में स्वर्ण, अमन सहरावत ने 61 किग्रा रजत और अभिमन्यु ने 70 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक जीते।

बुधवार को क्रोएशिया में जागरेब ओपन 2026 कुश्ती टूर्नामेंट सुजीत कल्कल ने 65 किग्रा भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए ईरान के पहलवान पेमैन अली नेमाती को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वही पेरिस 2024 के कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत ने 61 किलाग्राम कैटेगरी में रजत जीता, जबकि अभिमन्यु को 70 किलाग्राम कैटेगरी में कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। अंडर-23 वर्ल्ड चैंपियन सुजीत 65 किलाग्राम कैटेगरी में शानदार रहे और बिना कोई अंक गंवाए खिताब जीता। 23 साल के भारतीय पहलवान ने फाइनल में ईरान के पेमैन अली नेमाती को 3-0 से हराकर अपनी जीत का सिलसिला खत्म किया। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में फ्रांस के खमजात अरसामरजोएव को टेक्निकल सुपीरियरिटी के आधार पर हराया और फिर सेमीफाइनल में अमेरिका के दो बार के पैन अमेरिकन चैंपियन जोसेफ मैककेना को 11-0 से हराया। इस बीच, नॉर्डिक सिस्टम के जरिए अमन सहरावत ने जाग्रेब ओपन में अपने करियर का तीसरा पदक जीता। ओलंपिक पदक जीतने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय अमन ने ईरान के रेजा हुसैन मोमेनिजोउजादेह (12-2) और जॉर्जिया के जियोर्गी गोनियाश्विली (10-0) को हराया और फिलिस्तीन के अली अबुरमैला से वॉकओवर मिला। अमेरिका के ऑस्टिन डेसैंटो से 8-0 की हार का मतलब था कि भारतीय पहलवान दूसरे स्थान पर रहा। 70 किलोग्राम भार वर्ग में, अभिमन्यु ने क्वार्टर फाइनल में अमेरिका के टायलर कासक को 10-0 से हराकर शानदार शुरुआत की, लेकिन सेमीफाइनल में ईरान के सीना खलीली से 10-0 से हार गए।

### नेपाल ने कनाडा को छह विकेट से हराया

**चेन्नई, वार्ता।** आसिफ शेख (58) और संदीप जोरा (44) की शानदार पारियों की बदौलत नेपाल ने गुरुवार को टी-20 विश्वकप से पहले खेले गए अभ्यास मैच में कनाडा को 12 गेंदें शेष रहते छह विकेट से शिकस्त दी। यहां टॉस जीतकर कनाडा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नेपाल के खिलाफ निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 161 का स्कोर बनाया। नवनीत ने 36 गेंदों में तीन छक्के और एक चौका लगाते हुए 41 रनों की पारी खेली। कंवरपाल (25), कीरटॉ (10), हर्ष (आठ) और जसकरण (21) रन बनाकर आउट हुए। श्रेयस ने 19 गेंदों में दो चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए नाबाद 38 रनों की पारी खेली। नेपाल के लिए संदीप लैमिछाने और कुशल भुर्तेल ने दो-दो विकेट लिए। सोमपाल कामी और नंदन यादव ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी नेपाल की टीम ने 18 ओवर में 162 रन बनाकर मैच 6 विकेट से जीत लिया।

# विनेश फोगाट ने चयन मानदंडों की आलोचना की



**● भारतीय पहलवान विनेश ने हरियाणा कुश्ती संघ के फेडरेशन कप 2026 के लिए चयन मानदंडों को पहलवानों के भविष्य के लिए हानिकारक बताया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय पहलवान विनेश फोगाट ने गुरुवार को हरियाणा कुश्ती संघ के फेडरेशन कप 2026 के लिए चयन मानदंडों की आलोचना करते हुए इसे अनुचित और युवा और उभरते पहलवानों के भविष्य के लिए हानिकारक बताया। एक्स पर एक तीखे पोस्ट में, विनेश ने केवल 2025 सीनियर स्टेट पदक विजेताओं और 2025 में अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले पहलवानों तक ट्रायल सीमित करने के फैसले पर सवाल उठाया, और कहा कि यह उन हजारों योग्य एथलीटों को बाहर करता है जिन्होंने सालों तक ट्रेनिग ली है। विनेश ने लिखा कि केवल 2025 सीनियर स्टेट पदक विजेताओं और उन पहलवानों को ट्रायल का मौका देना जिन्होंने 2025 में अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लिया, हजारों मेहनती पहलवानों के साथ धोखा है। कई तीखे सवाल उठाते हुए, राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों की पदक विजेता ने पूछा कि क्या 2024 के राष्ट्रीय पदक विजेता अचानक अयोग्य हो गए हैं, क्या सब जूनियर राष्ट्रीय पदकों का कोई मूल्य नहीं रह गया है, और क्या घायल खिलाड़ियों को उन परिस्थितियों के लिए दंडित किया जा रहा है जो उनके नियंत्रण से बाहर हैं। उन्होंने यह भी बताया कि कई पहलवान जो उम्र की पाबंदी के कारण 2025 सीनियर नेशनल में प्रतिस्पर्धा नहीं कर सके, वे 2026 में पूरी तरह से योग्य हैं, फिर भी उन्हें अवसर नहीं दिए जा रहे हैं। विनेश ने चेतावनी दी कि ऐसी चयन नीतियों के दीर्घकालिक परिणाम हो सकते हैं, खासकर ऐसे साल में जिसमें एशियाई खेल और विश्व चैंपियनशिप जैसे बड़े अंतर्राष्ट्रीय आयोजन होने हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे टूर्नामेंट में खेलना और देश के लिए पदक लाना हर खिलाड़ी का सपना होता है। लेकिन इन नियमों के कारण, आप उन्हें अभी ही बाहर कर रहे हैं और व्यावहारिक रूप से उनके भविष्य पर स्थाई रोक लगा रहे हैं,ष उन्होंने इस स्थिति को षखिलाड़ियों के जीवन और संघर्षों का खुला मजाक बताया। पूर्व विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता ने राज्य स्तर पर भी निष्पक्ष ट्रायल की कमी पर चिंता व्यक्त की, और तर्क दिया कि यह माहौल नई प्रतिभाओं के उभरने को असंभव बनाता है। उन्होंने आगे कहा कि अगर निष्पक्ष चयन की जरूरत है, तो ओपन ट्रायल होने चाहिए। प्रतिभा की पहचान मैट पर होती है, और किसी खिलाड़ी को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका न देना बहुत बड़ा धोखा है। सीधे राज्य नेतृत्व से अपील करते हुए, विनेश ने सीएम से हस्तक्षेप करने और राज्य के पहलवानों के लिए न्याय सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

## चयनकर्ताओं को सुंदर पर सीओई के फीडबैक का इंतजार

**नई दिल्ली, वार्ता।** राष्ट्रीय चयन समिति वाशिंगटन सुंदर का इंतजार करने के लिए तैयार दिख रही है। टी 20 वर्ल्ड कप शुरू होने में सिर्फ दो दिन बचे हैं और अजीत अगरकर एंड कंपनी अभी तक किसी रिप्लेसमेंट की तलाश में है, इसकी कोई जानकारी नहीं है। पता चला है कि चयनकर्ता बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) से और जानकारी मिलने का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन गुरुवार (5 फरवरी) तक सुंदर टीम मैनेजमेंट और चयनकर्ताओं की वर्ल्ड कप की योजनाओं का हिस्सा लग रहे हैं। 26 साल का ऑलराउंडर, जो पिछले महीने लगी साइड स्ट्रेन से उबर रहा है, बुधवार रात दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वार्म-अप मैच में टीम से गायब था। क्रिकबज को पता चला है कि सुंदर को फिटनेस हासिल करने के लिए कुछ और समय चाहिए। टीम मैनेजमेंट और चयनकर्ता कब तक इंतजार करेंगे, यह साफ नहीं है, लेकिन अभी वे तमिलनाडु के ऑलराउंडर को बदलने की जल्दी में नहीं हैं। जाहिर है, अंतिम फैसला सीओई के ट्रेनर और फिजियो की सलाह पर निर्भर करेगा और ऐसा लगता है कि उन्होंने अभी तक सुंदर के इस बड़े इवेंट के लिए तैयार होने की उम्मीद नहीं छोड़ी है।

# रोनाल्डो ब्राजील के विश्व कप जीतने की संभावनाओं को लेकर आशावादी



**● पांच बार की विश्व विजेता ब्राजील क्वालीफायर में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से काफी पीछे थी**

**रियो डी जेनेरो, वार्ता।** पूर्व स्ट्राइकर रोनाल्डो ने कहा कि उन्हें इस साल के फीफा वर्ल्ड कप में एक नई ऊर्जा से भरी ब्राजील टीम देखने की उम्मीद है, और उन्होंने मैनेजर कार्लो एंसेलोटी के सकारात्मक प्रभाव की तारीफ की। पांच बार की वर्ल्ड कप विजेता ब्राजील क्वालीफायर में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से काफी पीछे थी, 10 टीमों के दक्षिण अमेरिकी ग्रुप में पांचवें स्थान पर रही, जो लीडर और मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना से 10 अंक पीछे थी। लेकिन रोनाल्डो ने कहा कि पिछले साल मई में अपनी नियुक्ति के बाद से एंसेलोटी ने राष्ट्रीय टीम में नया आत्मविश्वास जगाया है। दो बार के वर्ल्ड कप विजेता ने पत्रकारों से कहा कि मैं बहुत आशावादी हूं।हमने कुछ बार मुलाकात की है और छठे खिताब पर विश्वास करने के लिए ब्राजीलियाई फैंस से अपील करते हुए एक मजेदार विज्ञापन भी फिल्माया है। मैं उन्हें जानता हूं, मैं उनके काम करने का तरीका जानता हूं, इसलिए जब वह राष्ट्रीय टीम में शामिल हुए थे, उससे कहीं ज्यादा मैं अब उत्साहित हूं। वर्ल्ड कप 11 जून से 19 जुलाई तक संयुक्त राज्य अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा में खेला जाएगा। ब्राजील 13 जून को मोरक्को के खिलाफ ग्रुप सी अभियान शुरू करेगा, जिसके बाद 19 जून को हैती और 24 जून को स्कॉटलैंड का सामना करेगा। रोनाल्डो, जिन्होंने 2002 में ब्राजील को आखिरी वर्ल्ड कप जीत दिलाई थी, जब उन्होंने आठ गोल किए थे, जिसमें जर्मनी के खिलाफ फाइनल में दो गोल शामिल थे, उन्होंने कहा कि यह टूर्नामेंट देश को एकजुट करेगा। पूर्व बार्सिलोना व रियल मैड्रिड स्टार ने कहा कि यह (वर्ल्ड कप) एक ब्राजीलियाई के लिए सबसे बड़ी खुशी है। यह एक ऐसा आयोजन है जो हमारे छठे खिताब की तलाश में ब्राजीलियाई लोगों को एक साथ लाएगा। मुझे लगता है कि हमें इस मौके का फायदा उठाना चाहिए। रोनाल्डो ने कहा कि उन्होंने 2024 और 2025 में क्रमशः ब्राजील के क्रूजेरो और स्पेन के वलाडोलिड में अपनी अधिकांश हिस्सेदारी बेचने के बाद फुटबॉल क्लब के स्वामित्व से एक कदम पीछे हटने का फैसला किया है।

# तीन लेखपाल व एक संग्रह अमीन निलम्बित

## अवैध खनन पर डीएम की कार्रवाई, दो संग्रह अमीनों की सेवा समाप्त, पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई को लिखा पत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने अवैध खनन के प्रति सख्त रवैया अपनाया। अवैध खनन के प्रति करवाही के दृष्टिगत राजस्व एवं पुलिस विभाग की ड्यूटी अवैध खनन एवं अवैध परिवहन पर प्रभावी रूप से अकुश लगाये जाने हेतु लगायी गयी है।

तहसील व थाना बेहट स्थित कलसिया चौक पोस्ट पर लगाये गये कैमरे की रिकार्डिंग व चौक पोस्ट पर रखे गये वाहनों के रजिस्टर का नायब तहसीलदार फैजाबाद एवं नायब तहसीलदार मुजफ्फराबाद से परीक्षण कराकर आख्या प्राप्त की गयी जिसमें 27 जनवरी की रात्रि सतोष मिश्रा, लेखपाल, योगेश कुमार प्रथम, सग्रह अमीन, कांस्टेबल संदीप के द्वारा विगत 28.जनवरी की रात्रि नीरज जोनी, लेखपाल, श्रवण कुमार प्रथम, संग्रह अमीन, का. संदीप धाना, का. विनोद द्वारा 211 वाहनों, 29.जनवरी की रात्रि प्रदीप कुमार तृतीय, लेखपाल, अरशद, संग्रह अमीन, कां. रोहित, लीलाधर द्वारा 285 उप खनिज से लदे वाहनों को बिना वैकिंग के निकलवाना पाया गया। इसमें दोषी पाये गये राजस्व कर्मचारियों में तीन लेखपाल एवं एक नियमित संग्रह अमीन कुल 4 को तत्काल प्रभाव से निलम्बत कर दण्डात्मक विभागीय कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गयी है तथा दो सीजनल संग्रह अगीनो को ब्लैक लिस्ट कर सेवा समाप्त कर दी गयी है। इसके तहत संबंधित पुलिस कार्मिकों के विरुद्ध कार्यवाही के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखा गया है। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि अवैध खनन करने वालों एवं इसमें संलिप्त कर्मचारियों को बख्शा नहीं जाएगा।

# रिश्वत लेते चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** एंटी करप्शन टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जिला खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी कार्यालय से एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी पर किसान से लोन पास कराने के नाम पर रिश्वत मांगने का आरोप है। कार्रवाई के बाद विभाग सहित अन्य सरकारी कार्यालयों में हड़कंप मच गया है।

एंटी करप्शन इंचार्ज जसपाल सिंह ने बताया कि आकिल मलिक निवासी बहादुरपुर नगर लखनौती गंगोह ने टीम से शिकायत की थी। शिकायतकर्ता ने खादी ग्रामोद्योग विभाग की योजना के अंतर्गत लोन के लिए आवेदन किया था, जिसके एवज में कार्यालय में तैनात कर्मचारी राहुल शर्मा निवासी नकुड़ द्वारा 15 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की जा रही थी। शिकायत की जांच के बाद गुरुवार 5 फरवरी को ट्रैप टीम गठित की गई। पूर्व नियोजित योजना के तहत जैसे ही आरोपी कर्मचारी ने शिकायतकर्ता से



रिश्वत की 5 हजार रूपए रकम ली तभी टीम ने मौके पर पहुंचकर उसे रंगेहाथों पकड़ लिया। आरोपी के कब्जे से पूरी रिश्वत राशि बरामद कर ली गई है।

एंटी करप्शन टीम द्वारा आरोपी को हिरासत में लेकर थाना सदर बाजार में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है तथा मामले की आगे जांच की जा रही है।

# निर्माण कार्यो का मेयर ने किया शुभारंभ



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आज वार्ड संख्या 4 के अम्बेडकर नगर में नगर निगम निधि से बनने वाली सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का महापौर डॉ. अजय कुमार ने सड़क पर गेंती चलाकर शुभारंभ किया। इस निर्माण कार्य पर लगभग 15 लाख रुपये की लागत आयेगी।

अम्बेडकर नगर के निवासियों द्वारा पिछले काफी दिनों से निगम अधिकारियों एवं महापौर डॉ. अजय कुमार से सड़क एवं नाली निर्माण की मांग की जा रही थी। उसी के दृष्टिगत आज महापौर डॉ. अजय कुमार ने अम्बेडकर नगर में सड़क पर गेंती चलाकर सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इससे पूर्व क्षेत्र के लोगों ने माल्यार्पण कर महापौर का अभिनंदन किया। इस अवसर पर पार्षद अनिल गर्ग, पूर्व महानगर अध्यक्ष हेमंत अरोड़ा, मंडल अध्यक्ष जोगिंदर लाला व वरिष्ठ भाजपा नेता योगेश कुमार सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। महापौर डॉ. अजय कुमार ने क्षेत्रीय लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि नगर निगम ने शहर के विकास के लिए नाली-नाला, सड़क, पुलिया और प्रकाश व्यवस्था सहित आधारभूत ढांचे में व्यापक सुधार किया है। सहारनपुर एक आदर्श शहर के रुप में विकसित हो, इसके लिए नगर निगम लगातार कार्य कर रहा है। अंबेडकर नगर में सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ उसी कड़ी में किया जाने वाला कार्य है। उन्होंने शहर के लोगों से शहर को स्वच्छ और साफ सुथरा रखने में सहयोग देने की अपील की।

# कोई भी मतदाता छुटने न पाए: शिपू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी/नगरायुक्त शिपू गिरि ने आज नगर निगम स्थित मतदान केद्र पर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) के अंतर्गत बीएलओ द्वारा मतदाता सूचियों के शुद्धिकरण हेतु किये जा रहे कार्य की जानकारी ली।

अतिरिक्त चुनाव अधिकारी/नगरायुक्त शिपू गिरि ने ब्रहस्पतिवार की दोपहर नगर निगम भवन में चल रहे एसआईआर के अंतर्गत बीएलओ द्वारा मतदाता सूचियों के शुद्धिकरण हेतु किये जा रहे कार्य की सभी भाग संख्या डेस्को पर जाकर जानकारी ली। उन्होंने अतिरिक्त सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं बीएलओ से पूछा कि उन्हें किसी प्रकार की कोई समस्या तो नही आ रही है। कुछ बीएलओ ने बताया कि



सूची से नाम न मिलने के मामले भी आ रहे है। इस पर उन्होंने कहा कि मतदाताओं को उसके लिए निर्धारित प्रपत्र भरकर नाम शुद्धिकरण कराने की जानकारी दें। उन्होंने मतदान केंद्र पर आने वाले लोगों से भी बात की। अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी/नगरायुक्त ने सभी बीएलओ और अतिरिक्त सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों से कहा कि वे केवल मतदाताओं के भरोसे न रहें, फील्ड में जाकर भी जिम्मदारी के साथ अपना कार्य करें। राष्ट्रीय महत्व के इस कार्य को पूरी सजगता, निष्ठा और समर्पण भाव के साथ त्वरित गति से पूरा करें। उन्होंने निर्देश दिए कि कोई भी मतदाता छूटने न पाए।

# सरकार का कदम सराहनीय: अजीम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता व पूर्व नगर अध्यक्ष अजीम मलिक ने कहा कि चाइनीज मांझे पर सरकार का गम्भीरता दिखाना सही कदम है।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता व पूर्व नगर अध्यक्ष अजीम मलिक ने कहा कि चाइनीज माँझे के कारण आए दिन दुर्घटनाओं के समाचार मिल रहे थे।कुछ मौतें होने के भी समाचार मिले जो दिल दहलाने वाले हैं।चाइनीज मांझा खतरनाक साबित हो रहा है।पतंग उड़ाने का शौक नया नहीं है ना ही बुरा है लेकिन किसी को भी किसी की जान से खिलवाड़ करने का हक नहीं है।उस स्थिति में तो बिल्कुल भी नहीं जब ये जानलेवा साबित हो।अजीम मलिक ने कहा कि चाइनीज माँझे पर सरकार ने गम्भीरता दिखाते हुए जो कड़ा कदम उठाया ये सराहनीय है।

# जिला कारागार में कैदियों के स्वास्थ्य की जांच

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के निर्देशों के अनुपालन में आज जिला कारागार में कैदियों की सामान्य स्वास्थ्य जांच के लिए स्वास्थ्य शिविर का शुभारम्भ कारागार अधीक्षक सत्य प्रकाश सिंह एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जेल अधीक्षक के साथ जेल चिकित्सालय में भर्ती मरीजों का हालचाल भी जाना।

शिविर के नोडल अधिकारी एवं जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. सर्वेश कुमार सिंह ने बताया कि यह शिविर 5 फरवरी से 13 फरवरी तक चलेगा, जिसमें सभी कैदियों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, हेपेटाइटिस, एचआईवी, शुगर जांच के साथ




आवश्यकता अनुसार बलगम एवं एक्स-रे जांच की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग की टीम प्रतिदिन जेल में ही जांच करेगी। शिविर में जेल अधीक्षक सत्य प्रकाश सिंह, सीएमओ डॉ. प्रवीण कुमार, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. सर्वेश कुमार सिंह, जेलर प्रशांत उपाध्याय, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. शिवांका गौड, टीबी स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आशीष कुमार, जेल चिकित्साधिकारी डॉ. प्रवीण पुंडीर, डॉ. नासिर खान, वरिष्ठ क्षय रोग लैब पर्यवेक्षक एम.पी. सिंह चावला, वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक अशोक पंवार, जेल फार्मासिस्ट दिनेश साजवान सहित शिविर टीम मौजूद रही। जांच टीम में डॉ. पंकज, लैब टेक्नीशियन अक्षय कुमार, सुबूर हुसैन, मोबाइल मेडिकल यूनिट कोऑर्डिनेटर वरुण चौधरी, एचआईवी कोऑर्डिनेटर नाथी राम, नरेन्द्र, मेडिकल कॉलेज कोऑर्डिनेटर रीता शर्मा, जिला चिकित्सालय कोऑर्डिनेटर प्रवेश कुमार, एम्बुलेंस टीम की चिकित्सा अधिकारी डॉ. रीतू राणा, फार्मासिस्ट सचिन कुमार, स्टाफ नर्स सरिता रानी, लैब टेक्नीशियन मोनू एवं वाहन चालक आर्यन शारसर उपस्थित रहे।

# यूपीसीए पंजीकरण प्रक्रिया हुई शुरूः लतीफुर्रहमान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सहारनपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन (एसडीसीए) के सचिव लतीफ उर रहमान ने बताया कि उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अंतर्गत जनपद के खिलाड़ियों के लिए यूपीसीए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

पंजीकरण की अंतिम तिथि 10 फरवरी निर्धारित की गई है।उन्होंने बताया कि यूपीसीए में पंजीकरण के बिना किसी भी खिलाड़ी को ट्रायल में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। ऐसे में सभी इच्छुक खिलाड़ियों से अपील की गई है कि वे समय रहते अपना पंजीकरण अनिवार्य रूप से करा लें।पंजीकरण

**पंजीकरण की अंतिम तिथि 10 फरवरी की गई निर्धारित**

से संबंधित जानकारी के लिए विनय कुमार से संपर्क किया जा सकता है। वहीं पंजीकरण शुल्क जमा कराने के लिए सुनील सैनी से संपर्क किया जा सकता है। शुल्क जमा करने का स्थान ज्ञान कलश इंटरनेशनल स्कूल, अंबाला रोड बताया गया है।एसडीसीए सचिव लतीफ उर रहमान ने खिलाड़ियों से अनुरोध किया कि वे अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना पंजीकरण प्रक्रिया पूरी करें, ताकि ट्रायल और चयन प्रक्रिया में किसी तरह की परेशानी न हो।

# किसानों के लिए होगा हर स्तर पर संघर्ष: धर्मेंद्र

## भाकियू तोमर की मासिक बैठक के बाद प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भारतीय किसान यूनियन तोमर के प्रदेश अध्यक्ष धमेंद्र तोमर ने कहा कि किसानों की समस्याओं के समाधान के लिये हर स्तर पर संघर्ष किया जायेगा। उन्होंने किसानों से एकजुटता का आहवान किया।

धमेंद्र तोमर आज कलैक्ट्रेट परिसर में यूनियन की मासिक बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में किसानों के सामने कई गंभीर समस्याएं खडी है। जिसके निस्तारण के लिये भाकियू तोमर संघर्ष जारी रखे हुए है। उन्होंने कहा कि प्रशासन यदि उनकी मांग पर ध्यान नहीं देता है तो यूनियन धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होगी। बैठक



को जिलाध्यक्ष योगेंद्र तोमर, महिला जिलाध्यक्ष रूबी त्यागी, राव सलीम ने भी संबोधित किया।

बैठक के पश्चात एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा गया। जिसमें किसानों के यहां जबरन लगाये जा रहे स्मार्ट मीटर को रोके जाने, सोसायटी पर किसनों को खाद कोटे के अनुरूप दिये जाने, गन्ने का रूका हुआ भुगतान तुरंत कराने, श्रम विभाग में शादी के अनुदान में भरे जाने वाले फार्म में रिश्वत पर रोक लगाने तथा दाखिल खारिज के नाम पर पैसे मांगे जाने पर रोक लगाये जाने की मांग की गई।

इस दौरान दिलशाद मलिक, चौ.मुकेश कुमार, नौशाद, इरशाद, महताब मुखिया, जयेंद्र शर्मा, हाजी इस्लाम, सुमन सिंह व सोनिया आदि मौजूद रहे।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोपी पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** थाना पुलिस टीम ने युवती को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म करने तथा युवती के गर्भवती होने पश्चात गर्भपात की गोलियां खिलाकर उसका गर्भपात कराने के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है।

ज्ञात हो कि दो दिन पूर्व क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने एक युवक पर आरोप लगाया था कि करीब 05 माह पहले वह अपने घर पर अकेली थी तो उक्त युवक उसके घर मे घुस आया। विपक्षी युवक ने शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया तथा किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता आरोपी युवक से डर गयी इसलिए उसने यह बात किसी को नहीं बतायी। आरोपी द्वारा किये गए गलत काम से वह गर्भवती हो गयी।

जब गर्भवती होने के बारे में पीड़िता की माँ को पता चल गया तो उसने सारी बात अपनी मां को बात बताई। लेकिन माँ ने लोक लाज के कारण किसी को इस बारे में नही बताया। आरोप यह भी था कि आरोपी युवक ने पीड़िता को दोबारा फिर उससे शादी करने का झांसा दिया और उसे बहला फुसलाकर गर्भपात की दवाई उसे खिलाई जिससे उसका गर्भ गिर गया। लेकिन बाद में आरोपी ने युवती को शादी करने के लिए मना कर दिया। इस बारे में पीड़िता के परिजनों ने आरोपी के परिजनों से बात की तो उन्होंने भी पीड़ित परिवार को गाली गलोच करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

# दीवानी कचहरी में 22 को लगेगा मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जनपद सहारनपुर में आगामी 22 फरवरी को मेगाध्बृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा।

इस संबंध में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पत्रकारों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। दीवानी न्यायालय परिसर स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में आयोजित बैठक में पूर्णकालिक सचिव पप्पू कुमार सिंह ने बताया कि यह शिविर जनपद न्यायाधीश सतेन्द्र कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। शिविर का मुख्य उद्देश्य समाज के वंचित एवं कमजोर



वर्गों को सरकारी कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना तथा उन्हें नि:शुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि शिविर में स्वास्थ्य, कृषि, श्रम, समाज कल्याण, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, राजस्व विभाग सहित जनपद के सभी प्रमुख विभागों के स्टॉल लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पात्र लाभार्थियों से आवेदन प्राप्त कर मौके पर ही दस्तावेजी कमियों को दूर किया जाएगा।

# हर्षित ने राष्ट्रीय स्कूल जूडो चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नए वर्ष में सहारनपुर जूडो ने एक और विशिष्ट उपलब्धि अपने नाम की है। सहारनपुर के प्रतिभाशाली जूडो खिलाड़ी हर्षित धीमान ने राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर जनपद व प्रदेश का नाम रोशन किया है।

सहारनपुर जिला जूडो एसोसिएशन के संस्थापक सचिव दीपक गुप्ता ने बताया कि स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में 28 जनवरी से 3 फरवरी 2026 तक त्यागराज स्टेडियम, दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय स्कूल जूडो चैंपियनशिप में अंडर-19 आयुवर्ग के 81 किलोग्राम भारवर्ग में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए हर्षित धीमान ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। दिल्ली से लौटने पर रेलवे स्टेशन पर हर्षित का उनके प्रशिक्षक सोनू सिंह (जोंटी) एवं साथी खिलाड़ियों युवराज सिंह, हार्दिक शर्मा आदि ने भव्य स्वागत किया। इसके पश्चात एसोसिएशन कार्यालय पहुंचने पर नौशाद सैफी, दीपक गुप्ता सहित पदाधिकारियों ने अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। वहीं घर पहुंचने पर परिवारजनों ने माल्यार्पण कर हर्षित का जोरदार स्वागत किया।

हर्षित की इस उपलब्धि पर बधाई देने वालों में क्रीड़ाधिकारी राहुल चोपड़ा, सहायक प्रशिक्षक प्रवीण कुमार, एसोसिएशन संरक्षक ए.सी. गुप्ता, अध्यक्ष डॉ. एस.के. शर्मा, उपाध्यक्ष पंकज बंसल, अनिल अग्रवाल, विनय जिंदल, पंकज मल्होत्रा, संजय गुप्ता, धीरज जैन, संजीव गुप्ता सहित अनेक खेलप्रेमी शामिल रहे।

# समाज संगठित रहे: आचार्य अनूप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** साईं धाम कॉलोनी में श्रीराम बस्ती एवं द्वारिका बस्ती के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को हिन्दू सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आचार्य अनुप, महाराज रुपेंद्र प्रकाश एवं प्रांत प्रचारक अनिल भाईसाहब उपस्थित रहे। सम्मेलन में वक्ताओं ने हिन्दू समाज को एकजुट रहने और सामाजिक जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए आचार्य अनुप ने बांग्लादेश में हिन्दू परिवारों के साथ हो रही घटनाओं का उल्लेख करते हुए उनसे सबक लेने और समाज को संगठित रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। वहीं महाराज राघवेंद्र ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि संघ के प्रयासों से ही सनातन संस्कृति




सुरक्षित है। प्रांत प्रचारक अनिल ने संघ की 100 वर्षों की यात्रा पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में सरस्वती स्कूल के बच्चों द्वारा भारत माता पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई, जिसे उपस्थित लोगों ने सराहा। सम्मेलन के समापन पर प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आशुतोष (विभाग प्रचारक), अरविंद (विभाग कार्यवाह), जगदानंद, आनंद, रमेश (कार्यवाह), देवेंद्र (सह कार्यवाह), कविंद्र (महानगर प्रचारक), अमित, सुनील खुराना, शिवकुमार, आनंद मेहता, मनभावन, मनीष, प्रदीप, विश्वजीत, यश, राघव, उज्ज्वल, विपिन सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# लक्ष्य निर्धारण के साथ करें कड़ी मेहनत:श्वेता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** एमपीएस की प्रधानाचार्या डॉ शालू कुमारी भूर्यान ने कहा कि अनुशासन, मेहनत और आत्मविश्वास से जीवन में हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त की जा सकती है।अपना लक्ष्य निर्धारित कर कड़ी मेहनत करें छात्र।

मदरलैण्ड पब्लिक स्कूल में कक्षा ग्यारह के छात्र-छात्राओं द्वारा कक्षा बारहवीं के छात्र-छात्राओं के सम्मान में एक भव्य एवं यादगार विदाई समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत गीत एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स के लिए रंगारंग सांस्कृतिक एवं मनोरंजक प्रस्तुतियाँ प्रस्तुत की।कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अपने विद्यालय जीवन के अनुभव



साझा करते हुए यादगार पलों को भावुक अंदाज में स्मरण किया।इस अवसर पर कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न टाइटल्स रखे गए, जिससे समारोह और अधिक रोचक बन गया। जूनियर्स ने अपने सीनियर्स को शुभकामनाओं के साथ स्मृति-चिन्ह भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्या डॉ. शालू कुमारी भूर्यान ने कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को आगामी बोर्ड परीक्षाओं एवं भविष्य के लिए शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि अनुशासन, मेहनत और आत्म विश्वास से ही जीवन में सफलता प्राप्त की जा सकती है। चेयरपर्सन श्रीमती श्वेता सैनी ने अपने प्रेरणादायी वक्तव्य में कहा कि मदरलैण्ड पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी हमेशा विद्यालय की पहचान रहेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों को जीवन में अपनाने और समाज व राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के अंत में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने विद्यालय परिवार, शिक्षकों एवं अपने जूनियर्स का आभार व्यक्त किया।

# बच्चों ने प्रतियोगिता में दिखाया दम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** गुरुनानक इंटर कालेज महंगी में त्रिदिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ स. कुलदीप सिंह व एमडी मेघराज सैनी द्वारा फीता काटकर किया गया।

बाधा दौड़ प्रतियोगिता बालक वर्ग में सिद्धांत सैनी, समद मलिक व मोनिश मालिक और बालिका वर्ग में अनन्या, राधिका व अवनी सैनी क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहें फुटबॉल प्रतियोगिता बालक वर्ग में फुटबॉल फाइटर्स (कप्तान सिद्धांत) एवं फुटबॉल लीजेंड्स (कप्तान मनवीर) के बीच हुए निर्णायक मुकाबले मे फुटबाल फाइटर्स ने कडे संघर्ष में 7-6 से और जीत बालिका वर्ग में फुटबॉल फाइटर्स (कप्तान आयुषी शर्मा) और फुटबॉल लीजेंड्स (कप्तान वंशिका) के बीच हुए रोमांचक मुकाबले में लीजेंड्स टीम ने 3-2 से जीत हासिल की। रेफरी संदीप कुमार रहे। निर्णायकों में पायल धीमान, हर्षमीन कौर व शाहरुख रहे।

# निबंध में कीर्ति को मिला प्रथम स्थान

**गंगोह।** लाला किशनचंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के एक दिवसीय शिविर में "कौशल विकास हेतु युवा" विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में कीर्ति चौधरी प्रथम, समरीन द्वितीय व रानी व ज्योति तृतीय स्थान पर रही। भावना कश्यप एवं हिमांशी को भी सराहा गया।

प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल सिंह ने इस अवसर पर कहा कि ऐसे शिविर युवाओं में कौशल विकास, सामाजिक चेतना एवं जिम्मेदारी की भावना को सुदृढ़ करते हैं। कार्यक्रम अधिकारी पूजा को शिविर संचालन में सुनील कुमार, अभिलाष कुमार, गजेंद्र कुमार ने किया। इस मौके पर विनोद कुमार, विनीत कुमार, ओमबीर हिमांशी, अनुराधा, तमन्ना, किट्टू सैनी, गुलाम नबी आदि रहे।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शुक्रवार, 6 फरवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# पीएम की सुरक्षा

गुरुवार को लोकसभा स्पीकर ओम बिडला ने सदन में पीएम की सुरक्षा को लेकर बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि बुधवार को लोकसभा में पीएम मोदी के साथ लोकसभा में बड़ी घटना हो सकती है। इसलिए बुधवार की शाम पांच बजे होने वाली पीएम मोदी की स्पीच टालनी पड़ी। उनके अनुसार पीएम सदन में मौजूद थे, उन्होंने ही उन्हें न आने का आग्रह किया था। गुरुवार को पीएम मोदी राष्ट्रपति के अभिभाषण पर बोले जरूर, लेकिन हंगामा बढ़ता देख उनका भाषण पूरा नहीं हो सका। लोकसभा स्पीकर का यह भी कहना था कि बुधवार को लोकसभा अध्यक्ष कार्यालय में जो हुआ वह सदन के इतिहास में कभी नहीं हुआ। ओम बिडला का यह भी कहना था कि जब सदन के नेता पीएम मोदी को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर जवाब देना था, तो विपक्षी सांसद पीएम की सीट के पास पहुंच गए थे, विपक्ष की कई महिला सदस्य पीएम की सीट तक पहुंची। यह बिल्कुल संसद की गरिमा के अनुकूल नहीं है। गुरुवार को पीएम मोदी के भाषण के समय लोकसभा स्पीकर ने पहली बार 65 सेकेंड में, दूसरी बार 5 मिनट में, तीसरी और चौथी बार 2-2 मिनट में कार्यवाही स्थगित कर दी। विपक्षी मांग कर रहे थे कि जब तक लोकसभा में राहुल गांधी को अपनी बात नहीं रखने दी जाती, तब तक विपक्ष पीएम मोदी को सदन में बोलने नहीं देगा। इस तरह बजट सत्र के सातवें दिन लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव हंगामे के बीच पास हो गया और 2004 के बाद पहली बार यह प्रस्ताव पीएम के भाषण के बिना पास हुआ। वहीं पीएम नरेंद्र मोदी सदन में यह कहने से नहीं चूके कि विपक्ष चाहे कुछ भी कहे, लेकिन उनकी विकास यात्रा को नहीं रोक सकता। उन्होंने विपक्ष विशेषकर कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि हमारी काफी शक्ति उनकी गलतियों को ठीक करने में जा रही है। पीएम मोदी का कहना था कि देश का हर व्यक्ति महसूस कर रहा है कि अहम पड़ाव पर हम पहुंच चुके हैं। उन्होंने अमेरिका का नाम लिए बिना कहा कि आज विकसित देश भारत के साथ ट्रेड समझौते कर रहा है। यह काम भारत अपनी शर्तों पर कर रहा है, लेकिन विपक्ष को यह सब रास नहीं आ रहा है। उन्होंने याद दिलाया कि जब वह 2014 में आए थे तो भारत अर्थव्यवस्था में विश्व पर छठें नंबर पर था। आज तीसरे नंबर पर आने को आतुर है। अच्छा होता कि सदन में चर्चा के लिए वातावरण बनाया गया होता। अगर सरकार सच में इतनी आवश्वस्त है और उसके फैसले भारत के पूरी तरह हित में हैं, जिससे भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है, तो यह तो और भी जरूरी हो जाता है कि सरकार इस सच को देश के सामने रखे। इससे सरकार को ही लाभ होगा और बिना वजह का संदेह भी समाप्त होगा, लेकिन हो इसके उलट रहा है। सरकार भी नहीं चाहती कि सदन के भीतर कोई स्वस्थ चर्चा हो।

## सरकार और किसान एआई पर काम कर रहे



डिजिटल गवर्नेंस के कारण उत्तर प्रदेश में कृषि ऋण स्वीकृति की प्रक्रिया पूरी तरह बदल गई है। पहले किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के माध्यम से ऋण पाने में 25 दिन से एक महीने तक का समय लगता था, लेकिन अब ई-केसीसी के जरिये किसान मात्र पांच मिनट में ऋण सुविधा प्राप्त कर रहे हैं, वर्ष 2026-27 के लिए प्रदेश का कृषि ऋण लक्ष्य 3 लाख करोड़ रुपये तय किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 13 प्रतिशत अधिक है, आज सरकार और किसान मिलकर खेती में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के उपयोग पर काम कर रहे हैं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से केंद्रीय बजट में एआई एग्रीकल्चर प्लेटफॉर्म की घोषणा की गई है और उप्र इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। -योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उप्र

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौता आर्थिक लाभ या जोखिम





रजनीश कपूर

केंद्रीय बजट के बाद जिस तरह से सोने-चांदी में भारी गिरावट दिखाई दी, उससे निवेशक अभी संभले ही नहीं थे कि हाल ही में घोषित भारत-अमेरिका व्यापार समझौते ने वैश्विक व्यापार जगत को हिला दिया है। सोशल मीडिया पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा की गई घोषणा के अनुसार, भारत से आयातित वस्तुओं पर अमेरिकी टैरिफ 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है, जबकि भारत ने अमेरिकी उत्पादों पर टैरिफ को शून्य करने और रूसी तेल खरीद कम करने का वादा किया है। यह समझौता भारत की अर्थव्यवस्था के लिए मिश्रित परिणाम ला सकता है, जहां निर्यात को बढ़ावा मिलेगा लेकिन कृषि प्रधान देश भारत में, कृषि के क्षेत्र में चुनौतियां अवश्य सामने आएंगी।

माना जाता है कि यह समझौता जुलाई 2025 से चले टैरिफ युद्ध का परिणाम है, जब अमेरिका ने रूस से तेल खरीद को लेकर भारत पर 25 प्रतिशत दंडात्मक टैरिफ लगाया था। इस समझौते के बाद अब कुल प्रभावी टैरिफ 18 प्रतिशत रहेगा, जो वियतनाम (20 प्रतिशत) और चीन (34 प्रतिशत) से बेहतर है। समझौते के दावों के अनुसार भारत ने अमेरिकी ऊर्जा, रक्षा, कृषि उत्पादों पर 500 अरब डॉलर की खरीद का वचन दिया है, जिसमें पेट्रोलियम, डेयरी और नट्स शामिल हैं। हालांकि, पूर्ण विवरण सार्वजनिक नहीं किया गया है, केवल सोशल मीडिया पोस्ट और अधिकारियों के बयानों पर ही तमाम खब्बरें और विश्लेषण आ रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि यह समझौता भारत के निर्यात को बढ़ावा अवश्य दे सकता है। खासकर वस्त्र, फार्मास्यूटिकल्स और इंजीनियरिंग उत्पादों में। अर्थशास्त्रियों के अनुसार, अमेरिकी बाजार में प्रवेश से भारत की जीडीपी में 0.6 प्रतिशत वृद्धि से 7.4 प्रतिशत तक पहुंच सकती है। सीईए वी। अनंता नागेश्वरन के अनुसार यह समझौता निवेशकों का भरोसा बढ़ाएगा और रुपये को स्थिर भी कर सकेगा। हालांकि, अमेरिकी आयात बढ़ने से व्यापार अधिशेष कम हो सकता है और ऊर्जा आयात बिल बढ़ सकता है क्योंकि रूसी तेल सस्ता था। कुल मिलाकर, लघु अवधि में सकारात्मक लेकिन दीर्घकालिक असंतुलन का खतरा हो सकता है। फिलहाल सरकार ने इस समझौते को लेकर किसी भी तरह की औपचारिक प्रेस विज्ञप्ति जारी नहीं की, जिससे सवाल उठे रहे हैं। राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया पर घोषणा की, जबकि पीएम मोदी ने केवल धन्यवाद दिया। विपक्ष का आरोप है कि संवेदनशील रियायतें, जैसे कि कृषि बाजार खोलना, छिपाई जा रही हैं ताकि किसान आंदोलन न भड़के। यह पारदर्शिता की कमी राष्ट्रीय हितों पर सवाल खड़े करती है, क्योंकि व्यापार संधियों में आमतौर पर पूर्ण खुला. सा किया जाता है। जानकारों के अनुसार, यह रणनीतिक गोपनीयता लगती है लेकिन वहीं ए लो. कतांत्रिक जवाबदेही को कमजोर करती है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इसे 'सरेंडर 2.0' कहा और आरोप लगाया कि मोदी सरकार दबाव में झुकी और किसानों के हित बेचे। उन्होंने संसद में चर्चा रोकने का आरोप लगाया, जबकि वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने विपक्ष पर हंगामा करने का इल्जाम लगाया। विपक्ष का मुख्य मुद्दा असमानता है। अमेरिका 18 प्रतिशत टैरिफ रखे, भारत शून्य दे। यह साफ तौर पर 'ट्रंप-निरभरता' है। राजनी. तिक रूप से देखा जाए तो यह मौजूदा बजट सत्र में सरकार को घेरने का हथियार है, लेकिन मूल चिंता कृषि और ऊर्जा सुरक्षा की है।

जानकार मानते हैं कि इस समझौते के कुछ संकेत स्पष्ट हैं। 2025 में 50 प्रतिशत टैरिफ से भारत के निर्यात में गिरावट आई। अगस्त में 6.86 अरब डॉलर से अक्टूबर में 6.30 अरब। ट्रंप की 'आर्थिक ब्लैकमेल' नीति ने रूसी तेल खरीद को निशाना बनाया। प्रधानमंत्री मोदी ने 'भारी कीमत चुकाने को तैयार' कहा था। सेवानिवृत अफसरों ने सलाह दी कि बुरा समझौता न करें। यह दबाव रणनीतिक था, चीन के विकल्प के रूप में भारत को मजबूत करना तो ठीक था, लेकिन भारत की रणनीतिक स्वायत्तता पर सवाल भी उठने लगे। अगर शर्तें एकतरफा हों तो समझौता न करना ही बेहतर था। वहीं इस समझौते को लेकर अर्थशास्त्री विभाजित हैं। ब्लूमबर्ग के अनुसार, निर्यात 64 प्रतिशत बढ़ सकता है, लेकिन अगर समझौता विफल होता है तो जीडीपी पर 0.7 प्रतिशत नुकसान संभव है।

आशावादी अर्थशास्त्रियों का मानना है किजीडीपी 7.4 प्रतिशत तक बढ़ सकती है। लेकिन वजाहत हबीब जैसे विशेषज्ञ असमानता पर सवाल उठाते हैं- 0 बनाम 18 प्रतिशत टैरिफ, किस दृष्टि से सही है? एक रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि डेयरी को 1.03 लाख करोड़ का नुकसान हो सकता है। कुल मिलाकर देखा जाए तो विनिर्माण को फायदा लेकिन कृषि को खतरा संभव है इसलिए संतुलित सुधार जरूरी हैं। गौरतलब है कि भारत जैसे देश में कृषि क्षेत्र सबसे संवेदनशील है। समझौते के मुताबिक अमेरिका बादाम, सोयाबीन तेल, कपास और डेयरी निर्यात बढ़ाएगा। डेयरी में, वर्तमान 60 प्रतिशत टैरिफ कम होने से कीमतें 15 प्रतिशत गिर सकती हैं, जिससे किसानों को 1.03 लाख करोड़ का वार्षिक नुकसान हो सकता है। आयात 25 मिलियन टन बढ़ सकता है, 1-2 गाय वाले छोटे किसानों को मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। अमूल जैसे कोऑपरेटिव भी प्रभावित होंगे। पूर्व व्यापार विशेषज्ञों का कहना है कि इससे किसान का विरा. ेध भड़क सकता है। वहीं सकारात्मक पक्ष इस बात का दावा भी कर रहे हैं कि प्रोसेस्ड एग्री निर्यात बढ़ सकता है, लेकिन इस क्षेत्र में संरक्षण जरूरी है। यह आम नागरिकों की आजीविका को जोखिम में डालता सकता है, जहां 80 प्रतिशत कृषि छोटे किसानों पर निर्भर। भू-रणनीतिक की दृष्टि से यह समझौता जरूरी था, क्योंकि चीन के मुकाबले भारत को मजबूत करना, एक अच्छी रणनीति अवश्य है लेकिन यह आर्थिक रूप से असंतुलित है। एक ओर टेक्सटाइल और फार्मा आदि क्षेत्रों में निर्यात अवश्य बढ़ेगा, लेकिन 'बाय अमेरिकन' की नीति से घरेलू उद्योग अवश्य दब सकते हैं। कृषि में अमेरिकी सब्सिडी उत्पाद सस्ते आयात से ग्रामीण संकट बढ़ा सकते हैं। ऐसे में पारदर्शिता की कमी जनता के बीच विश्वास घटाती है। आत्मनिर्भर भारत के लिए यह अवसर अवश्य हो सकता है लेकिन ध्यान रहे कि देश की आर्थिक नीति की सुरक्षा के लिए सावधानी अवश्य बरतनी होगी, कोई भी देश सर्वोच्च नहीं है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# कितना सेहतमंद है बोतलबंद पानी

**स्पष्ट है कि शुद्ध और स्वच्छ जल के नाम पर बिकने वाला बोतलबंद पानी लोगों और पर्यावरण दोनों को नुकसान पहुंचा रहा है। साथ ही प्लास्टिक की बोतल के निर्माण के दौरान होने वाली अतिरिक्त जल की बर्बादी से भूजल स्तर में कमी हो रही है। पेयजल का कोई सुरक्षित विकल्प खोजना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।**



भारत में पानी की गुणवत्ता का हमारे स्वास्थ्य पर काफी प्रभाव पड़ता है। यदि पेय जल प्रदूषित हो तो यह जहर के समान हो जाता है। वर्तमान में पर्यावरण प्रदूषण इस हद तक बढ़ गया है कि ज्यादातर जल स्रोत प्रदूषित हो गए हैं। समूचा विश्व जल संकट का सामना कर रहा है। ऐसे में सभी लोगों को शुद्ध व स्वच्छ पेयजल मिल पाना अपने आप में एक चुनौती हो गई है।

कुछ सालों पहले से बोतलबंद पानी दुनिया भर के बाजारों में बिकना शुरू हुआ। जिसे कंपनियों ने यह कहकर बेचना शुरू किया था कि यह स्वच्छ, शुद्ध और खनिज युक्त है। जिसे वास्तविकता मान कर लोग इसे धड़ल्ले से खरीदने लगे हैं, पर क्या वास्तव में बोतलबंद पानी खनिज युक्त होता है और क्या यह हमारे स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है? पहले तो यह स्पष्ट करते चलें कि बाजार में बिकने वाला हर बोतलबंद पानी मिनरल वॉटर नहीं होता है। मिनरल वॉटर वह पानी होता है जो ऐसे प्राकृतिक स्रोतों से भरा जाता है जहां के पानी में कई लाभदायक खनिज तत्व पाए जाते हैं। यह स्वास्थ्यवर्धक लवणों, खनिजों से भरपूर और ऑक्सीजन युक्त होता है। जो स्वाद में अच्छा और स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होता है। बाजार में उपलब्ध अधिकतर बोतलबंद पानी पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर होता है। पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर नल से आने वाला सामान्य पानी होता है जिसे फिल्टर से छान कर, रिवर्स ऑस्मोसिस, ओजोन ट्रीटमेंट आदि से साफ करके पैक कर दिया जाता है। इसी प्रकार, लोगों में आरओ सिस्टम को लेकर भ्रांति है कि इससे नितांत शुद्ध व स्वच्छ जल मिलता है, किंतु वास्तव में आरओ सिस्टम से गुजरा हुआ पानी भी सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है। कारण, क्योंकि आरओ सिस्टम में लगे फिल्टर कुछ दिनों बाद ही पानी को साधारण तरीके से फिल्टर करने लगते है। बोतलबंद पानी को लेकर अमेरिका में हुई रिसर्च से पता चला है कि बोतलबंद पानी में प्लास्टिक के खतरनाक कण मिल रहे हैं। अमेरिकी संस्था नेचुरल रिसोर्सेज डिफेंस काउंसिल के अनुसार बोतल बनाने में एन्टिमनी का उपयोग किया जाता है। इस वजह से बोतलबंद पानी को अधिक समय तक रखने पर उसमें एन्टिमनी की मात्रा घुलती जाती है। इस रसायन युक्त पानी को पीने से कई तरह की बीमारियां होने लगती हैं। स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ न्यूयॉर्क के वैज्ञानिकों ने दुनियाभर में बोतलबंद पानी पर शोध कर बताया है कि भारत सहित दुनियाभर में मिलने वाले बोतलबंद पानी में 93 फीसदी तक प्लास्टिक के महीन कण देखे गए हैं। इसके अतिरिक्त जिन प्लास्टिक की बोतलों में मिनरल या फिल्टर वॉटर बिकता है वे पॉलीएथिलीन टेरीथेलेट PET की बनी होती हैं।

# नेपाल : मधेश के हाथ में होगी सत्ता की चाबी



यशोदा श्रीवास्तव

नेपाल का चुनाव कई मायनों में बड़ा दिलचस्प है। यूं कहें तो नई और पुरानी सभी पार्टियां बस भाग्य भरोसे चुनाव मैदान में हैं। एजेंडे की बात करें तो सभी के पास वहीं पुराना राग ही है। नेपाली कांग्रेस जो इस बार पूर्व महामंत्री गगन थापा के नेतृत्व में अपने पुराने दावे और वादों के साथ मैदान में हैं। पार्टी के नए सभापति गगन थापा ने तो पूर्व सभापति शेर बहादुर देउबा को टिकट से ही वंचित कर दिया। एमाले और माओवादी केंद्र के पास भी नेपाल के लिए कुछ नया नहीं है। इन तीन पुरानी पार्टियों के इतर इस बार पूरे नेपाल में चुनाव मैदान में उतरी राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को लोग भरोसे की .ष्टि से जरूर देख रहे हैं। नेपाल के पहाड़ी लोगों को इस पार्टी से परिवर्तन की अनुभूति की आश है। लेकिन इसका भी कोई क्लीयर एजेंडा नहीं दिख रहा, हां इस पार्टी में जेन जी आंदोलन के नायक सुडान गुरूंग और काठमांडू के पूर्व मेयर वालेन शाह सहित ढेर सारे युवाओं के आ जाने से इस पार्टी को युवा मतदाताओं पर भरोसा ज्यादा है। नेपाल में सत्ता आती जाती रही है लेकिन समस्याएं जस की तस है। बेरा. ेजगारी, पलायन, मंहगाई, भ्रष्टाचार सब बेकाबू है। इस सबसे युवा ही ज्यादा प्रभावित और आक्रोशित हैं। जैसा कि दिख रहा है, यदि युवाओं का फैसला एक तरफा हुआ तो संभव है परिणाम चौंकाने वाला हो। लेकिन यह भी संभव है कि सत्ता की चाभी मधेश के हाथ में हो।

राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी का जन्म पिछले चुनाव में धूमकेतु की तरह हुआ था। इसके अध्यक्ष रवि लामी छाने नेपाल के पत्रकार रहें हैं। इनका टीवी टाक शो



नेपाल में काफी लोकप्रिय रहा है। पिछले चुनाव में पश्चिम नेपाल में इस पार्टी को अच्छी खासी सफलता मिली थी। एक दर्जन से अधिक सीटों पर राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के उम्मीदवार कामयाब हुए थे। ओली सरकार में रवि लामी छाने गृहमंत्री थे। बतौर गृह मंत्री उनकी पहचान एक सख्त मंत्री की थी। उन्हें अमरीकी नागरिक विवाद में पद और प्रतिनिधि सभा से त्यागपत्र देना पड़ा था। बाद में इस विवाद के सुलझ जाने पर वे प्रतिनिधि सभा में वापस आए और फिर गृहमंत्री बने। गृहमंत्री रहते हुए उन्होंने ब्यूरोक्रेट्स और राजनीतिक भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की भरपूर कोशिश की। कई बड़े अफसरों और राजनेताओं के भ्रष्टाचार की जांच का आदेश देकर वे सुर्खियों में रहे। हालांकि उन्हें इसका खामियाजा भुगतना पड़ा। प्रचंड और ओली के अलग होने के बाद जब नेपाली कांग्रेस और ओली की सरकार बनी तो इस सरकार में रवि लामी छाने शामिल नहीं हुए। इस बीच वे खुद धोखाधड़ी के बड़े लपेटे में आ गए। उन्हें जेल जाना पड़ा। अभी वे जमानत पर हैं। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी पूरी तरह रवि लामी छाने के नेतृत्व और जेन जी आंदोलन के नायकों के के भरोसे है।

काठमांडू के पूर्व मेयर वालेन शाह जब मेयर थे तब अपने कार्यालय में ग्रेटर नेपाल का नक्शा लगाए हुए थे, वे कभी कभी हिंदुत्व की भी बात करते हैं। ग्रेटर नेपाल के नक्शे में भारत के सीमावर्ती हिस्से को दर्शाया गया है। यदि उनके राजनीति का केंद्र बिंदु यही है तो समझा जा सकता है कि सत्ता में आने पर इस पार्टी का भारत से कैसा रिश्ता हो सकता है। यह चुनाव शोसल मीडिया प्लेटफॉर्म ष्हामी नेपालष के संचालक सुडान गुरूंग और वालेन शाह की अग्निपरीक्षा है। वालेन शाह राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी से पूर्व पीएम केपी शर्मा ओली के खिलाफ झापा क्षेत्र संख्या पांच से चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं सुडान गुरूंग कुछ बड़ा करने के लिए गोरखा क्षेत्र संख्या एक से चुनाव लड़ रहे हैं। गोरखा क्षेत्र संख्या एक की बात करें तो यहां का चुनाव किसी के लिए भी आसान नहीं है। सुडान ओली के अपदस्थ होने के बाद अंतरिम सरकार के किंगमेकर की भूमिका में थे। पिछले कई चुनावी निराशाओं से थे के यहां के लोगों को इस बार सुडान से उम्मीद है। कुछ समय पहले तक सुडान की प्राथमिकता में राजनीति नहीं थी। जेन-जी आंदोलन ने अचानक उन्हें राष्ट्रीय पहचान दिला दी। आंदोलन के दौरान स्वयंसेवक के रूप में जुड़े सुडान, आंदोलन खत्म होते-होते सत्ता समीकरण में 'किंगमे. कर' की भूमिका तक पहुंच गए। सुशीला कार्की के नेतृत्व में बनी अंतरिम सरकार और मंत्रियों की नियुक्ति में उनकी प्रत्यक्ष भूमिका रही। जिस तेजी से वे राष्ट्रीय राजनीति में उभरे, उसी तेजी से आगे बढ़ पाएं तो नेपाल की राजनीति में यह एक परिवर्तन होगा जो नेपाल के मिजाज को रेखांकित करेगा।

झापा क्षेत्र संख्या पांच से वालेन शाह केपी शर्मा ओली के मुकाबले चुनाव लड़ रहे हैं। वे राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी की ओर से प्रधानमंत्री पद का चेहरा हैं। पिछले दिनों नेपाल के एक बड़े गुटखा व्यवसाई द्वारा गिफ्ट की गई मंहगी डिफेंडर गाणी को लेकर वे सुर्खियों में थे।अब उनके खिलाफ चुनाव आयोग में औपचारिक रूप से शिकायत दर्ज की गई है। वालेन शाह पर चुनावी आचार संहिता, प्रचलित कानूनों और लोकतांत्रिक मूल्यों के उल्लंघन का आरोप लगाया गया है। नेपाल के चुनाव में इस बार मधेश मुद्दा गायब है। लेकिन यह भी सच है कि मधेश फतह किए बिना किसी भी पार्टी के लिए सत्ता की कुर्सी आसान नहीं है। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी इसी के दृष्टिगत मधेश में अपेक्षाकृत अच्छे और योग्य उम्मीदवारों का चयन कर मैदान में उतारा है। अब वे कितना कामयाब हो पाएंगे, यह आकलन अभी मुश्किल है। नेपाल के मधेश क्षेत्र का 23 जिला भारत सीमा से सटा है। यहां की करीब 90 लाख की आबादी नेपाली भाषा के साथ हिंदी भाषी भी है। ए लोग खुद को भारत के करीब जुड़ा हुआ महसूस करते हैं। पूर्व में यहां के संसदीय क्षेत्रों का सीमांकन पूरब पश्चिम को था। तब मधेश से मधेशी उम्मीदवार ही चुनाव जीतते थे, वे चाहे जिस दल के हों। लोकतांत्रिक संविधान लागू होने के बाद इसका सीमांकन उत्तर दक्षिण की ओर कर दिया गया। इसके पीछे का मकसद यही था कि नेपाल की राजनीति में मधेश का वर्चस्व कम किया जाए। इस सीमांकन के खिलाफ मधेश में आंदोलन भी खूब हुआ लेकिन कोई असर नहीं डाल सकता। नए सीमांकन का नतीजा यह हुआ कि मधेशी उम्मीदवारों को पहाड़ के वोटरों पर निर्भर रहना मजबूरी हो गया। इसी तरह पहाड़ी उम्मीदवार को मधेश के वोटरों पर निर्भर रहना पड़ेगा। ऐसा हो जाने से पहाड़ और मधेश का भेद जरूर समाप्त हो गया लेकिन मधेश के नेताओं और मधेश आधारित राजनीतिक दलों का अस्तित्व भी समाप्त हो गया।राजशाही खत्म होने के बाद ढेर सारे मधेशी दलों का उदय हो गया था। ये दलें मधेशी समस्याओं के समाधान के नाम पर चुनाव जीतते रहे और इसी आधार पर भारत से भी निकटता बनाए रहे। मधेशी दलों ने मध. ेश और यहां के नागरिकों के भलाई के लिए तो कुछ नहीं किया, हां सत्ता की मलाई काटने के लिए वैचारिक रूप से अपने विरोधी दलों की सरकारों में मंत्री और अन्य उच्च पद जरूर हासिल करते रहे। नेपाल के विकास में मधेश का भी उतना ही योगदान है जितना पहाड़ी समाज का लेकिन सरकारी तौर पर इनकी उपेक्षा हर क्षेत्र में होती रही। राजशाही के जमाने से आज की लोकतांत्रिक सरकार में भी। मधेश के लोगों को लो. कतंत्र और संविधान से काफी अपेक्षाएं थीं लेकिन इन्हें परिवर्तन की जरा भी अनुभूति नहीं हुई।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



पश्चिम बंगाल। नादिया में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत सुनवाई के दौरान दस्तावेज की व्यवस्था करते लोग।

## न्यूजीलैंड में अंतर्राष्ट्रीय अभियान में 4.2 टन की कोकीन जब्त

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड सरकार की एजेंसियों ने फ्रांस के अधिकारियों के साथ मिलकर फ्रेंच पोलिनेशिया में एक बड़े अंतर्राष्ट्रीय अभियान के तहत 4.24 टन कोकीन जब्त की है। न्यूजीलैंड सीमा शुल्क सेवा, न्यूजीलैंड रक्षा दल (एनजेडडीएफ) और सरकारी संचार सुरक्षा ब्यूरो (जीसीएसबी) ने अमेरिका की ड्रग एनफोर्समेंट एजेंसी (डीईए) की सहायता से फ्रांसिसी अधिकारियों के साथ समन्वय कर सोमवार को एक जहाज को रोका और उस पर मौजूद 4-24 टन कोकीन को जब्त किया।

## अमेरिका के तीन जनवरी के हमले की जांच कर रहा वेनेजुएला

**काराकास।** वेनेजुएला के रक्षा मंत्री व्लादिमीर पैद्रीनो लोपेज ने कहा है कि प्रशासन अमेरिका के तीन जनवरी के सैन्य अभियान से जुड़े घटनाक्रम की जांच कर रहा है, जिसमें राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को हिरासत में लिया गया था। लोपेज ने अपने बयान में यह स्पष्ट नहीं किया कि यह जांच किस तरह की या किस स्तर की है लेकिन उन्होंने यह इशारा किया कि इस जांच से देश को सेना की बदलाव योजना को समझने, उसका आंकलन करने और उसमें जरूरी सुधार करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि अमेरिका के सैन्य अभियान में बेहद उच्च गुणवत्ता की तकनीक का इस्तेमाल हुआ था। लोपेज ने यह बयान वेनेजुएला के राष्ट्रीय गरिमा दिवस पर दिया।

# भारत किसी से भी तेल खरीदने के लिए आजाद: रूस

### कहा: इसमें कुछ भी गलत नहीं, भारत ने तेल खरीद रोकने की आधिकारिक जानकारी नहीं दी

**मास्को।** रूस ने कहा कि भारत किसी भी देश से क्रूड आयल खरीदने के लिए पूरी तरह आजाद है। रूस के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि रूस कभी भी भारत का एकमात्र एनर्जी पार्टनर नहीं रहा है। अगर भारत तेल की खरीद किसी और देश से करता है, तो इसे गलत नहीं माना जाना चाहिए।

पेस्कोव ने प्रेस कान्फ्रेंस में कहा कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद कर रहा है, इस तरह की कोई भी आफिशियल जानकारी भारत की ओर से नहीं दी गई है। उन्होंने एक दिन पहले भी यही बात कही थी कि नई दिल्ली से ऐसा कोई मैसेज नहीं आया है। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोमवार को कहा था कि भारत, अमेरिका के साथ हुई ट्रेड डील के तहत रूस से तेल खरीद रोकने को तैयार हो गया है। उन्होंने कहा था कि अमेरिका और भारत के बीच एक व्यापार समझौता हुआ है। इसके तहत भारतीय सामानों पर लगने वाला टैरिफ 50 प्रतिशत से घटकर 18 प्रतिशत हो गया है। उन्होंने दावा किया कि इसके बदले में भारत, रूस से तेल खरीदना बंद करेगा और व्यापार से



■ भारत रूस से तेल खरीदना बंद कर रहा है, इस तरह की कोई भी आफिशियल जानकारी भारत की ओर से नहीं दी गई

जुड़ी टैरिफ की रुकावटें भी कम करेगा। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने बुधवार को रूस और भारत के बीच हाइड्रोकार्बन व्यापार जारी रखने की बात कही। उन्होंने कहा भारत की रूसी हाइड्रोकार्बन की खरीद दोनों पक्षों के लिए फायदेमंद है। यह वैश्विक ऊर्जा बाजार में स्थिरता बनाए रखने में मदद करती है। हम अपने भारतीय साझेदारों के साथ निकट सहयोग जारी रखने के लिए तैयार हैं। इस बीच रूस के एनर्जी एक्सपर्ट्स का कहना है कि भारत के लिए रूसी तेल को पूरी तरह छोड़कर किसी और देश का तेल लेना आसान नहीं है। नेशनल एनर्जी सिक्योरिटी फंड के विशेषज्ञ इगोर युशकोव ने बताया कि अमेरिका जो तेल बेचता है, वह हल्का होता है, जबकि रूस, भारत को भारी और सल्फर वाला यूराल्स क्रूड सप्लाई करता है जिसका इस्तेमाल भारतीय रिफाइनरियां करती हैं।

उन्होंने कहा कि अगर भारत अमेरिका से हल्का तेल खरीदेगा, तो उसे दूसरे तेलों के साथ ब्लेंड (मिक्स) करना पड़ेगा, ताकि मशीनें ठीक से चल सकें। ऐसा करने पर भारतीय कंपनियों की लागत बढ़ जाएगी। यानी कि भारत को अमेरिकी तेल खरीदना ज्यादा महंगा पड़ेगा। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कच्चे तेल का उपभोक्ता है। भारत अपनी कुल जरूरत का लगभग 88 प्रतिशत कच्चा तेल विदेशों से आयात करता है। वहीं भारत सरकार ने गुरुवार को कहा कि देश की ऊर्जा सुरक्षा उसकी सबसे बड़ी प्राथमिकता है और तेल खरीद से जुड़े सभी फैसले राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखकर किए जाते हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि सरकार के लिए 140 करोड़ लोगों की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करना मेन टारगेट है।

## संक्षिप्त समाचार

### हथियार नहीं डालेंगे फिलिस्तीन के विरोधी गुट

**गाजा।** फलस्तीन के विरोधी गुटों ने इजरायल की मांग के बावजूद अपने हथियार अपने पास रखने का फैसला किया है। पीआईजे ने बुधवार को यह जानकारी देते कहा सभी विरोधी गुटों के बीच सहमति है कि वे फिलिस्तीनी लोगों के हथियार अपने पास ही रखेंगे। पीआईजे के उप-महासचिव मोहम्मद अल-हिन्दी ने एक बयान में कहा कि विरोधी गुटों के बीच आम सहमति है कि हम फिलिस्तीनी लोगों के हथियार अपने पास रखेंगे। हमने इन हथियारों के इस्तेमाल के संबंध में मध्यस्थों के साथ अपना लचीलापन साझा किया है।

### नाइजर की सेना ने एक हफ्ते में मारे 47 आतंकवादी

**नियामे।** नाइजर के रक्षा और सुरक्षा बलों ने बुधवार को कहा कि उन्होंने 26 जनवरी से एक फरवरी के बीच पूरे देश में लक्षित हवाई हमलों और लगातार जमीनी अभियानों के जरिए 47 आतंकवादियों को ढेर किया और 21 अन्य को गिरफ्तार किया है। राष्ट्रीय टेलीविजन टेली साहेल पर प्रसारित एक साप्ताहिक सूचना बुलेटिन के अनुसार, इन अभियानों के दौरान बड़ी मात्रा में उपकरण भी बरामद किए गए, जिनमें हथियार, गोला-बारूद, वाहन और ईंधन शामिल हैं।

### ताइवान की सीमा के नजदीक दिखे चीनी सैन्य जहाज और विमान

ताइपे। ताइवान के वायु क्षेत्र के पास गुरुवार को 12 चीनी विमान उघन भरते नजर आए जबकि क्षेत्रीय जलक्षेत्र के पास सात नौसैनिक जहाजों को देखा गया। ताइवान की रक्षा मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि गुरुवार की सुबह छह बजे तक तक 12 उड़ानों को देखा गया, जिनमें से 11 ने मध्य रेखा को पार किया और ताइवान के उत्तरी और दक्षिण-पश्चिमी वायु रक्षा पहचान क्षेत्र (एडीआईजेड) में प्रवेश किया। मंत्रालय ने कहा कि हमने स्थिति की निगरानी की और इसका जवाब दिया है।

# डोभाल की बैकडोर वार्ता के बाद अमेरिकी ट्रेड डील

### राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने स्पष्ट किया था भारत किसी भी तरह के दबाव में नहीं आएगा

**नई दिल्ली/वाशिंगटन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले साल सितम्बर की शुरुआत में चीन गए थे, जहां उन्होंने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से दोस्ताना मुलाकात की थी। इसके कुछ ही दिनों बाद भारत ने अमेरिका के साथ बिगड़ते रिश्तों को संभालने की कोशिशें तेज कर दीं।

इसी सिलसिले में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल को वाशिंगटन भेजा गया। वहां उन्होंने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो से मुलाकात की। यह जानकारी अमेरिकी मीडिया ब्लूमबर्ग ने सूत्रों के हवाले से दी है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, इस बातचीत में डोभाल ने साफ कहा कि भारत अमेरिका के साथ चल रही कड़वाहट को खत्म करना चाहता है और दोबारा ट्रेड डील पर बातचीत शुरू करने के लिए तैयार है। हालांकि, डोभाल ने यह भी स्पष्ट किया कि भारत किसी भी तरह के दबाव में नहीं आएगा। उन्होंने कहा कि अगर अमेरिकी राष्ट्रपति



■ भारतीय विदेश मंत्री ने कहा था- भारत झुकेगा नहीं, ट्रम्प के हटने का इंतजार करेंगे

डोनाल्ड ट्रम्प और उनकी टीम सख्त रुख अपनाती है, तो भारत मौजूदा सरकार के कार्यकाल के खत्म होने का इंतजार भी कर सकता है। भारत इससे पहले भी अमेरिका की मुश्किल सरकारों का सामना कर चुका है। पीएम मोदी पिछले साल सितम्बर में चीन दौरे पर गए थे, वहां उन्होंने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात की थी। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, डोभाल ने यह भी कहा था कि भारत चाहता है कि ट्रम्प और उनके सहयोगी भारत के खिलाफ खुलेआम बयान देना बंद करें, ताकि रिश्ते दोबारा पटरी पर आ सकें। उस वक्त भारत ट्रम्प के बयानों से नाराज था, क्योंकि अगस्त में ट्रम्प ने भारतीय सामान पर 50 प्रतिशत टैक्स लगा दिया था। ट्रम्प ने भारत की अर्थव्यवस्था को 'डेड' (मरी हुई) कहा था और आरोप लगाया था कि भारत रूस से तेल खरीदकर यूक्रेन युद्ध में मदद कर रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, डोभाल की इस बातचीत के कुछ ही दिनों बाद हालात बदलते दिखने लगे। 16 सितम्बर को ट्रम्प ने पीएम मोदी को उनके जन्मदिन पर फोन किया और उनके काम की तारीफ की। इसके बाद साल के अंत तक दोनों नेताओं के बीच चार बार और फोन पर बातचीत हुई। इसी दौरान दोनों देश टैक्स कम करने वाले समझौते की तरफ बढ़ते रहे। ट्रम्प ने सोमवार यानी 2 फरवरी को अचानक सोशल मीडिया पर बताया कि उन्होंने पीएम मोदी से फोन पर बातचीत की है और भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील हो गई है। इसके तहत भारतीय सामान पर अमेरिका का टैक्स घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। रूस से तेल खरीदने को लेकर भारत पर लगाया गया 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैक्स भी हटा लिया गया है। ट्रम्प ने कहा कि इसके बदले भारत अमेरिका से 500 अरब डालर का सामान खरीदेगा, वेनेजुएला से तेल लेगा और अमेरिकी सामान पर टैक्स पूरी तरह खत्म करेगा। हालांकि भारत सरकार ने इन बातों की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है और कोई लिखित समझौता भी सामने नहीं आया है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, इस ऐलान से नई दिल्ली में कई बड़े अधिकारी भी चौंक गए। यहां तक कि जो लोग ट्रेड बातचीत में शामिल थे, उन्हें भी उस दिन मोदी और ट्रम्प की काल के बारे में पहले से जानकारी नहीं थी। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत लगातार अमेरिका से रिश्ते सुधारने की कोशिश कर रहा था।

## रूस, यूक्रेन और अमेरिका के बीच 314 कैदियों की अदला-बदली पर बनी सहमति

**अबू धाबी।** रूस, यूक्रेन और संयुक्त राज्य अमेरिका के प्रतिनिधिमंडलों ने 314 युद्धबंदियों की अदला-बदली करने पर सहमति व्यक्त की है। अमेरिकी राष्ट्रपति के विशेष दूत स्टीव विटकोफ ने गुरुवार को यह महत्वपूर्ण घोषणा की। पिछले पांच महीनों में दोनों देशों के बीच यह अपनी तरह का पहला कैदी विनिमय समझौता है। अबू धाबी में इन दिनों चल रही शांति वार्ता का एक बड़ा परिणाम माना जा रहा है। विटकोफ ने सोशल मीडिया पर जानकारी देते हुए बताया कि यह सफलता दो दिनों तक चली 'विस्तृत और उत्पादक' शांति वार्ता के बाद हासिल हुई है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि हालांकि यह एक सकारात्मक कदम है, लेकिन पूर्ण शांति की दिशा में अभी भी 'महत्वपूर्ण कार्य' किया जाना शेष है। उन्होंने संकेत दिया कि आगामी हफ्तों में और अधिक प्रगति की उम्मीद है और चर्चा जारी रहेगी। गौरतलब है कि अबू धाबी में अमेरिका की मध्यस्थता में चल रही इस वार्ता का दूसरा दौर बुधवार को शुरू हुआ था। इससे पहले 24 जनवरी को आयोजित पहले दौर की बैठक बिना किसी ठोस समझौते या संयुक्त बयान के समाप्त हो गई थी।

## अमेरिका राजी, मस्कट में शुक्रवार को होगी ईरान से बैठक

**काहिरा।** ईरान और अमेरिका के बीच लंबे समय से जारी तनाव के बीच दोनों देश शुक्रवार को ओमान की राजधानी मस्कट में वार्ता करने पर सहमत हो गए हैं। अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। पिछले कुछ दिनों से वार्ता के स्थान और एजेंडे को लेकर दोनों पक्षों में सार्वजनिक मतभेद सामने आ रहे थे, जिससे आपसी गहरे मतभेद उजागर हुए थे। ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर बताया कि वार्ता शुक्रवार को स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 10 बजे मस्कट में होगी।

उन्होंने आवश्यक व्यवस्थाएं करने के लिए ओमान का आभार भी जताया। इसके तुरंत बाद कई पश्चिमी मीडिया संस्थानों ने बताया कि कम से कम नौ पश्चिम एशियाई देशों के हस्तक्षेप और आग्रह के बाद अमेरिका ने ओमान में वार्ता के लिए सहमति दे दी है। इस घोषणा से पहले अमेरिकी मीडिया में खबर आई थी कि स्थान और प्रारूप को लेकर मतभेदों के कारण वार्ता रद्द भी हो सकती है। इससे पहले दोनों पक्षों के बीच शुक्रवार को तुर्की के इस्तांबुल में बैठक करने पर सहमति बनी थी, जिसमें कुछ पश्चिम एशियाई देशों को पर्यवेक्षक के रूप में शामिल होना

■ इस घोषणा से पहले अमेरिकी मीडिया में खबर आई थी कि स्थान और प्रारूप को लेकर मतभेदों के कारण वार्ता रद्द भी हो सकती है

था। ईरान ने मंगलवार को कथित तौर पर प्रस्ताव दिया था कि वार्ता को ओमान स्थानांतरित किया जाए और इसे केवल परमाणु मुद्दों पर केंद्रित द्विपक्षीय प्रारूप में आयोजित किया जाए। इससे पहले बुधवार को अमेरिकी मीडिया आउटलेट एक्सिओस ने दो अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से बताया कि अमेरिका ने ईरान की इस शर्त को खारिज कर दिया था। रिपोर्ट के अनुसार, एक वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि हमने उनसे कहा कि या तो मूल व्यवस्था पर बात होगी या फिर कुछ नहीं, और उन्होंने कहा कि फिर कुछ नहीं। अधिकारी ने यह भी कहा कि यदि ईरान मूल व्यवस्था पर लौटता है तो अमेरिका आने वाले दिनों में वार्ता के लिए तैयार है, लेकिन चेतावनी दी कि यदि किसी समझौते तक नहीं पहुंचा गया तो अमेरिका अन्य विकल्पों पर विचार कर सकता है, जिनमें सैन्य कार्रवाई भी शामिल है। इस नाजुक कूटनीतिक प्रयास की पृष्ठभूमि में क्षेत्र में सैन्य तनाव भी तेजी से बढ़ा है।

## अमेरिका अखबार में छंटनी:शशि थरूर के बेटे की नौकरी गई

**वाशिंगटन।** अमेरिका के मशहूर अखबार वाशिंगटन पोस्ट ने बुधवार को 800 पत्रकारों में से 300 कर्मचारियों की छंटनी कर दी है। इसमें सीनियर कालमिस्ट ईशान थरूर भी शामिल हैं।

वे कांग्रेस सांसद शशि थरूर के बेटे हैं। ईशान ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि वाशिंगटन पोस्ट ने इंटरनेशनल टीम के कई शानदार पत्रकारों के साथ उन्हें भी नौकरी से निकाल दिया है। यह न्यूज रूम के लिए बेहद दुखद दिन है। एग्जीक्यूटिव एडिटर मैट मरे ने बताया कि जेफ बेजोस की कंपनी पिछले कई सालों से घाटे में चल रही थी। इस छंटनी में स्पोर्ट्स सेक्शन पूरी तरह बंद कर दिया गया है, हालांकि कुछ रिपोर्टर फीचर्स डिपार्टमेंट में

■ वाशिंगटन पोस्ट ने 300 स्टाफ को निकाला, स्पोर्ट्स सेक्शन बंद, भारत में पूरी टीम खत्म

शिफ्ट होकर स्पोर्ट्स की कल्चर कवरेज जारी रखेंगे। लोकल न्यूज सेक्शन छोटा हो जाएगा, बुक्स सेक्शन बंद हो जाएगा और डेली न्यूज पाडकास्ट 'पोस्ट रिपोर्ट्स' भी खत्म हो जाएगा। वाशिंगटन पोस्ट ने मिडिल ईस्ट, इंडिया और आस्ट्रेलिया से भी रिपोर्टर और एडिटर निकाल दिए हैं। ईशान थरूर ने एक पोस्ट में खाली पड़े न्यूज रूम की तस्वीर साझा करते हुए छंटनी को बुरा दिन बताया। एग्जीक्यूटिव एडिटर मैट मरे ने कर्मचारियों से कहा कि अखबार पाठकों की जरूरतों को पूरा नहीं कर पा रही है।

# बलूचिस्तान में पाक सेना का ऑपरेशन खत्म

### 216 लड़ाके ढेर करने का दावा, 50 से ज्यादा नागरिक-सैनिक हताहत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी सेना ने गुरुवार को जानकारी दी कि अशांत बलूचिस्तान प्रांत में विद्रोहियों के खिलाफ चलाए गए अभियान में 216 विद्रोही मारे गए हैं। हालांकि, कई दिनों तक चले इस खूनी संघर्ष में 36 आम नागरिकों और सेना के 22 जवानों को भी अपनी जान गंवानी पड़ी।

सेना की मीडिया विंग, इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने एक बयान दावा किया कि 26 जनवरी को शुरू किया गया 'रद-उल-फितना-1' नाम का यह आपरेशन अब सफलतापूर्वक पूरा हो चुका है। सेना ने बताया कि पंजगुर और हरनाई जिले के बाहरी इलाकों में विद्रोहियों के छिपे होने की पक्की खुफिया जानकारी मिली थी। इसके बाद सुरक्षा बलों ने

■ इसके बाद सुरक्षा बलों ने वहां कार्रवाई शुरू की

वहां कार्रवाई शुरू की। सेना ने विद्रोहियों के ठिकानों पर हमला बोला, जिसमें शुरुआत में 41 विद्रोही मारे गए। बाद में सुरक्षा बलों की जवाबी कार्रवाई और सफाई अभियान के दौरान कुल 216 विद्रोहियों को मार गिराया गया। सेना का दावा है कि इस कार्रवाई से विद्रोही नेटवर्क के नेतृत्व, उनके कमांड स्ट्रक्चर और काम करने की क्षमता को भारी नुकसान पहुंचा है। इस बीच, पाकिस्तान रेलवे के प्रवक्ता मुहम्मद काशिफ ने बताया कि पांच दिनों तक बंद रहने के बाद बलूचिस्तान में रेल सेवा फिर से बहाल कर दी गई है। हमलों के दौरान कई जगहों पर रेलवे ट्रैक को नुकसान पहुंचा था, जिससे सुरक्षा कारणों से क्वेटा से ट्रेनों की आवाजाही रोक दी गई थी। अब मरम्मत के बाद यातायात सामान्य हो रहा है। उधर, पाकिस्तान की नेशनल असेंबली ने मंगलवार को एक प्रस्ताव पास किया। इसमें सरकार से मांग की गई कि वह विद्रोही और उसे मदद देने वालों के खिलाफ एक सख्त और आक्रामक राष्ट्रीय रणनीति अपनाए। गौरतलब है कि ईरान और अफगानिस्तान सीमा से सटा बलूचिस्तान लंबे समय से हिंसा का केंद्र रहा है। यहां बलूच विद्रोही अक्सर 60 अरब डालर वाले चीन-पाकिस्तान इकोनामिक कारिडोर (सी-पैक) प्रोजेक्ट्स को निशाना बनाते हैं।

## पाक के डिप्टी स्पीकर रहे कासिम सूरी यूएस में चला रहे टैक्सी

**वाशिंगटन।** पाकिस्तान की नेशनल असेंबली के पूर्व डिप्टी स्पीकर और पीटीआई के वरिष्ठ नेता कासिम खान सूरी का एक वीडियो सामने आया है, जिसने हर किसी को हैरान कर दिया। कभी पाकिस्तानी संसद के सत्र की अध्यक्षता करने वाले सूरी ने खुलासा किया है कि वे अपना पेट भरने के लिए इन दिनों अमेरिका में उबर टैक्सी चला रहे हैं। हाल ही में पीटीआई की अमेरिकी शाखा के साझा किए गए एक वीडियो में सूरी ने अपनी आपबीती सुनाई। उन्होंने बताया कि उन्हें भारी आर्थिक संकट का सामना करना पड़ा है। सूरी का आरोप है कि जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान का समर्थन करने की वजह से उन्हें राजनीतिक उत्पीड़न झेलना पड़ा।

## अमेरिकी कोर्ट का फैसला ओरेगन में बिना वारंट अप्रवासी को गिरफ्तार नहीं कर सकेंगे आईसीई ऐजेंट

**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका के ओरेगन राज्य के पोर्टलैंड में एक फेडरल जज ने बुधवार को अहम फैसला सुनाया। उन्होंने कहा कि ओरेगन में अमेरिकी इमिग्रेशन एजेंटों को बिना वारंट के अप्रवासी लोगों को गिरफ्तार करना बंद करना होगा, जब तक कि उनके भागने की संभावना न हो। अमेरिकी डिस्ट्रिक्ट जज मुस्तफा कसुभाई ने इस मामले में शुरुआती रोक लगा दी है। यह फैसला एक प्रस्तावित क्लास-एक्शन मुकदमे के बाद आया है। यह मुकदमा होमलैंड सिक्योरिटी विभाग के उस तरीके के खिलाफ था, जिसमें वे अप्रवासी को देखते ही पकड़ लेते थे। आलोचकों ने इसे 'पहले गिरफ्तार करो, बाद में सही ठहराओ' वाली नीति बताया है।

# अमेरिका रूस के परमाणु हथियारों पर कोई सीमा नहीं

### ये वे दो देश हैं, जिनके पास परमाणु हथियारों के वैश्विक भंडार का बहुतायत: एंटोनियों गुटेरेस

नई दिल्ली। पांच फरवरी की आधी रात न्यू स्टार्ट संधि की समाप्ति अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए एक गंभीर क्षण है जो शीत युद्ध के बाद पहली बार अमेरिका और रूस के बीच एक अनियंत्रित परमाणु हथियारों की शृंखला या होड़ की संभावना को जन्म देती है।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि आधी सदी से भी अधिक समय में पहली बार, हम एक ऐसी दुनिया का सामना कर रहे हैं, जहां रूसी संघ और अमेरिका के सामरिक परमाणु शस्त्रागार पर कोई भी बाध्यकारी सीमा लागू नहीं है। ये वे दो देश हैं, जिनके पास परमाणु हथियारों के वैश्विक भंडार का बहुतायत है। पांच दशकों से ज्यादा समय में पहली बार, दुनिया की दो परमाणु महाशक्ति के पास मौजूद लंबी दूरी के परमाणु हथियारों पर कोई आधिकारिक सीमा नहीं है। यह स्थिति 1972 के बाद से



■ इसने स्थिरता कायम की और जब इसे अन्य उपायों के साथ जोड़ा गया तो इसने विनाशकारी गलतफहमी को रोका

नहीं देखी गई है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन और सोवियत नेता लियोनिद ब्रेझनेव ने मॉस्को में ऐतिहासिक हथियार नियंत्रण समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। शस्त्र नियंत्रण के दशकों के प्रयासों पर विचार करते हुए गुटेरेस ने कहा कि शीत युद्ध के दौरान और उसके बाद के समय में इन सरकारों के बीच परमाणु शस्त्र नियंत्रण ने तबाही रोकने में मदद की। इसने स्थिरता कायम की और जब इसे अन्य उपायों के साथ जोड़ा गया तो इसने विनाशकारी गलतफहमी को रोका। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इसने राष्ट्रीय शस्त्रागारों से हजारों परमाणु हथियारों की कटौती को सुगम बनाया। महासचिव ने अमेरिका-रूस से राजनयिक बातचीत करने की अपील की, ताकि बिना रोक-टोक के दुनिया में परमाणु विस्तार की वापसी रोकी जा सके। अनिश्चितता के इस समय में भी हमें उम्मीद ढूंढ़नी चाहिए। यह तेजी से बदलते माहौल के लिए एक शस्त्र नियंत्रण प्रणाली को पुर्नस्थापित करने और बनाने का मौका है। रूस ने कुछ समय के लिए मौजूदा स्थिति बनाए रखने की इच्छा जताई। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन संधि खत्म होने के बाद एक और साल तक 'न्यू स्टार्ट' की सीमाओं का पालन करने को तैयार हैं, बशर्ते अमेरिका भी ऐसा करे। रूस के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने 29 जनवरी को कहा कि अमेरिका ने अभी तक इस प्रस्ताव पर कोई जवाब नहीं दिया है। गुटेरेस ने आखिर में कहा कि दुनिया अब रूसी गणराज्य और अमेरिका से उम्मीद कर रही है कि वे अपनी बातों को कार्रवाई में बदलें। गुटेरेस ने आगे कहा कि मैं दोनों देशों से आग्रह करता हूं कि वे बिना किसी देरी के बातचीत की मेज पर लौटें और एक ऐसे ढांचे पर सहमत हों जो सत्यापन योग्य सीमाओं को बहाल करे, जोखिमों को कम करे और हमारी साझा सुरक्षा को मजबूत करे। चीन ने अमेरिका से बातचीत की अपील की है।

